

- राज्यसभा में विपक्ष का हंगामा कहा- संसद के बजाय वाशिंगटन से क्यों मिल रही है जानकारी- 10



- अमेरिका के साथ व्यापार समझौते से उद्योगों को तेज वृद्धि की उम्मीद - 10



- ट्रंप के दावों का रूस ने दिया जवाब, भारत ने तेल क्रय से मना नहीं किया - 11



- अफगानिस्तान के खिलाफ जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगा भारत - 12


आज का मौसम
23.0° अधिकतम तापमान
10.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.58
सूर्यास्त 05.54

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| बरेली |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
- लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर
- मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

फाल्गुन कृष्ण पक्ष तृतीया 12:09 उपरांत चतुर्थी विक्रम संवत 2082

बुधवार, 4 फरवरी 2026, वर्ष 7, अंक 71, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये



ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
(A UNIT OF ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE)

रोहिलखण्ड कैंसर इंस्टीट्यूट बरेली

कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे

NABH ACCREDITED
A unit of Rohilkhand Medical College

On the Occasion of World Cancer Day - 4th February
Free Consultation
Breast Cancer Mammography
Rs 200/- only
Cervical cancer testing
Rs 100/- only

200 BED का Cancer अस्पताल पिछले 5 वर्षों से आपकी सेवा में




रेडियोथेरेपी के लिए वेरियन ट्रूबीम एसटीएक्स (लीनियर एक्सलरेटर)

High Definition MLC, SRS, SBRT, IMRT, IGRT, Rapid ARC, RGSC, VMAT, 3D CRT, 6D Couch, 3 Energy Phototherapy 5 Energy Electron Therapy



- बरेली का एकमात्र PET CT
- पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए

- प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
- मुख्यमंत्री राहत कोष योजना द्वारा फ्री में इलाज की सुविधा

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना आयुष्मान भारत PM-JAY



Academic Programmes
M.D. Radiation Oncology (4 Seats)
Diploma in Radiotherapy Technician (30 Seats)
Fellowship in Oral Oncology & Reconstructive Surgery (3 Seats)

अधिक जानकारी के लिए QR कोड स्कैन करें

हमारी सेवाएं

● सर्जिकल ऑन्कोलॉजी ● रेडिएशन ऑन्कोलॉजी ● डे केयर कीमो थेरेपी ● इम्यूनोथेरेपी ● कैंसर आईसीयू ● फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकैमिस्ट्री ● मैमोग्राफी ● कैंसर के रोकथाम की ओपीडी ● टर्मिनल कैंसर मरीजों की देखभाल ● इण्टरवेशनल रेडियोलॉजी ● पैलिएटिव केयर ● End of Life Care

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस, नजदीक सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली उ.प्र. 243006
हैल्पलाइन : 7891235003, पैट सीटी बुकिंग के लिए : 91 9811187117, आपातकालीन 9258116087

Home Visit Also Available upto 20 Kms (Radius) From hospital
Just ₹ 2000/-
For More Info Call Us 95209 78926
Teleconsultation also available on patient's request

www.rohilkhandcancerinstitute.com Follow us in : /rohilkhand cancer institute

# प्रीपेड मीटर व बिलिंग पर व्यापारियों ने उठाए सवाल, सिक्योरिटी राशि वापस करने की मांग

## उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने बिजली समस्याओं को लेकर अधिशासी अभियंता को सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश की ओर से बिजली से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को लेकर जिला अध्यक्ष सौमित्र गुप्ता के नेतृत्व में अधिशासी अभियंता अनुज प्रताप सिंह को ज्ञापन सौंपा गया। जिला अध्यक्ष सौमित्र गुप्ता एवं महानगर अध्यक्ष मो. सलाहुद्दीन अख्तर के संयुक्त नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में प्रीपेड मीटर व्यवस्था, बिलिंग प्रणाली, शिकायत निस्तारण और बिजली कटौती से संबंधित बिंदुओं पर विस्तार से आपत्तियां दर्ज कराई गईं।

ज्ञापन में मांग की गई कि प्रीपेड मीटर लगाए जाने से पूर्व विभाग में जमा कराई गई सिक्योरिटी राशि उपभोक्ताओं को वापस की जाए, क्योंकि यह राशि उधार बिजली देने के आधार पर ली जाती थी। प्रीपेड मीटर प्रणाली लागू होने के बाद सिक्योरिटी राशि जमा रखने का कोई औचित्य नहीं रह जाता।



ज्ञापन पढ़कर सुनाते उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारी व व्यापारी।

साथ ही यह भी मांग की गई कि प्रीपेड मीटर लगाए जाने के बाद फिक्स चार्ज, मिनिमम चार्ज और इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी समाप्त कर केवल उपभोग की गई विद्युत यूनिट के आधार पर ही बिल की गणना की जाए। मकान बंद रहने या बिजली उपयोग न होने की स्थिति में मिनिमम चार्ज और फिक्स चार्ज पूर्ण रूप से समाप्त किए जाने की मांग भी की गई। व्यापारियों ने ज्ञापन में यह भी कहा कि प्रीपेड मीटर लगाए जाने से पूर्व मीटर की जांच लीगल मेट्रोलॉजी विभाग की ओर से कराई जाना अनिवार्य किया जाए और विभागीय नियमों के अनुसार प्रत्येक वर्ष मीटर जांच सुनिश्चित की जाए। मीटर की जांच की जिम्मेदारी विक्रेता के रूप में विद्युत विभाग की तय की जाए। मीटर लगाते समय उपभोक्ता को मीटर का मैनुअल और गारंटी कार्ड अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने की मांग भी उठाई गई। बिजली कटौती को लेकर ज्ञापन में रोस्टर घोषित कर उसकी जानकारी सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराने तथा अघोषित बिजली कटौती पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की गई। अधिशासी अभियंता और उपखंड अधिकारी कार्यालय में प्रार्थनापत्र जमा करने पर रिसीविंग न दिए जाने पर आपत्ति जताते हुए निर्देश देने की मांग की गई कि प्रत्येक प्रार्थनापत्र पर अनिवार्य रूप से रिसीविंग दी जाए। विद्युत आपूर्ति और बिल सुधार से संबंधित शिकायत दर्ज करते समय शिकायत पर्ची बनाकर उसकी एक प्रति उपभोक्ता को दिए जाने की मांग रखी गई।

- प्रीपेड मीटर से जुड़े नियमों में बदलाव की मांग
- बिल सुधार, कटौती रोस्टर और शिकायत व्यवस्था पर जोर

### नहीं दिया जाता सीलिंग प्रमाण पत्र

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि मीटर लगाते या उतारते समय मौके पर सीलिंग सर्टिफिकेट नहीं दिया जाता, जिससे उपभोक्ताओं का उत्पीड़न और भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलता है। मांग की गई कि 100 प्रतिशत मामलों में मौके पर ही सीलिंग सर्टिफिकेट दिया जाए। मीटर बदलने के बाद लैब जांच के आधार पर उपभोक्ताओं पर विद्युत चोरी जैसे गंभीर आरोप लगाकर एफआईआर और भारी जुर्माने की कार्रवाई की जाती है, जबकि समय पर मीटर जांच नहीं होती। सीलिंग सर्टिफिकेट न मिलने से मीटर जांच की तिथि, समय और स्थान की जानकारी उपभोक्ता को नहीं मिल पाती, जिससे भ्रष्टाचार और उत्पीड़न की स्थिति बनती है। इस पर कठोर नियंत्रण की मांग की गई। औद्योगिक उपभोक्ताओं के बिलों में पोर्टल पर दर्शाई गई राशि और वास्तविक बिल राशि में अंतर पाए जाने का मुद्दा भी उठाया गया और निर्देश दिए जाने की मांग की गई कि पोर्टल और बिल में एक ही राशि दर्शाई जाए। इस अवसर पर जिला वरिष्ठ महामंत्री सुशील कुमार गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष राजेंद्र गुप्ता, अजय गुप्ता, गोपाल सक्सेना, रफी खान, मोहनीस खान, पवन गुप्ता, बब्बन शाह, नफीस खान, राजा, कलाम, वीरपाल वर्मा, मो. नादीम, संजीव गुप्ता, शुभम मिश्रा, संदीप दीक्षित, जितेंद्र अरोड़ा सहित अन्य व्यापारी उपस्थित रहे।

# नाबार्ड निरीक्षण में वित्तीय सुदृढ़ीकरण पर हुआ मंथन



बैठक में मौजूद बैंक अध्यक्ष डीपीएस राठौर व नाबार्ड टीम। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** जिला सहकारी बैंक लिमिटेड, शाहजहांपुर के अटल सभागार में बैंक अध्यक्ष डीपीएस राठौर की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बोर्ड बैठक आयोजित की गई। यह बैठक नाबार्ड की ओर से किए जा रहे सांविधिक निरीक्षण के दौरान संपन्न हुई।

बैठक में नाबार्ड की निरीक्षण टीम और बैंक प्रबंधन के बीच वित्तीय प्रबंधन, जोखिम बचाव और बैंक की कार्यप्रणाली को अधिक सुदृढ़ बनाने को लेकर गहन मंथन हुआ। साथ ही बैंकिंग विनियमन के अंतर्गत आवश्यक अनुपालनों की जानकारी दी गई और बैंकिंग क्षेत्र में संभावित जोखिमों की पहचान कर उनसे बचाव के लिए जरूरी सुझाव साझा किए गए, ताकि बैंक की कार्यप्रणाली सुरक्षित और पारदर्शी बनी रहे। इस अवसर पर बैंक अध्यक्ष डीपीएस राठौर ने कहा कि बैंक प्रबंधन इन सुझावों को गंभीरता से अपनाकर बैंक को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने खाताधारकों के हितों की सुरक्षा और बैंक की वित्तीय मजबूती को प्राथमिकता देने की बात कही। बैठक में सहायक आयुक्त सहकारिता अखिलेश प्रताप सिंह, मुख्य कार्यपालक अधिकारी सौरभ दिवेदी, डीसीबी उपाध्यक्ष अजय कुमार प्रजापति, नाबार्ड के निरीक्षण अधिकारी अनमोल त्यागी, बैंक डायरेक्टर अनुराग सिंह कठेरिया, नीतू सिंह, रोशनी देवी, पूनम मिश्रा, केके वर्मा, अरुण सिंह, उपमहाप्रबंधक राजेश कुशवाहा मौजूद रहे।

- जोखिम प्रबंधन व अनुपालन पर बोर्ड बैठक में विस्तृत चर्चा

## न्यूज ब्रीफ

### किशोरी से छेड़छाड़ का आरोपी भेजा जेल

**सेहरामऊ दक्षिणी, अमृत विचार :** किशोरी से छेड़छाड़ के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने बताया कि 29 जनवरी को उनकी बेटी अपने घर के पास रहने वाले एक व्यक्ति के घर से आ रही थी। रास्ते में गांव के ही शहजाद ने उनकी बेटी को पकड़ लिया और छेड़छाड़ करने लगा। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### मारपीट व धमकी देने का आरोप लगाया

**कांट, अमृत विचार :** क्षेत्र के नगला बनवारी निवासी अरुण सिंह पुत्र सत्यपाल ने कुछ लोगों पर मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए कोतवाली प्रभारी निरीक्षक को शिकायती पत्र सौंपा है। पीड़ित ने बताया कि 31 जनवरी की शाम को वह अपने खेत पर मौजूद था। इसी दौरान गांव के ही तीन भाइयों ने उसका मोबाइल फोन ले लिया। मांगने पर आरोपियों ने गालियां देते हुए उसके साथ मारपीट की। सोमवार को आरोपियों से फोन मांगा तो वे 500 रुपये मांगने लगे। आरोपी लगातार पीड़ित को धमकी दे रहे हैं। पीड़ित ने तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है।

### दहेज के लिए बहू को घर से निकाला

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला गदियाना निवासी उपासना प्रजापति ने थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि दो साल पहले शादी गौरव प्रजापति निवासी केशवपुर थाना पूरनपुर जिला पीलीभीत के साथ हुई थी। उसके मायके वालों ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया था। दहेज से ससुराल वाले संतुष्ट नहीं हुए। ससुराल वालों ने कहा था कि दहेज में बाइक नहीं दी तो बरात नहीं करेंगे। किसी तरह शादी में बाइक दे दी। कुछ माह बाद ससुराल वालों ने कहा कि मायके से तीन लाख रुपये मंगाकर दो। उसने ससुराल वालों से कहा कि मायके वाले अब तीन लाख रुपये नहीं दे पाएगे। आरोप है कि ससुराल वालों ने दो माह पूर्व मारा पीटा और घर से निकाल दिया। प्रभारी निरीक्षक बजेश सिंह ने बताया पति गौरव समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### होली का पर्व शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** होली पर्व के दृष्टिगत थाना सदर बाजार में पीस कमेटी की बैठक हुई। एएसपी देवेंद्र कुमार ने कहा कि होली का पर्व शान्तिपूर्ण ढंग से मनाएं। ऐसा कोई कार्य न करें, जिससे लोगों दिलों मे ठेस पहुंचे। उन्होंने कहा कि अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जुलूस और चौराहे आदि स्थानों पर पुलिस फोर्स तैनात रहेगा। संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता वरती जाएगी। किसी भी संदिग्ध गतिविधि अथवा असामाजिक तत्वों को सूचना तत्काल पुलिस को दे। नगर आयुक्त ने कहा कि रंग वाले दिन पानी की सप्लाई पूरे दिन रहेगी।

# हाई मास्ट लाइट के खुले तार बने जानलेवा खतरा

तिलहर, संवाददाता

**अमृत विचार :** नगर क्षेत्र में नागरिकों और राहगीरों की सुविधा के लिए लगाए गए पथ प्रकाश और हाई मास्ट लाइटें लापरवाही के चलते अब खतरे का कारण बनती जा रही हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के मुख्य द्वार पर नगर पालिका सुलभ शौचालय के निकट लगे हाई वोल्टेज हाई मास्ट लाइट के खुले तारों से कभी भी घटना हो सकती है।

हाई मास्ट लाइट के खंभे को विद्युत प्रवाह देने के लिए लगभग दस मीटर दूर स्थित विद्युत ट्रांसफार्मर से सीधा तार जोड़ दिया गया है। वहीं खंभे में लगे तारों के बक्से का ढक्कन चौबीसों घंटे खुला रहता है और तार जमीन से कुछ ही इंच ऊपर झूल रहे हैं। ऐसे में राहगीरों के साथ-साथ आसपास घूमने वाले गोवंश के भी करंट की चपेट में आने की पूरी आशंका बनी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस स्थान से दिन-रात लोगों का आना-जाना रहता है, बावजूद इसके न तो विद्युत विभाग और न ही नगर पालिका की ओर से कोई सुध ली जा रही है। खुले तारों के कारण कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। राष्ट्रीय गो रक्षक संघ के मंडल उपाध्यक्ष अमर सिंह यादव ने विद्युत विभाग और नगर पालिका से तत्काल खुले तारों को सुरक्षित करने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसी गोवंश की जान गई तो संगठन चुप नहीं बैठेगा और जिम्मेदार विभागों के खिलाफ आंदोलन किया जाएगा।




हाई मास्ट लाइट के खंभे पर खुले तार।

- राष्ट्रीय गोरक्षक संघ ने दी आंदोलन की चेतावनी

# जमीन पर अवैध कब्जा करने का प्रयास, शिकायत

**खुटार, अमृत विचारः** गांव मोहनपुर में महिला की जमीन पर जबरन अवैध कब्जा कराने की नीयत से सामान रखवा दिया गया और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी गई। महिला ने नामजद कर पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के गांव मोहनपुर निवासी प्रमोद कुमार की पत्नी मुन्नी देवी ने को बताया कि उनके पूर्वजों ने गांव में ही एक व्यक्ति को जमीन दी थी। जिस पर व्यक्ति निवास कर रहा था। अब जमीन खाली कर दी है। सोमवार को गांव के ही एक व्यक्ति ने अपने बेटे के साथ उसकी जगह पर कब्जा कराने की नीयत से सामान रखवा दिया। विरोध करने पर अभद्र व्यवहार किया और धक्का मुक्की की। उक्त लोगों ने हरिजन एक्ट के झूठे मुकदमे के मामले में फंसा देने की धमकी दी है।

# परामर्श केंद्र पर दपंतियों का समझौता

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** पुलिस लाइन में परिवार परामर्श केंद्र पर दो दंपतियों का समझौता हुआ। थाना सदर बाजार के एक महिला मायके मे एक माह से रह रही थी। महिला का पति मारपीट करता था। खर्चे हेतु पैसा नही दे रहा था। इसी बात को लेकर कहासुनी हो गयी थी। महिला अपने मायके चली आयी थी। दोनों पक्ष एक साथ रहने को तैयार हो गए।. थाना तिलहर क्षेत्र एक महिला अपने मायके मे रह रही थी। महिला का पति खाना खर्चे हेतु पैसा नही दे रहा था । इसी बात को लेकर दोनो के मध्य कहासुनी हो गयी थी। दोनों पक्ष एक साथ रहने को तैयार हो गए।

# स्मैक का पाउडर समेत तस्कर गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कटरा पुलिस ने एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 54 ग्राम स्मैक का पाउडर बरामद किया है। कटरा पुलिस को सोमवार की दोपहर बाद सूचना मिली कि हुलासनगला पुल के निकट एक मादक पदार्थ तस्कर खड़ा हुआ और किसी का इंतजार कर रहा है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया तस्कर मुजीब निवासी नादिर शाह थाना कटरा है।

# इबादत, तिलावत और मगफिरत की दुआओं में गुजरी शब-ए-बरात

कार्यालय संवाददाता

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जिले में मंगलवार को पुर खुलूस तरीके से शब-ए-बरात मनाई। सभी मस्जिदें, मदरसे और घर लाइटों से रोशन रहे। पूरी रात अल्लाह की इबादत, कुरआन की तिलावत और दुनिया से रुखसत हो गए अपने प्यारों की कब्रों पर गुजरी और उनके लिए मगफिरत के साथ ही वतन की खुशहाली व अमन-चैन की दुआ मांगी। इससे पहले घरों में पकवान बनाकर फातिहा की गई। फिर सुबह तहज्जुद की नमाज के बाद सेहरी की और रोजा रखा।

शब-ए-बरात के मौके पर मंगलवार की सारी रात मस्जिदों और घरों में इबादत और फातेहा पढ़ने का सिलसिला चलता रहा। उससे पहले शाम में हलवा बनाया गया और फातेहा पढ़ी गई। पूरे दिन घरों में महिलाएं तैयारियों में जुटी रहीं। शाम को मगरिब की नमाज पढ़ने के बाद से ही इबादत का सिलसिला शुरू हो गया। इशा की नमाज के बाद लोगों ने कब्रिस्तानों व इबादतगाहों का रुख किया। जहां लोगों ने दुनिया से रुखसत हो चुके अपने बुजुर्गों, परिवार के सदस्य रहे और रिश्तेदारों की कब्रों पर मोमबत्तियां जलाकर रोशनी की। फिर हाथ उठाकर उनकी मगफिरत की दुआ मांगी।



शब-ए-बरात पर जलाल नगर के मजार व कब्रिस्तान में की गई रोशनी व सजावट।

- शहर भर में रोशन रहे मस्जिद और घर, सारी रात चला इबादत और फातेहा पढ़ने का सिलसिला

# नगर आयुक्त ने निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण किया

**शाहजहांपुर, अमृत विचार।** नगर आयुक्त डॉ विपिन कुमार मिश्र ने दीवान जोगराज में निर्माणाधीन रोड का निरीक्षण किया। सम्बंधित को निर्देशित किया गया कि निर्माण कार्य को ससमय पूर्ण करने के निर्देश दिए।

इसके बाद उन्होंने लोधीपुर में सफाई कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय सफाई व्यवस्था देखी, सम्बंधित को निर्देशित किया गया कि सफाई व्यवस्था बेहतर रखने हेतु नियमित सफाई कार्य कराए। साथ ही एक सूखा व गीला कचरा अलग-अलग कर नगर निगम द्वारा संचालित कूड़ा वाहन गाड़ी को देने की अपील की। महानगर क्षेत्र के रेती रोड पर ग्रीन वैली स्कूल के सामने वाली रोड पर जल भराव की समस्या के निस्तारण के लिए सफाई कार्य का निरीक्षण किया।

# फंदे पर लटक कर गुरुद्वारा कर्मी ने दी जान

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार :** खुटार थाना क्षेत्र के गांव मलिका निवासी युवक ने घर में बने कमरे में फंदे पर लटक कर जान दे देगी। मंगलवार दोपहर को जब परिजनों ने देखा तो कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

गांव मलिका निवासी रामप्रसाद ने बताया कि उनका पुत्र सर्वेश(35) अपनी पत्नी शालिनी के साथ खुटार गुरुद्वारा में काम करता था। मंगलवार को बेटा और बहू काम करने गुरुद्वारा गए थे। दिन में 12 बजे बहू को छोड़कर सर्वेश घर आया और बिना कुछ कहे दूसरी मंजिल पर कमरे में चला गया। तकरीबन तीन घंटे बाद गुरुद्वारा से कुछ सेवादार आये और सर्वेश के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कमरे में होने की बात कही। सेवादार कमरे में पहुंचे। जहां फांसी के फंदे पर सर्वेश लटका मिला। घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और फांसी के फंदे शव को नीचे उतारा। पुलिस ने परिजनों से घटना के बारे में जानकारी जुटाई। बाद में पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेज दिया है। उधर, सूचना मिलते ही फील्ड यूनिट टीम ने घटनास्थल पर पहुंच कर बारीकी से जांच की और साक्ष्य जुटाए। इधर, चर्चा है कि गुरुद्वारा में पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। जिससे नाराज सर्वेश ने यह कदम उठाया। सर्वेश की पत्नी शालिनी देवी, पिता रामप्रसाद, माता सुनीता देवी का रो-रोकर बुरा हाल है।



सूचना पर पहुंची पुलिस जांच करती। ● अमृत विचार

- खुटार गुरुद्वारा में पत्नी के साथ युवक करता था काम, कहासुनी के बाद उठाया कदम

> सूचना पर पुलिस मौके पर पहुँची थी। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। किसी के द्वारा कोई आरोप नही लगाया गया है। - **सुभाष चंद्र**, कार्यवाहक थानाध्यक्ष खुटार

**SRMS** Shri Ram Murti Smarak Institute of Medical Sciences, Bareilly

(Approved by Medical Council of India & Ministry of Health & Family Welfare, Govt. of India)

**आवश्यक जन–सूचना**

सूचित किया जाता है कि NMC / MCI Regulation, 2002 (Amended up to 8th Oct. 2016) के बिन्दु 1.3.1 के अन्तर्गत उपलब्ध मरीज से सम्बधित चिकित्सा रिकार्ड सामान्य डिस्चार्ज वर्ष 2023 से पहले (01-01-2022 से 31-12-2022), Death & LAMA रिकार्ड वर्ष 2016 से पहले (01.01.2015 से 31.12.2015) का नष्ट किया जाना प्रस्तावित है। यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो कृपया 15 दिनों (सूचना दिनाँक से) के अन्दर अवगत कराने का कष्ट करें।

आज्ञा से– चिकित्सा अधीक्षक / इंचार्ज रिकार्ड

**REQUIREMENT**

- Junior Copy Editor/Junior Copy Writer
- Marketing Executive

Working Location

• Lucknow • Bareilly • Moradabad • Rampur • Haldwani • Rudrapur • Kashipur

Experience : 1-2 years

(Freshers can also apply)

Salary : As per qualification

If you want to build a career in the media, this is the right opportunity for you.

Send your CV :

head.hr@amritvichar.com

9220796663

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

अमृत विचार

H.O. : Near Satellite Bus Stand, Pilibhit bypass Road, Bareilly

# पीएम श्री इंटर कॉलेज को 2.93 करोड़ की सौगात

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज शाहजहांपुर के भवन के जीर्णोद्धार, सुदृढ़ीकरण और मरम्मत कार्यों के लिए उत्तर प्रदेश राज्य भंडारण निगम की सीएसआर मद से 292.99 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। यह स्वीकृति उत्तर प्रदेश सरकार में सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर की विशेष रुचि के कारण विद्यालय को मिली है।

सहकारिता मंत्री इस विद्यालय के पूर्व छात्र रहे हैं। उन्होंने वर्ष 1984 में हाईस्कूल और वर्ष 1986 में इंटरमीडिएट की परीक्षा इसी विद्यालय से प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की थी।

उन्हीं के प्रयासों से विद्यालय में लगभग 800 मीटर लंबी नई चहारदीवारी, दो नए मुख्य प्रवेश द्वार, प्रवेश द्वारों से विद्यालय के सभी ब्लॉकों को जोड़ने वाले आंतरिक आरसीसी मार्गों का निर्माण, मुख्य भवन की ऐतिहासिकता को सुरक्षित रखते हुए मरम्मत और सुदृढ़ीकरण, पूरे भवन में टायलीकरण तथा विद्युत की नई वायरिंग जैसे महत्वपूर्ण कार्य कराए जाएंगे। विद्यालय प्रबंधन ने इसे गौरव का विषय बताया है। प्रधानाचार्य अनिल कुमार के नेतृत्व में विद्यालय सभागार में बैठक आयोजित की गई, जिसमें समस्त स्टाफ ने विद्यालय के विकास में सहयोग के लिए सहकारिता मंत्री के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।



सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर।

- भवन के जीर्णोद्धार व सुदृढ़ीकरण को मिली सीएसआर से स्वीकृति
- पूर्व छात्र रहे सहकारिता मंत्री की पहल से मिला लाभ

# आज से नगर खेल कुम्भ आरंभ

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद शाहजहांपुर ब्रज प्रांत की ओर से नगर खेल कुम्भ का शुभारंभ जॉन नैव सीनियर सेकेंडरी कॉलेज में किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत रस्साकशी प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य आकाश मैसी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि संगठन की ओर से खेलो भारत गतिविधि शुरू की गई है, जिसका उद्देश्य देश में खेल संस्कृति को पुनर्जीवित करना और जमीनी स्तर से प्रतिभाओं को निखारना है। यह गतिविधि बुनियादी ढांचे के विकास, प्रतिभा खोज और खेल शिक्षा को बढ़ावा देती है, ताकि भारत को खेल शक्ति बनाया जा सके। जिला संगठन मंत्री संदीप ने कहा कि संगठन की ओर से जिले की समस्त नगर इकाइयों में अलग-अलग खेल कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें जिले के विद्यालयों के विद्यार्थी बड़ी संख्या में भाग लेंगे। यह कार्यक्रम तीन फरवरी से 15 फरवरी तक चलेंगे, जिससे विद्यार्थी खेलों के प्रति जागरूक होंगे और खेलो भारत, जीतेगा युवा का संदेश जन-जन तक पहुंचेगा। जिला विकासार्थ विद्यार्थी संयोजक वैभव सक्सेना ने बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एक प्रमुख छात्र संगठन है, जिसकी स्थापना 1948 में हुई थी। परिषद का उद्देश्य छात्रों को सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों से जोड़ना, उनमें सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करना और उनके व्यक्तित्व विकास में सहयोग करना है। कार्यक्रम में विभाग संगठन मंत्री राहुल गंगवार, जिला संगठन मंत्री संदीप, जिला एसएफडी संयोजक वैभव सक्सेना, महानगर मंत्री आयुष श्रीवास्तव, सौरभ, शैलेश, हसन, नीलांजन, दिव्यांश सहित अन्य कार्यकर्ता और विद्यार्थी मौजूद रहे।



प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी। ● अमृत विचार

- अभाविप की ओर से जॉन नैव कॉलेज में हुआ आयोजन
- प्रतियोगिता में विद्यार्थियों की सहभागिता रही



राज्यसभा में विपक्ष का हंगामा कहा- संसद के बजाय वाशिंगटन से क्यों मिल रही है जानकारी- 10



अमेरिका के साथ व्यापार समझौते से उद्योगों को तेज वृद्धि की उम्मीद - 10



ट्रंप के दावों का रूस ने दिया जवाब, भारत ने तेल क्रय से मना नहीं किया - 11



अफगानिस्तान के खिलाफ जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगा भारत - 12


आज का मौसम

23.0⁰ अधिकतम तापमान

10.0⁰ न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 06.58

सूर्यास्त 05.54

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| बरेली |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

फाल्गुन कृष्ण पक्ष तृतीया 12:09 उपरांत चतुर्थी विक्रम संवत 2082

बुधवार, 4 फरवरी 2026, वर्ष 7, अंक 71, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


# भारत-अमेरिका ट्रेड डील से झूमा बाजार, रुपया मजबूत, सोना-चांदी ऊपर चढ़े




मुंबई, एजेंसी

भारत-अमेरिका के बीच व्यापार समझौते पर सहमति बनने की घोषणा से उत्साहित भारतीय शेयर बाजार में मंगलवार को जबर्दस्त उछाल आया। मानक सूचकांक सेंसेक्स 2,073 अंक उछल गया, जबकि निफ्टी ने 639 अंक की छलांग लगाई।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स कारोबारी सत्र की शुरुआत के बाद 4,205.27 अंक यानी 5.14 प्रतिशत उछलकर 85,871.73 अंक के उच्चतम स्तर तक पहुंच गया। हालांकि, बाद में मुनाफावसूली होने से यह 2,072.67 अंक यानी 2.54 प्रतिशत की बढ़त के साथ 83,739.13 अंक पर बंद हुआ। एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 639.15 अंक यानी 2.55 प्रतिशत चढ़कर 25,727.55 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,252.80 अंक यानी 4.99 प्रतिशत की तेजी के साथ 26,341.20 अंक तक पहुंच गया था।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने सोमवार रात को प्रधानमंत्री मोदी से फोन पर बातचीत के बाद कहा था कि भारतीय वस्तुओं पर जवाबी शुल्क को 25 से घटाकर 18 प्रतिशत किया जाएगा। हालांकि, अभी समझौते का विवरण सामने नहीं आया है। सेंसेक्स की कंपनियों में अदाणी पोर्ट्स में सर्वाधिक 9.12 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। वहीं अडाणी के शेयरों में 11% तक उछाल दर्ज किया गया।

## निवेशकों की संपत्ति एक ही दिन में 12.10 लाख करोड़ रुपये बढ़ी



नई दिल्ली। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की घोषणा से उत्साहित घरेलू शेयर बाजार ने मंगलवार को बड़ी छलांग लगाई जिससे निवेशकों की पूंजी एक ही कारोबारी सत्र में 12.10 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई। दिग्गज कंपनियों में बढ़त के बीच मझोली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी खासी तेजी दर्ज की गई। इस चौतरफा तेजी के बीच बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण 12,10,877 .45 करोड़ रुपये बढ़कर 4,67,14,754 .77 करोड़ रुपये (5 .16 लाख करोड़ डॉलर) हो गया। बीएसई पर सूचीबद्ध कुल 3,304 कंपनियों के शेयर चढ़कर बंद हुए जबकि 981 शेयरों में गिरावट रही और 137 अन्य अपरिवर्तित रहे।

## मजबूत वैश्विक संकेतों व कमजोर डॉलर के बीच चांदी 24,000 रुपये चढ़ी



नई दिल्ली। मजबूत वैश्विक संकेतों और कमजोर डॉलर के बीच चांदी और सोने की कीमतों में तीन दिन की तेज गिरावट का माहौल मंगलवार को खत्म हो गया और राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में इनमें मजबूत उछाल आया। इस दौरान चांदी 24,000 रुपये बढ़कर 2.84 लाख रुपये प्रति किलोग्राम हो गई तथा सोना 1.57 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम की ऊंचाई पर जा पहुंचा।

## रुपया 122 पैसे की छलांग के साथ 90.27 प्रति डॉलर पर

मुंबई। व्यापार समझौते पर सहमति बनने के बाद भारतीय रुपया मंगलवार को सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाली एशियाई मुद्रा के रूप में उभरा, जिसने एक कारोबारी सत्र में 122 पैसे या 1.33 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की। अंत में रुपया डॉलर के मुकाबले 90 .27 (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि समझौते होने के बाद भारतीय रुपया ढाई सप्ताह के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया और इसमें लगभग 1 .5 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। घरेलू शेयर बाजार में भी लगभग 2 .75 प्रतिशत की वृद्धि हुई। सोमवार को रुपया 44 पैसे बढ़कर 91 .49 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

## ब्रीफ न्यूज

### भारत ने अहम प्रौद्योगिकी एसएफडीआर का सफल परीक्षण किया

नई दिल्ली। डीआरडीओ ने मंगलवार को ठोस ईंधन डक्टेड रैमजेट (एसएफडीआर) प्रौद्योगिकी का सफल परीक्षण किया। इस उपलब्धि के साथ ही भारत उन चुनिंदा देशों की श्रेणी में शामिल हो गया है, जिनके पास यह अत्याधुनिक तकनीक है। यह प्रौद्योगिकी लंबी दूरी की हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों के विकास में सहायक होगी और शत्रु पर रणनीतिक बढ़त प्रदान करेगी। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि यह परीक्षण ओडिशा अपतटीय क्षेत्र स्थित चांदीपुर के एकीकृत परीक्षण रेंज में किया गया। रक्षा मंत्री ने एसएफडीआर प्रौद्योगिकी के परीक्षण के लिए डीआरडीओ और उद्योग जगत की सराहना की।

### 18 फरवरी से 12 मार्च तक यूपी बोर्ड परीक्षाएं

प्रयागराज। उप्र माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाएं 18 फरवरी से 12 मार्च के बीच आयोजित होंगी। यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने बताया कि 18 जिलों को संवेदनशील घोषित किया गया है। 20 फरवरी को प्रथम पाली में हाईस्कूल सामाजिक विज्ञान और इंटरमीडिएट नागरिक शास्त्र, 23 फरवरी को प्रथम पाली में हाईस्कूल अंग्रेजी, 25 फरवरी को प्रथम पाली में हाईस्कूल विज्ञान, 26 फरवरी को प्रथम पाली में हाईस्कूल गणित व इंटरमीडिएट भूगोल तथा 27 फरवरी की दूसरी पाली में संबंधित विषयों की परीक्षाओं के दौरान अति उच्च सतर्कता और विशेष निगरानी रहेगी।

# मेटा-वॉट्सएप कानून मानें या भारत छोड़ें, डेटा शेयर की इजाजत नहीं

## सुप्रीम कोर्ट ने गोपनीयता नीति पर लगाई फटकार, कहा- देश की निजता सबसे ऊपर

- नौ फरवरी को अंतरिम आदेश पारित करेगी कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

शीर्ष कोर्ट ने गोपनीयता नीति को लेकर 213.14 करोड़ का जुर्माना लगाने के भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) के आदेश के खिलाफ याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए मेटा प्लेटफॉर्म्स इंक और व्हाट्सएप को मंगलवार को कड़ी फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनियां डेटा साझा करने के नाम पर नागरिकों की निजता के अधिकार से खिलवाड़ नहीं कर सकतीं।

सीजेआई सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जयमाल्या बागची एवं न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने कहा कि वह नौ फरवरी को अंतरिम आदेश पारित करेगी। शीर्ष अदालत ने आदेश दिया कि इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को याचिकाओं में पक्षकार बनाया जाए। पीठ मेटा और व्हाट्सएप की उन अपीलों पर सुनवाई कर रही थी, जो एनसीएलएटी के उस फैसले के खिलाफ दायर की गई हैं, जिसने विज्ञापन से जुड़े डेटा साझा करने के मामले में सीमित राहत देते हुए प्रभुत्व के दुरुपयोग संबंधी सीसीआई के निष्कर्षों को बरकरार रखा था। सीजेआई ने कहा, आप डेटा साझा करने के नाम पर इस देश के निजता के अधिकार से खिलवाड़ नहीं कर सकते। हम आपको डेटा का एक शब्द भी साझा करने की अनुमति नहीं देंगे, या तो आप लिखित वचन (अंडरटेकिंग) दें, आप नागरिकों के निजता के अधिकार का उल्लंघन नहीं कर सकते।



### गोपनीयता शर्तें चालाकी से तैयार की गईं, आम आदमी समझ ही नहीं सकता

उच्चतम न्यायालय की पीठ ने कहा कि इस देश में निजता के अधिकार की सख्ती से रक्षा की जाती है। कहा कि गोपनीयता संबंधी शर्तें इतनी चालाकी से तैयार की गई हैं कि आम व्यक्ति उन्हें समझ ही नहीं सकता। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, यह निजी जानकारी की चोरी करने का एक सभ्य तरीका है, हम आपको ऐसा नहीं करने देंगे... आपको लिखित वचन देना होगा, अन्यथा हमें आदेश पारित करना होगा।

### उच्च न्यायालयों में महीनों फैसलों को सार्वजनिक किए बिना सुरक्षित रखे जाने की प्रथा एक चिह्नित बीमारी, इसे खत्म किया जाना चाहिए

नई दिल्ली। शीर्ष कोर्ट ने समय पर न्याय सुनिश्चित करने की आवश्यकता रेखांकित करते हुए मंगलवार को कहा कि हाईकोर्ट द्वारा महीनों तक फैसलों को सार्वजनिक किए बिना सुरक्षित रखे जाने की प्रथा 'एक चिह्नित बीमारी' है, जिसे खत्म किया जाना चाहिए। पीठ एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें कहा गया था कि झारखंड हाईकोर्ट ने पिछले साल चार दिसंबर को एक याचिका खारिज करते हुए मौखिक रूप से फैसला सुनाया था और वह फैसला अब तक अपलोड नहीं किया गया है। पीठ ने कहा कि अगले सप्ताह के आखिर तक वकील को पूरा फैसला उपलब्ध कराया जाए। देरी का जिक्र करते हुए, याचिकाकर्ता की तरफ से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने कहा, ऐसा लगता है कि सिर्फ जुबानी जमा खर्च किया जा रहा है, कोई संदेश जाना चाहिए। यह कानून की गरिमा के साथ खिलवाड़ करने जैसा है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि मोटे तौर पर दो तरह के न्यायाधीश होते हैं। उन्होंने कहा, एक मेहनती न्यायाधीश होते हैं, जो सबकी बात सुनते हैं और 10-15 मामलों में भी फैसला सुरक्षित रख लेते हैं। कुछ न्यायाधीश ऐसे होते हैं, जो इसके बाद फैसले नहीं सुनाते। हम किसी एक व्यक्ति की बात नहीं कर रहे हैं। यह कोर्ट के सामने एक चुनौती है और यह पहचानी हुई बीमारी है। इसका इलाज होना चाहिए।

# संसद में टूटी मर्यादा, विपक्षी सांसदों ने कागज उछाले, आठ निलंबित

- सत्तापक्ष-विपक्ष में टकराव बढ़ा हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही तीन बार के स्थगन के बाद अगले दिन तक के लिए स्थगित की गई

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा में पूर्व सेना प्रमुख एमएम नरवणे के अप्रकाशित संस्मरण से जुड़े विषय को लेकर जारी गतिरोध के बीच मंगलवार को उस वक्त सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच टकराव का नया मोर्चा खुल गया जब आसन के समीप कागज उछालने के मामले में आठ विपक्षी सांसदों को वर्तमान बजट सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित कर दिया गया। कांग्रेस के सात सदस्यों और माकपा के एक सांसद को सदन से निलंबित किया गया है।

सदन में गतिरोध के बीच नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार की तरह मंगलवार को भी पूर्व सेना प्रमुख एम एम नरवणे के अप्रकाशित संस्मरण पर आधारित लेख का हवाला देकर चीन का विषय उठाने का प्रयास किया, लेकिन आसन से इसकी अनुमति नहीं मिली। हालांकि उन्होंने इस लेख को सत्यापित किया और सदन के पटल पर रखा। हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही तीन बार के स्थगन के बाद बुधवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। पीठासीन सभापति दिलीप सैकिया ने आसन की अवज्ञा करने के लिए कांग्रेस सदस्यों अमरिंदर सिंह राजा वडिंग, गुरदीप सिंह औजला, हिबी ईडन, डीन कुरियाकोस, प्रशांत पडोले, किरण कुमार रेड्डी और मणिकम टैगोर तथा माकपा सांसद एस वेंकटेशन के नाम लिए। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने आठों सदस्यों का नाम लेते हुए सदन में प्रस्ताव रखा कि सदन की अवमानना करने और महासचिव तथा लोकसभा अधिकारियों की मेजों के पास आकर कागज उछालकर आसन की गरिमा को ठेस पहुंचाने के लिए उक्त सभी सदस्यों को नियम 374 (2) के तहत संसद के वर्तमान सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित किया जाए।



सभापति कृष्णा प्रसाद तेन्नेटी पर उछाले गए कागज के टुकड़े।



संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू और नेता प्रतिपक्ष राहुल के बीच हुई बहस।

### आसन के समीप कागज उछालकर फेंके थे

इससे पहले, राहुल गांधी के चीन का विषय उठाने का प्रयास करने, अमेरिका के साथ व्यापार समझौते तथा कुछ अन्य विषयों को लेकर सदन की कार्यवाही तीन बार स्थगित करनी पड़ी थी। विपक्षी सदस्यों ने सदन में राहुल गांधी को बोलने की अनुमति नहीं मिलने के मुद्दे पर नारेबाजी करते हुए आसन के समीप कागज उछालकर फेंके थे। उस समय आसन पर पीठासीन सभापति कृष्णा प्रसाद तेन्नेटी बैठे थे।

# बड़ा हादसा : मुंबई हवाई अड्डे पर विमानों के पंखों के किनारे एक दूसरे से टकराए



मुंबई हवाई अड्डे पर आमने सामने आने के बाद टकराए विमानों के पर।

- एअर इंडिया और इंडिगो के विमान आ गए आमने- सामने

मुंबई, एजेंसी

मुंबई हवाई अड्डे पर मंगलवार शाम एअर इंडिया और इंडिगो के दो विमानों के पंखों के किनारे एक दूसरे से टकरा गए, जिसके बाद विमानों को जांच के लिए खड़ा कर दिया गया।

अधिकारियों के मुताबिक, एअर इंडिया का विमान रवाना हो रहा था, जबकि इंडिगो का विमान उतर रहा था। मुंबई एयरपोर्ट पर समानांतर रनवे हैं। दोनों ही विमान एयरबस ए320 थे। एअर इंडिया ने कहा, तीन फरवरी को मुंबई से कोयंबटूर जाने वाली उड़ान एआई2732 में देरी हुई, क्योंकि निर्धारित विमान रवाना होने से पहले टैक्सीवे पर प्रतीक्षा के दौरान एक अन्य विमानन कंपनी के विमान के संपर्क में आ गया। दोनों विमानों के पंखों के किनारे टकराने से हमारे विमान के पंख के किनारे को नुकसान पहुंचा। वहीं, इंडिगो के प्रवक्ता ने कहा कि हैदराबाद से मुंबई आ रही उड़ान 6ई791 के पंख का किनारा उतरने के बाद एक अन्य विमानन कंपनी के विमान से संपर्क में आ गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सभी यात्री सुरक्षित हैं।

# 60 हजार करोड़ के घोटाले का आरोपी गिरफ्तार

लखनऊ, एजेंसी



- शाइन सिटी इंफ्रा प्रोजेक्ट लि. में बतौर निदेशक तैनात था आरोपी अतुल

शाइन सिटी इंफ्रा प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड से जुड़े बहुचर्चित 60 हजार करोड़ के निवेश घोटाले में कंपनी के निदेशक अतुल सिंह को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन (ईओडब्ल्यू) टीम ने गुडंबा इलाके से मंगलवार को दबोचा।

ईओडब्ल्यू के अधिकारी के अनुसार, शाइन सिटी कंपनी ने प्रदेश के कई जनपदों में सस्ते भूखंड और अन्य प्रलोभनकारी योजनाओं के नाम पर निवेशकों से 60 हजार करोड़ रुपये निवेश कराए। रुपये लेने के बाद न तो भूखंड दिए गए और न ही निवेश की गई धनराशि वापस की। कंपनी के निदेशक और अधिकारी कार्यालय बंद कर फरार हो गए थे। अतुल सिंह लखनऊ स्थित शाइन सिटी के आर स्क्वायर, विपुल खंड कार्यालय में प्रॉपर्टी सेल्स का काम संभालता था। निवेशकों को लुभावनी योजनाओं में फंसाकर निवेश कराने में सक्रिय भूमिका निभाता था। उसके खिलाफ थाना गोमतीनगर में वर्ष 2021 में दो एफआईआर दर्ज किए गए थे। जिसकी जांच ईओडब्ल्यू कर रही है। ईओडब्ल्यू अधिकारियों के मुताबिक, आरोपी के खिलाफ कोर्ट से गैर-जमानती वारंट जारी था। वह गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार ठिकाने बदल रहा था। बाराबंकी के मोहम्मदपुर खाला का मल निवासी अतुल गुडंबा के स्मिथ अपार्टमेंट में रहता था, जहां से ईओडब्ल्यू की क्रैक टीम ने उसे दबोच लिया।

# सिपाही भर्ती परीक्षा 8 से 10 जून तक

- 32,679 पदों के लिए तीन दिन, दो पालियों में परीक्षा, आयु सीमा में तीन वर्ष की बड़ी राहत

लखनऊ। यूपी पुलिस में सिपाही बनने का सपना देख रहे युवाओं के लिए बड़ी खबर है। योगी सरकार ने आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 के तहत होने वाली लिखित परीक्षा की तारीखों की घोषणा कर दी है।

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा जारी सूचना के अनुसार सिपाही भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा आठ जून (सोमवार), नौ जून (मंगलवार) और 10 जून (बुधवार) को आयोजित की जाएगी। परीक्षा तीनों दिनों में दो-दो पालियों में कराई जाएगी। इस भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से प्रदेश में कुल 32,679 पदों को भरा जाएगा। परीक्षा केंद्र, एडमिट कार्ड, शिफ्ट टाइमिंग और अन्य दिशा-निर्देश बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर समय से जारी किए जाएंगे। बोर्ड ने अभ्यर्थियों को सलाह दी है कि वे नियमित रूप से वेबसाइट पर अपडेट चेक करते रहें। ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सिपाही भर्ती-2025 में अधिकतम आयु सीमा में एकमुश्त तीन वर्ष का शिथिलीकरण दिया गया है। गौर है कि वर्ष 2024 में उप्र पुलिस में 60,244 सिपाही पदों पर भर्ती की गई थी, जो अब तक की सबसे बड़ी पुलिस भर्ती थी।

**उपलब्धि** देश-विदेश की फार्मा कंपनियों के साथ 5525 करोड़ रुपये के हुए 11 समझौते, हजारों लोगों के रोजगार की उम्मीद, फार्मा इकोसिस्टम को नई मजबूती

# यूपी फार्मा कॉन्क्लेव में 10 हजार करोड़ रुपये के निवेश का एलान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: 'उत्तर प्रदेश फार्मा कॉन्क्लेव 1.0' के दौरान प्रदेश के फार्मास्यूटिकल सेक्टर को बड़ी निवेश सौगात मिली। कुल 10 हजार करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्तावों पर सहमति बनी, जबकि मंच से औषधि, मेडिकल डिवाइस और संबद्ध क्षेत्रों में 5,525 करोड़ रुपये के 11 समझौता ज्ञापनों (एमओयू) का औपचारिक आदान-प्रदान किया गया। इन निवेश प्रस्तावों से प्रदेश के फार्मा इकोसिस्टम को नई मजबूती मिलने के साथ ही हजारों नए रोजगार अवसर सृजित होने की संभावना है।

प्रमुख निवेशकों में अर्ना फार्मा और बायोजेंटा लाइफ साइंसेज ने 1,250-1,250 करोड़, शुक्रा फार्मास्यूटिकल्स ने 737 करोड़, वाल्टर बुशनेल एंटरप्राइज ने 590 करोड़ रुपये, ज्ञानविका लैब्स ने 553 करोड़ रुपये और कोरो हेल्थ ने 418 करोड़ रुपये के निवेश की प्रतिबद्धता जताई। इसके अलावा मार्क लेबोरेटरीज (300 करोड़), हाई ग्लांस लैबोरेटरीज (120 करोड़), रासपा फार्मा (107 करोड़), रोमसंस मेडवर्ल्ड (100 करोड़) और कोटक हेल्थकेयर (100 करोड़) ने भी यूपी में निवेश के लिए एमओयू किए। इन निवेशों से फार्मा मैन्युफैक्चरिंग, रिसर्च, मेडिकल डिवाइस और हेल्थकेयर इंफ्रास्ट्रक्चर को नई दिशा मिलने की उम्मीद है। कॉन्क्लेव 1.0' में रामकी ग्रुप के चेयरमैन अयोध्या रामी रेड्डी, टोरेंट ग्रुप के वाइस चेयरमैन जीनल मेहता, मैनकाइंड फार्मा के चेयरमैन रमेश जुनेजा, डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज के चेयरमैन सतीश रेड्डी, जाइडस लाइफ साइंसेज के चेयरमैन पद्मभूषण पंकज रमनभाई पटेल व सन फार्मास्यूटिकल्स के चेयरमैन पद्मश्री दिलीप सांघवी प्रमुख रूप से मौजूद थे।



फार्मा कॉन्क्लेव में उपस्थित मुख्यमंत्री योगी। साथ में डिप्टी सीएम बृजेश पाठक व अन्य।

### भारत किसी के आगे नहीं झुकेगा : योगी

योगी ने कहा कि भारत अपनी नीतियों पर अडिग रहकर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत को आज एक विश्वसनीय वैश्विक साझेदार के रूप में स्वीकार किया जा रहा है। भारत किसी दबाव में झुकने वाला देश नहीं है और 'सत्यमेव जयते' के मार्ग पर आगे बढ़ रहा है। यह आत्मविश्वासी भारत की पहचान है।

### 24 घंटे में खाली हुई 65 हजार एकड़ जमीन

मुख्यमंत्री ने 2017 के बाद किए गए भूमि सुधारों का जिक्र करते हुए कहा कि सत्ता में आने के बाद भू-माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। भू-माफिया टास्क फोर्स के गठन के बाद 24 घंटे के भीतर 65 हजार एकड़ सरकारी जमीन कब्जामुक्त कराई गई, जो आज प्रदेश का मजबूत लैंड बैंक बनी है। इसी के माध्यम से उद्योगों और निवेश को जमीन उपलब्ध कराई जा रही है।

### पुलिस गोली न मारे तो क्या खाए

कॉन्क्लेव के दौरान योगी ने एनकाउंटर पर सवाल उठाने वालों को जवाब दिया। उन्होंने कहा कि कानून से खिलवाड़ करने वालों पर सख्ती जरूरी है। कहा कि अगर अपना व्यक्ति भी गलत करेगा तो उसके लिए भी वही कानून लागू होगा, जो माफिया और अपराधी के लिए है। बहुत बार लोग टिप्पणी करते हैं कि पुलिस ने गोली क्यों मार दी। अगर पुलिस गोली न मारे तो क्या खाए?

# ब्लॉक सम्मेलन से जिला अधिवेशन तक के लिए चुनावी कार्यक्रम तय

## प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक में आंदोलन और निर्वाचन पर की गई चर्चा



प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक में उपस्थित पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

- 15 फरवरी को शेष ब्लॉकों के नामांकन, 29-30 मार्च को होगा जनपदीय अधिवेशन

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक एनआरएमयू कार्यालय में आयोजित हुई। जिलाध्यक्ष ऋषिकान्त पांडेय ने कहा कि शिक्षकों ने अधिकारों के लिए कई लड़ाइयां लड़ी हैं, जिनमें अधिकांश में सफलता मिली है। उन्होंने कहा कि अब पुरानी पेंशन के लिए आंदोलन करना आवश्यक है।

बैठक में संगठन के चल रहे ब्लॉक स्तरीय निर्वाचन के अगले चरण की घोषणा की गई। 15 फरवरी को जिला मुख्यालय पर शेष सभी ब्लॉकों के अध्यक्ष, मंत्री और कोषाध्यक्ष पद के लिए नामांकन की प्रक्रिया कराई जाएगी। अब 15 फरवरी 2026 को शेष दस ब्लॉक इकाइयों और नगर इकाई के इन पदों के लिए नामांकन होगा। यदि किसी पद पर दो या उससे अधिक वैध नामांकन पाए जाते हैं तो 10 दिन में संबंधित ब्लॉक की बीआरसी पर मतदान कराकर निर्वाचन कराया जाएगा। एकल नामांकन की स्थिति में उसी दिन निर्विरोध निर्वाचन की घोषणा कर प्रमाण पत्र वितरित किए जाएंगे। ब्लॉक इकाइयों के अध्यक्ष, मंत्री और कोषाध्यक्ष के निर्वाचन के बाद 12 मार्च से 25 मार्च के बीच सभी ब्लॉकों में बैठकें आयोजित की जाएंगी, जिनमें संघ नियमावली के अंतर्गत ब्लॉक कमेटी के शेष पदों का निर्वाचन किया जाएगा। ब्लॉक कमेटियों के पूर्ण निर्वाचन के बाद 26 मार्च को सभी ब्लॉक अध्यक्ष अपने-अपने ब्लॉक की डेलीगेट शिक्षकों की सूची जिला निर्वाचन समिति को सौंपेंगे, जिसके आधार पर जिला कमेटी का निर्वाचन संपन्न होगा।

### कार्य कारिणी के निर्वाचन की तिथि तय

प्रदेश नेतृत्व की ओर से जिला कार्यकारिणी समिति के निर्वाचन और जनपदीय अधिवेशन की तिथि 29 और 30 मार्च 2026 निर्धारित की गई है। 29 मार्च को जिला कमेटी के पदों के लिए नामांकन होगा और 30 मार्च को अधिवेशन आयोजित किया जाएगा, जिसमें सभी ब्लॉक इकाइयों के निर्वाचित पदाधिकारियों तथा नव निर्वाचित जिला कार्यकारिणी समिति के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण होगा। इस अधिवेशन में संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार पांडेय की उपस्थिति रहेगी। जिला कार्यकारिणी समिति के निर्वाचन के लिए प्रदेश स्तर से पर्यवेक्षक नियुक्त किए जाएंगे, जिनकी देखरेख में निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न होगी। बैठक का संचालन करते हुए डॉ. रत्नाकर दीक्षित ने उपस्थित ब्लॉक पदाधिकारियों और संयोजकों से सदस्यता अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने और अधिक से अधिक शिक्षकों को संघ का सदस्य बनाने की अपील की। उन्होंने निर्धारित सदस्यता शुल्क समय से जमा कराने पर भी जोर दिया।

# दुष्कर्म के मुकदमे से बचने के लिए आरोपी ने की शादी

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

- शादी के बाद किया उत्पीड़न, आरोपी पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज
- घर से पीटकर पीड़िता को निकाला, दहेज में मांगी कार व तीन लाख रुपये

**अमृत विचारः** तिलहर क्षेत्र में युवक ने एक युवती को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया। दुष्कर्म के मुकदमें से बचने के लिए आरोपी युवक ने युवती ने शादी कर ली। शादी के बाद आरोपी ने दहेज की मांग की और उसका उत्पीड़न करना शुरु कर दिया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर में आरोपी व अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मीरानपुर कटरा थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले की युवती ने थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि 2022 में तिलहर क्षेत्र के युवक ने शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया था। पीड़िता ने आरोपी से शादी के लिए कहा तो टाल मटौल करने लगा। पीड़िता ने थाना पर शिकातय की तो शादी करने के लिए राजी हो गया। शादी की तारीख 28 जुलाई 2023 तय की गई थी। शादी से पहले पांच दिन पहले आरोपी और उसके पिता ने शादी करने से मना कर दिया। आरोपी और उसके पिता ने कहा कि 50 हजार रुपये देने पर ही शादी करेंगे। पीड़िता ने आरोपियों को कहीं से 50 हजार रुपये दे दिए। उसके बाद आरोपी ने शादी की। शादी के कुछ माह बाद ससुराल वालों ने कार और तीन लाख रुपये की मांग करने लगे। आरोप है कि उसका सारा जेवर उसकी सास ने रख लिया। ससुराल वाले उसे प्रताड़ित करने लगे और एक बार जहर देने का प्रयास किया। आरोप है कि अक्टूबर 2025 में ससुराल वालों ने उसे मारा पीटा और कमरे में बंद कर दिया। पीड़िता ने किसी तरह डायल 112 को सूचना दी। सिपाही उसे तिलहर थाना ले आए। वह अपने मायके चली गयी। कटरा प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपी पति समेत पांच के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# महिला पर लगाया झूठी शिकायतें करने का आरोप

**संवाददाता, जलालाबाद,**

- प्रधान संगठन के अनुसार झूठी शिकायतें करके परेशान करती है

**अमृत विचार :** जलालाबाद ब्लॉक के प्रधान संगठन के पदाधिकारी मंगलवार को तहसीलदार अनुराग दुबे और थाना प्रभारी राजीव तोमर से मिले। पदाधिकारियों ने ज्ञापन देकर बताया एक महिला लोगों की झूठी शिकायतें करके अवैध वसूली करती है।

ज्ञापन में बताया कि ग्राम खंडहर निवासी महिला ग्राम प्रधानों और कर्मचारियों की झूठी शिकायतें करती है। ये नहीं महिला धमका कर रुपये मांगती है। आरोप है कि महिला अपमानजनक और अभद्र भाषा का प्रयोग कर अधिकारियों व कर्मचारियों को धमकाती रहती है। आरोप है कि महिला पूर्व में खंड विकास अधिकारी और ग्राम पंचायत सचिवों पर यौन उत्पीड़न जैसे गंभीर आरोप लगा चुकी है, जिन्हें झूठा बताया गया। इसके अलावा 28 जनवरी 2026 को विकासखंड कार्यालय पहुंचकर महिला द्वारा अधिकारियों और कर्मचारियों पर रिश्वतखोरी के निराधार आरोप लगाए जाने का भी जिक्र किया गया है। ग्राम प्रधान संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि इस तरह की शिकायतों से ईमानदार अधिकारियों और कर्मचारियों का कार्य प्रभावित हो रहा है और उनका मनोबल गिर रहा है।

# महफिल ए शबे बारात का आयोजन

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** मदरसा अत्तारिया तारीन जलालनगर में महफिल ए शबे बारात का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों को शब ए बरात की फजील़त बताई गई।

छात्रों को संबोधित करते हुए हाफिज गुलाम मुर्तजा ने कहा कि शबे-बारात (15 शाबान उल मुअज्जम) एक निहायत मुबारक और रहमतों वाली रात है। ये रात तौबा बख्शिश और तकदीर के फैसलों की रात है। उन्होंने बताया कि इस रात अल्लाह तआला की रहमत आसमान-ए- दुनिया पर नाजिल़ होती है। अल्लाह तआला फरमाता है कि है कोई मग़फिरत तलब करने वाला, जिसे मैं बख्श दूं।

# नेत्र शिविर लगाकर बांटे निःशुल्क चश्मे

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**



लाभार्थियों को नि :शुल्क चश्मा वितरित करते रोज़ा पावर के अधिकारी।

- चार गांवों में 320 लोगों की जांच की गई, 182 को मिला लाभ, मोतियाबिंद के 88 मरीज चिन्हित

**अमृत विचारः** रोज़ा पावर की ओर से सामाजिक दायित्वों के निर्वहन के तहत परियोजना प्रभावित गांवों में स्वास्थ्य सेवाओं के प्रसार के लिए नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भावलखेड़ा के सहयोग से जनवरी माह में गांव चौढेरा, कनेंग, जलालपुर बेहटी और परमाली में आयोजित शिविरों में 320 लोगों का निःशुल्क नेत्र परीक्षण किया गया, जिनमें से 182 लोगों को चश्मा वितरण के लिए चयनित किया गया।

नेत्र परीक्षण के बाद ग्राम चौढेरा में 57, कनेंग में 72, जलालपुर बेहटी में 16 और परमाली में 37 लोगों को निःशुल्क चश्मे के लिए चयनित किया गया। इसके अलावा मोतियाबिंद के 88 मरीजों को भी चिन्हित किया गया है, जिनका ऑपरेशन उनकी इच्छानुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भावलखेड़ा के सहयोग से कराया जाएगा। चश्मे के लिए चयनित सभी लाभार्थियों के बीच विगत दो दिनों में चश्मों का वितरण किया गया। रोज़ा पावर के सीएसआर प्रमुख कुमार अवनीश ने ग्राम परमाली में चश्मा वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया। इस दौरान उन्होंने लाभार्थियों को चश्मे की उपयोगिता और उसके रखरखाव के बारे में जानकारी दी। चश्मा प्राप्त करने वाले लाभार्थियों ने रोज़ा पावर की पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से ग्रामीण जनता को निरंतर लाभ मिल रहा है। कार्यक्रम में रोज़ा पावर की ओर से राजीव सिंह, विनोबा सेवा आश्रम से अंकित मिश्रा, अरुण कुमार सिंह समेत कई लोग मौजूद रहे।

# रॉयल-11 ने पुलिस क्लब को हराया

**संवाददाता, शाहजहांपुर,**

- स्वर्गीय सूरज कांति मेमोरियल क्रिकेट लीग में फाइनल में बनाई जगह, चार विकेट से हराया

**अमृत विचार :** जीएफ कॉलेज मैदान पर चल रही स्वर्गीय सूरज कांति मेमोरियल क्रिकेट लीग के दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में रॉयल-11 ने पुलिस क्लब को चार विकेट से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पुलिस क्लब की टीम 70 रन पर सिमट गई, जिसे रॉयल-11 ने छह विकेट खोकर हासिल कर लिया।

मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पुलिस क्लब की टीम निर्धारित ओवरों में 70 रन ही बना सकी। रॉयल-11 की गेंदबाजी प्रभावशाली रही। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रॉयल-11 की टीम ने छह विकेट के नुकसान पर जीत दर्ज की। टीम की ओर से नीतीश कुशवाहा ने 16 रन और अपूर्व ने 11 रन बनाए। पुलिस क्लब की ओर से अभिषेक और नरेंद्र ने दो-दो विकेट लिए। बेहतरीन गेंदबाजी प्रदर्शन के लिए अभिषेक कश्यप को मैन ऑफ द मैच चुना गया। मैच के अंपायर अभय सिंह गुर्जर और मुनाजिर नियाजी रहे। स्कोरिंग सनी ने की, जबकि कमेंट्री की जिम्मेदारी पंकज छापू ने निभाई। टूर्नामेंट आयोजक अभय सिंह गुर्जर के अनुसार फाइनल मुकाबला पांच फरवरी को क्राउन वारियर और रॉयल 11 के बीच खेला जाएगा।



बैटिंग करता खिलाड़ी।

# एएसपी ने शहर में पैदल गश्त की

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** एएसपी देवेंद्र कुमार ने सदर बाजार थाना क्षेत्र में फोर्स के साथ बाजारों में पैदल गश्त की। उन्होंने निर्देशित किया कि क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखी जाए और नियमित गश्त की जाए। कानून व्यवस्था से संबंधित किसी भी सूचना पर त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही की जाए। उन्होंने लोगों से कहा कि किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि अथवा व्यक्ति की जानकारी प्राप्त हो, तो उसकी तुरंत पुलिस को सूचना दी जाए। क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखी जा सके। इस अवसर पर सीओ सिटी, प्रभारी निरीक्षक आदि स्टाफ मौजूद रहा।

# 595 मरीजों का हुआ निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**



नि :शुल्क स्वास्थ्य मेले में मरीजों की जांच करते डॉक्टर व स्वास्थ्य कर्मी।

- वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज की ओर से स्वास्थ्य मेला आयोजित
- 10 मरीजों में मोतियाबिंद, ऑपरेशन निःशुल्क होंगे
- जांच, दवाइयों व रियायती सुविधाओं की दी जानकारी

**अमृत विचारः** वरुण अर्जुन यूनिवर्सिटी एवं वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल, बंथरा की ओर से मंगलवार को जैतीपुर क्षेत्र के ग्राम नगरिया निजामपुर में निःशुल्क स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 595 मरीजों ने पंजीकरण कराया। जांच के दौरान 10 मरीजों में मोतियाबिंद पाया गया, जिनका ऑपरेशन वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल, बंथरा में निःशुल्क किया जाएगा।

स्वास्थ्य मेले में 157 मरीजों की ब्लड शुगर जांच तथा लगभग 136 मरीजों की ब्लड प्रेशर जांच निःशुल्क की गई। इसके साथ ही 528 मरीजों को निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। शिविर में एमआरआई, सीटी स्कैन और अन्य जांचों पर छूट के कूपन भी मरीजों को वितरित किए गए।

स्वास्थ्य टीम और पीआरओ की ओर से लोगों को नियमित जांच कराने के लिए जागरूक किया गया। इस दौरान परिवार स्वास्थ्य कार्ड की जानकारी भी दी गई, जो अस्पताल की ओर से 200 रुपए में बनाया जाता है और एक वर्ष के लिए मान्य रहता है। बताया गया कि परिवार स्वास्थ्य कार्ड के माध्यम से ओपीडी पर्चा निःशुल्क बनेगा तथा दवाइयों और सभी जांचों पर 20 प्रतिशत अतिरिक्त छूट मिलेगी। भर्ती होने पर भर्ती फाइल भी निःशुल्क बनाई जाएगी।

पीआरओ की ओर से यह भी बताया गया कि स्वास्थ्य कार्ड धारक को सामान्य ऑपरेशन में 25 प्रतिशत तथा खून की आवश्यकता होने पर 10 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। अस्पताल में मरीजों के लिए मुफ्त भर्ती, मुफ्त पलंग, मुफ्त नर्सिंग केयर और मुफ्त चिकित्सकीय परामर्श की सुविधा उपलब्ध है। इसके साथ ही आईसीयू, वेंटीलेटर, डायलिसिस, एमआरआई, सीटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड सहित सभी प्रकार के ऑपरेशन और सस्ती दवाइयां 24 घंटे सस्ते दरों पर उपलब्ध कराई जाती हैं। निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर के आयोजन में ब्रजेश मिश्रा और राधेश्याम पाण्डेय का विशेष योगदान रहा। शिविर में सामान्य रोग विभाग, नेत्र रोग विभाग, हड्डी रोग विभाग, बाल रोग विभाग तथा स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग के विशेषज्ञ डॉ. अर्शलान, डॉ. विपिन खंडेलवाल, डॉ. रिव्या सिंह, डॉ. विंदु माधवी, डॉ. ऐश्वर्या राय, मेडिकल कॉलेज के पीआरओ विपिन शर्मा सहित पैरामेडिकल स्टाफ मौजूद रहा।

बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सुपर स्पेशलिटी सेंटर
डा. मोहित गुप्ता
M.Ch., Neurosurgery (AIIMS)
Senior Consultant Neurosurgeon
मस्तिष्क, रीढ़ एवं नस रोग विशेषज्ञ
Reg. No. UPMCI 65389
समय - प्रातः 10 से 12:30 बजे तक एवं सायं 6 से 8:30 बजे तक
अब डॉ. मोहित गुप्ता रविवार को भी मिलेंगे प्रातः 10 से दोपहर 1 बजे तक
सुविधायें
ब्रेन हैमरेज | स्लिप डिस्क
ब्रेन ट्यूमर | मिर्गी का दौरा
गर्दन दर्द (सर्वाइकल)
रीढ़ की चोट, टी.बी
सिर दर्द, माइग्रेन
कमर दर्द, कंधों में दर्द
पीठ दर्द, रीढ़ की गांठ
सिर की चोट (हेड इंजरी)
हाथ पैरों में झनझनाहट
फालिज (लकवा)
नसों का दर्द
सियाटिका (कमर में पैरों का दर्द)
दिमागी में पानी व खून जमना
दिमाग, रीढ़ एवं नस सम्बन्धित सभी बीमारियों का इलाज एवं ऑपरेशन
Bareilly Neuro and Spine Super Speciality Centre
Google Maps Location
सी-427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
7417389433, 7017678157
9897287601, 8191879754

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ
● 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
● बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
● आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
● कैशलेस ईलाज

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें :-
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा। TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
100000 से अधिक आंखों के आपरेशन का अनुभव
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नम्बर
लेजर द्वारा आंख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध
बी स्कैन द्वारा पर्दे की जांच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
8077344353
समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
NABH PRE ACCREDITED
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

स्वास्थ्य जागरूकता अभियान
नि : शुल्क परामर्श
कैम्प में समस्त ब्लड जाँचें, ई.सी.जी., एक्स-रे 50% के छूट पर किये जायेंगे।
रजिस्ट्रेशन शुल्क 20/-
महीने के प्रत्येक रविवार को
समय : सुबह 10 से 5 बजे तक
डॉ. दीपक माहेश्वरी
MBBS., MD, Consultant Physucuan & Critical Care Specialist
ब्लड प्रेशर, हृदय रोग श्वांस रोग, गम्भीर रोग विशेषज्ञ
प्रेमलोक हॉस्पिटल नरियावल अड्डा, शाहजहाँपुर रोड, बरेली।
9084307201, 9412244430
डॉ. नितिन अग्रवाल हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSC) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
कैशलेस, इंश्योरेंस, TPA व ESI आयुष्मान से अनुबन्धित अस्पताल
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

**न्यूज ब्रीफ**

### सड़क हादसे में महिला समेत दो गंभीर घायल

**पुवायां, अमृत विचार** : पुवायां थाना क्षेत्र में एक सड़क हादसे में दंपती गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना उस समय हुई जब दंपती सरकारी अस्पताल से दवा लेकर घर लौट रहा था। जानकारी के अनुसार रामपुर निवासी नीलम अपने पति आनंद के साथ पुवायां सरकारी अस्पताल से दवा लेकर वापस जा रही थीं। इसी दौरान सुखबीर एग्रो के पास एक बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। बताया जा रहा है कि दूसरी बाइक उर्वेश उर्फ सोनू पुत्र रूम सिंह निवासी मुतैयापुर मझिला थाना खुदागंज चला रहा था। टक्कर लगने से दंपती सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत घायलों को संभाला और उपचार के लिए सरकारी अस्पताल पहुंचाया। जहां से नीलम और उर्वेश को मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है।

### सड़क पार कर रहे छात्र को स्कूटी ने मारी टक्कर

**पुवायां, अमृत विचार** : सड़क पार कर रहे छात्र को स्कूटी ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्राम कमलापुर निवासी रोहित पुत्र राजेश कुमार दलजीत सिंह पेट्रोल पंप के सामने सड़क पार कर रहा था। इसी दौरान एक तेज रफ्तार स्कूटी ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि रोहित सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने घायल छात्र को सीएचसी पर ले जाया गया। सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद वरिष्ठ चिकित्सा प्रभारी डॉ. संजीव कुमार ने छात्र की हालत चिंताजनक बताते हुए उसे मेडिकल कॉलेज शाहजहांपुर रेफर कर दिया।

### सड़क हादसे में तीन छात्र गंभीर घायल

**कांट, अमृत विचार** : क्षेत्र में केआर पेपर मिल के सामने कृभको फर्टिलाइजन में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की एक कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराते हुए ट्रांसफार्मर से जाकर टकरा गयी। टक्कर इतनी भयंकर थी कि बिजली का खंभा टेढ़ा हो गया। हादसे में कार में घायल छात्र निखिल, दिव्यांशु और उज्जवल घायल हो गए। घायलों को मेडिकल कालेज भेज दिया। पुलिस को सूचना दी।

# होटल में सिविल इंजीनियर का शव मिलने से हड़कंप

## ऋषिकेश के मोहल्ला गणेश विहार का रहने वाला है गौरव सक्सेना, शहर के मोहल्ला मोहम्मद जई में है ससुराल

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार** : शहर के एक होटल में सिविल इंजीनियर का शव संदिग्ध हालात में मिला। शव मिलने के बाद होटल परिसर में हड़कंप मच गया। सूचना पर एसपी राजेश द्विवेदी, एएसपी देवेंद्र कुमार, पुलिस टीम और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस के अनुसार मृतक उत्तराखंड के ऋषिकेश का रहने वाला गौरव सक्सेना (46) है। होटल के कर्मचारी ने बताया कि गौरव की नाक से खून निकल रहा था।

ऋषिकेश के थाना गंगानगर के मोहल्ला गणेश बिहार निवासी गौरव सक्सेना की ससुराल चौक कोतवाली के मोहल्ला मोहम्मदजई में है। उसकी पत्नी मायके में रह रही है। वह एक कंपनी में प्राइवेट इंजीनियर है। रविवार की दोपहर 12 बजे गौरव अपनी ससुराल न जाकर सीधे सदर बाजार थाना क्षेत्र में बहादुरगंज स्थित स्वागत होटल में पहुंचे और मैनेजर से कमरा मांगा। मैनेजर ने फर्स्ट फ्लोर पर पर कमना नंबर 107 दे दिया। सोमवार की शाम सात बजे उनका एक मित्र मिलने के लिए आया था। मंगलवार की सुबह 8.30 बजे होटल का कर्मचारी कमरे में नाश्ता पूछने के लिए गया। उन्होंने कमरे के बाहर खड़े होकर आवाज दी, लेकिन अंदर से कोई आवाज नहीं आयी। कर्मचारी ने दरवाजा खटखटाया तो नहीं खुला। कर्मचारी ने दरवाजे को धक्का दिया तो दरवाजा खुल गया। कर्मचारी ने देखा कि गौरव सक्सेना कुर्सी पर बैठे हुए थे और नाक से मामूली खून निकला हुआ था। कुर्सी के पास उल्टी पड़ी हुई थी। कर्मचारी ने उसका शव कुर्सी पर पड़ा देखा तो घबरा गया और भागकर मैनेजर को जानकारी दी। इस दौरान होटल के अंदर अफरा-तफरी मच गयी।

होटल के मैनेजर ने सदर बाजार थाना को सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश सिंह होटल पर पहुंचे और कर्मचारियों से जानकारी करके शव को कब्जे ले लिया।



जांच करते एएसपी देवेंद्र कुमार व पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार

**● कुर्सी पर शव मिला, कमरे में दवाइयों मिली, एएसपी सिटी ने मौका मुआयना किया**

> शहर में एक होटल में सिविल इंजीनियर का शव मिला है। उसके परिवार वालों को ऋषिकेश सूचना दे दी गयी है। उसकी ससुराल शहर में मोहल्ला मोहम्मद जई में है। वह होटल में आकर रुका था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बीमारी और हार्ट अटैक से मौत हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।
> – **राजेश द्विवेदी**, एसपी

### दोस्त से मंगाई थी डिटॉल की शीशी

होटल के कर्मचारियों ने बताया कि सोमवार की शाम उनके हाथ में किसी तरह चोट लग गयी थी। उन्होंने अपने एक दोस्त को फोन करके डिटॉल की शीशी मंगवायी थी। उसका दोस्त डिटोल की शीशी देकर चला गया था। उन्होंने जख्म वाले स्थान पर रुई से डिटॉल लगाया था। उनके मोबाइल की व्हाटसएप पर उसके बेटे की मैसेज पड़ा था। बेटे ने लिखा था कि प्लीज पापा काल उठाइये। पुलिस ने मोबाइल को कब्जे में ले लिया है। जिस कमरे में गौरव रुके थे, उसमें शराब की खाली बोतल और दवाइयों भी रखी हुई धी।

### गौरव की बीमारी व हार्ट अटैक से मौत

सदर बाजार पुलिस ने ऋषिकेश जिले के गौरव सक्सेना के शव का पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसकी बीमारी और हार्ट अटैक से मौत हुई है। वह स्वयं एक प्राइवेट कंपनी में ऋषिकेश में सीविल इंजीनियर के पद थे। उसकी पत्नी मायके में थी और उसके दो बेटे है, जिसमें एक जीटीआई का छात्र है। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया।

एएसपी सिटी देवेंद्र कुमार और सीओ सिटी होटल पर पहुंचे और मौका मुआयना किया। उन्होंने कर्मचारी से जानकारी की। इधर मृतक गौरव के ससुराल वाले होटल पर आ गए। एएसपी सिटी ने उनसे भी पूछताछ की। प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश कुमार ने बताया कि उनके परिवार वालों ऋषिकेश सूचना कर दी गयी है। उन्होंने बताया कि कोई तहरीर नहीं आयी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### तार जोड़ रहे युवक को लगा करंट, मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** मदनापुर थाना क्षेत्र के गांव तिरिया निवासी 28 वर्षीय सचिन कुमार मंगलवार की शाम कस्बा में अपने साथी प्रताप सिंह के साथ खंभे पर चढ़कर तार जोड़ रहा था। अचानक करंट लगने से सचिन नीचे गिरकर घायल हो गया। परिवार वाले उसे सीचसी पर ले गए। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया। पिता नन्हें लाल ने बताया कि उसका बेटा सचिन चार साल से मदनापुर बिजली उपकेद्र पर निजी तौर पर काम कर रहा था। उनका आरोप है कि विद्युत उप केंद्र पर किसी व्यक्ति से उसके बेटे का विवाद हो गया था। घटना के समय उसका साथी प्रताप सिंह भी मौजूद था। बिजली विभाग के जेई भोलानाथ ने बताया कि मृतक सचिन कुमार बिजली विभाग का कर्मचारी नहीं था और घटना के समय विद्युत सप्लाई बंद थी। उप निरीक्षक ने लटूरी सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### सांप पकड़ने गए युवक की सर्प दंश से मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** पुवायां क्षेत्र में सांप ने एक युवक को काट लिया। परिवार वाले झाड़ फूंक कराते रहे। काफी देर बात परिवार वाले उसे सीएचसी पर ले गए। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुवायां थाना क्षेत्र के गांव करनापुर निवासी राधे श्याम एक कोल्ड स्टोर में नौकरी करते थे। मंगलवार की सुबह वह गेहूं पिसवाने बाइक से गंगसरा गए थे। उनके मोबाइल पर किसी व्यक्ति की काल आयी और सांप पकड़ने के लिए चले गए। पकड़ते समय सांप ने डस लिया। परिवार वाले झाड़ फूंक कराने के लिए बंडा में सुनासिर घाट पर ले गए। परिवार वाले कुछ घंटे बाद सीएचसी पर लेकर आए और डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसकी शादी डेड़ साल पहले हुई थी। भाई रामसरन ने बताया कि सांप पकड़ने के लिए उसके भाई को लोग बुला लेते थे।

# रिट याचिका के नाम पर शिक्षकों से लाखों की ठगी

संवाददाता, कलान

**अमृत विचार** : क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालयों में तैनात दर्जनों शिक्षकों से कोर्ट में रिट याचिका दायर कराने के नाम पर लाखों रुपए की ठगी किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित शिक्षकों ने आरोप लगाया है कि सुल्तानपुर जिला निवासी दो शिक्षकों ने कार्यवाहक प्रधानाध्यापक के बराबर वेतन दिलाने का झांसा देकर उनसे पैसे जमा कराए, लेकिन न तो कोई रिट याचिका दायर हुई और न ही अब उनसे संपर्क हो पा रहा है।

पीड़ितों में विकास प्रताप सिंह, शेखर यादव, नितिन सिंह, प्रशांत मणि त्रिपाठी, संजय कुमार, दुर्गा प्रसाद पांडे, दुर्गेश प्रताप सिंह, मिठाई लाल, राहुल सोलंकी, अनुपम मिश्रा, वीरेंद्र कुमार, सिंधु, अर्नेश कुमार, प्रियमेश कुमार, प्रदीप कुमार तिवारी सहित अन्य प्रधानाध्यापक शामिल हैं। शिक्षकों का कहना है कि कई माह पहले सुल्तानपुर जनपद के शातिरों के खातों में प्रत्येक शिक्षक से 1500 रुपए के हिसाब से कोर्ट में रिट याचिका दायर कराने के नाम पर धनराशि जमा की। जब शिक्षकों ने आरोपियों से संपर्क करने का प्रयास किया तो उनके मोबाइल फोन बंद मिले। व्हाट्सएप के माध्यम से संपर्क करने पर अभद्र भाषा का प्रयोग किया जा रहा है। शिक्षकों ने मजबूर होकर मंगलवार को थाना प्रभारी शिवदीन वर्मा को प्रार्थनापत्र सौंपकर ठगी करने वाले शिक्षकों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

**● व्हाट्सएप पर अभद्र भाषा का करता है इस्तेमाल**

### थाने के पास किराना दुकान से डेढ़ लाख की चोरी, दी तहरीर

**खुदागंज, अमृत विचार:** थाने से महज डेढ़ सौ मीटर की दूरी पर स्थित एक किराना दुकान से बीती रात अज्ञात चोरों ने करीब डेढ़ लाख रुपए का सामान चोरी कर लिया। सुबह दुकान खोलने पर चोरी का पता चला, जिसके बाद पीड़ित व्यापारी ने पुलिस को सूचना दी। खुदागंज के मोहल्ला राठान निवासी अफरोज पुत्र गुलफाम बख्श की खुदागंज मेन रोड पर किराना दुकान है। रात के समय अज्ञात चोर दुकान के जीने से चढ़े और दीवार काटकर भीतर दाखिल हुए। इसके बाद चोरों ने दुकान से बड़ी मात्रा में किराना सामान चोरी कर लिया। सुबह जब व्यापारी दुकान खोलने पहुंचा तो अंदर का सामान बिखरा देख चोरी की जानकारी हुई। पीड़ित की ओर से पुलिस को तहरीर देकर चोरों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है।

# सीओ से नाराज व्यापारियों ने छोड़ी बैठक

संवाददाता, तिलहर

**अमृत विचार** : पीस कमेटी में जाम की समस्या का मुद्दा उठाने पर व्यापारियों और सीओ ज्योति यादव के बीच नोक झोक हो गई। इससे नाराज व्यापारियों ने बीच में ही पीस कमेटी की बैठक छोड़ दी और चले गए। व्यापारियों ने आरोप लगाया कि उनकी समस्याएं सुनने के बजाय अधिकारियों की ओर से टालमटोल और असंवेदनशील रवैया अपनाया जा रहा है।

मंगलवार शाम को कोतवाली परिसर में एसपी ग्रामीण दीक्षा भंवरें और उप जिलाधिकारी सदानंद सरोज की अध्यक्षता में पीस कमेटी बैठक आयोजित की गई थी। बैठक की शुरुआत में ही सीओ ज्योति यादव ने व्यापारियों से समस्याएं रखने और त्योहारों के दौरान शांति व्यवस्था पर चर्चा करने को कहा। इसी दौरान व्यापारी नेता चांद अंसारी ने नगर में लंबे समय से बनी जाम की समस्या को उठाते हुए उसके समाधान की मांग रखी। इस पर सीओ की ओर से कहा गया कि जाम की समस्या के लिए जनता भी जिम्मेदार है और इसके लिए आखिर कितनी फोर्स लगाई जाए। इस जवाब से नाराज होकर व्यापार मंडल अध्यक्ष सौरभ गुप्ता रवि, हितेश गुप्ता रिंकू, नगर पालिका सभासद कयूम खान, अकरम पाला सहित अन्य व्यापारी नेता और जनप्रतिनिधि बैठक से उठकर बाहर चले आए। बैठक से बाहर आने के बाद हितेश गुप्ता रिंकू ने कहा कि व्यापारियों की समस्याएं सुनने की मंशा ही नहीं है तो बैठक बुलाने का कोई औचित्य नहीं रह जाता। वहीं सौरभ गुप्ता रवि ने कहा कि पीस कमेटी बैठकों में परंपरागत रूप से त्योहारों की व्यवस्थाओं के साथ बिजली, जाम, पानी जैसी समस्याओं को भी अधिकारियों ने सुनना जरूरी नहीं समझा।



तिलहर कोतवाली परिसर में पीस कमेटी की बैठक के दौरान खाली पड़ी कुर्सियां।

**● जाम की समस्या उठाने पर सीओ से हुई नोंक-झोंक**







# आईडब्ल्यू ने परखी गुणवत्ता, टिकट विंडो सुधारेगी

## इज्जतनगर मंडल से रेलवे स्टेशन के निर्माण कार्यों का निरीक्षण करने पहुंचे अधिकारी, कार्य में सुधार के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचारः** रेलवे स्टेशन पर चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण करने इज्जतनगर की तीन सदस्यीय टीम यहां पहुंची। टीम ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता परखी और टिकट विंडो का अवलोकन कर ग्रिल हटाने के निर्देश दिए। जिससे टिकट लेने वाले यात्री को किसी तरह की दिक्कत न हो।

रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत योजना के तहत करीब दो साल से सौंदर्यीकरण कार्य किया जा रहा है। रेलवे स्टेशन पर कई नये निर्माण भी कराए गए हैं। पार्किंग बनाया गया है। प्लेटफार्म एक पर पत्थर लगाया गया है। नई बेंच लगाई गई हैं। इसके साथ ही रेलवे स्टेशन के मुख्य गेट को तोड़ कर ऊंचा कर करके बनाया गया है। मुख्य गेट के दोनों ओर की बिल्डिगों का नया निर्माण किया गया है।

मंगलवार को बरेली इज्जतनगर के आईडब्लू आनंद, चीफ प्रोग्राम मैनेजर, शमीम, तथा टीएल जयंती ने रेलवे स्टेशन पर पहुंच कर निर्माण कार्यों की गुणवत्ता परखी। आईडब्लू ने निर्माणाधीन बिल्डिंग पर हो रहे प्लास्टर को देखा। उसकी मोटाई देखी। सीमेंट और मसाला देखा, राज मिस्त्री से बात की। मजदूरों से कई तरह की पूछताछ की गयी। रेलवे स्टेशन पर निरीक्षण करने के बाद टीम ने टिकट विंडों का अवलोकन किया। टिकट लेने को लगाई गयी ग्रिल की चौड़ाई देखी। सीपीएम ने कहा कि एक विंडो पर करीब तीन फिट की जगह होनी चाहिए जिससे यात्री आराम से टिकट ले सके। निर्देशित किया गया कि विंडो पर लगी ग्रिल मानक के अनुसार नहीं है उसे हटाया जाए और एक ग्रिल से दूसरी ग्रिल के बीच की दूरी तय मानक के अनुसार रखी जाए। टीम ने रेलवे स्टेशन परिसर को बारीकी से देखा। बारिश के पानी के निकास को जगह न होने की बात पर बताया गया कि इंटरलॉकिंग करते समय इसका ध्यान रखा गया कि बारिश का पानी सीधा बाहर निकल जाए इसलिए अलग से कोई व्यवस्था नहीं की गयी है। निर्माण कार्यों का निरीक्षण करने के बाद टीएल जयंती ने बताया कि यहां कुछ खामियां तो हैं हालांकि गुणवत्ता संतोषजनक है। टिकट विंडो पर कुछ काम किया जाना है उसके बारे में बता दिया गया है। रेलवे स्टेशन के दोनों प्लेटफार्म आज साफ सुथरे दिख रहे थे। रेलवे कर्मचारी भी हर जगह मुस्तैद दिखे।


रेलवे स्टेशन पर निर्माण कार्य की गुणवत्ता देखते रेलवे अधिकारी। ● अमृत विचार


टिकट विंडो का निरीक्षण करते अधिकारी। ● अमृत विचार

### पार्किंग में लाइन में वाहन खड़े करने के निर्देश

रेलवे स्टेशन की पार्किंग में बिजली व्यवस्था न होने पर ठेकेदार ने टीम से बिजली पहुंचाने की मांग रखी। टीम ने कहा कि इसके लिए स्टेशन मास्टर को लिख कर दें। उनके आदेश पर यहां खंभा लगा कर बिजली दी जाएगी। टीम ने पार्किंग का निरीक्षण किया और बेतरतीब खड़े वाहनों को लाइन में खड़े कराने के निर्देश दिए।

### बदायूं रेलवे स्टेशन का किया जा रहा सुंदरीकरण

बदायूं रेलवे स्टेशन के सुंदरीकरण का कार्य रेलवे की योजना के मुताबिक किया जा रहा है। जिला मुख्यालय होने के बाद भी बदायूं का स्टेशन सामान्य श्रेणी की सुविधाएं यात्रियों को दे पा रहा था। नया स्वरूप होने के बाद बदलाव नजर आने लगेगा।

## चौकी इंचार्ज को अच्छे कार्यों को लेकर किया सम्मानित

**उसहैत, अमृत विचार :** विश्व हिन्दू महासंघ के संयोजक ने चौकी इंचार्ज प्रदीप राघव को फूल मालाएं पहनाकर सम्मानित किया।

क्षेत्र के ग्राम कटरा सहादतगंज पुलिस चौकी इंचार्ज प्रदीप कुमार राघव के अच्छे कार्य को लेकर मंगलवार को फूल माला पहनाकर एवं भगवान शंकर की प्रतिमा देकर उन्हे सम्मानित किया गया। इस मौके पर कहा कि पुलिस का कार्य जनता की सेवा करना है, उसी उद्देश्य को क्षेत्र के चौकी प्रभारी पूरा करके दिखा रहे हैं। इस मौके पर हिन्दू महासंघ जिला संयोजक सत्यराम गुप्ता, पूर्व प्रधान ओम सिंह शाक्य, धर्मवीर गुप्ता गोपाल गुप्ता आदि मौजूद रहे ।


चौकी इंचार्ज प्रदीप राघव को सम्मानित करते हिंदू महासंघ पदाधिकारी।

## आशा कर्मियों की हड़ताल 50वें दिन भी जारी

**बदायूं, अमृत विचार :** आशा कर्मियों की हड़ताल मंगलवार को 50वें दिन भी जारी रही।

मंगलवार को आशाओं की हड़ताल स्थल पर भारी संख्या देखने को मिली। आज आल इंडिया सेंट्रल काउंसिल ऑफ ट्रेड यूनियन ( एक्ट ) के प्रदेश अध्यक्ष विजय विद्रोही ने धरना स्थल पर पहुंच कर आंदोलनकारी आशा कर्मियों का हौसला बढ़ाया। जिलाध्यक्ष जौली वैश्य ने कहा कि नौ फरवरी को राजधानी में मार्च किया जाएगा। धरना स्थल पर पुष्पा, कमला देवी, राजरानी, पुष्पवती, सहलाता, कुसुम, आदर्श, रजनी, आदि ने भी संबोधित किया।

# कुड़ा नरसिंहपुर हाईवे पर जलभराव, आंदोलन की चेतावनी

संवाददाता, उझानी

**अमृत विचार :** दिल्ली रोड स्थित ग्राम कुड़ा नरसिंहपुर रोड पर जलभराव और भारी गंदगी के विरोध में ग्रामीणों ने भाकियू भानु गुट के जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में प्रदर्शन कर जिला प्रशासन और नगर पालिका के खिलाफ नारेबाजी की। ग्रामीणों ने कहा कि जलभराव के कारण स्थानीय लोगों को भारी दिक्कत होती है। बच्चे हादसे का शिकार हो रहे हैं।

उझानी से दिल्ली जाने वाले हाईवे स्थित ग्राम कुड़ा नरसिंहपुर पर काफी समय से जलभराव और गंदगी है। इस रोड से सुबह से शाम तक हजारों वाहन गुजरते हैं। जलभराव के कारण वाहनों के गुजरने पर पानी उछल पर आस पास के लोगों पर गिरता है जिससे कपड़े गंदे होते हैं। स्कूली बच्चे अक्सर कीचड़ में फिसल कर चोटिल होते हैं। रोड से गुजरने वाले बाइक सवारों को हादसे का शिकार होना पड़ता है।

इस समस्या को लेकर स्थानीय लोगों ने कई बार नगर पालिका और जिला प्रशासन को अवगत कराया मगर सुनवाई नहीं हुई। जिसके बाद मंगलवार को भाकियू भानु गुट के जिलाध्यक्ष अतुल तोमर के नेतृत्व में सैकड़ों ग्रामीणों ने मौके पर पहुंच कर प्रदर्शन किया। जिला प्रशासन और नगर पालिका के खिलाफ नारेबाजी की। अतुल तोमर ने कहा कि

कूड़ा नरसिंहपुर पर महीनों से भरा पानी है। गांव से बच्चे साइकिल से स्कूल जाते है बह गहरे गड्ढों एवं से निकल नहीं पाते है। कई वाहन पलट चुके हैं। दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। उन्होने कहा कि जल्द ही रोड पर जलभराव की समस्या का निस्तारण नहीं किया गया तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों का कहना है कि लगातार शिकायतें करने के बाद भी अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं।

मजबूरी में अब आंदोलन करने की रणनीति बना रहे हैं। अधिकारियों को सुनवाई करने के लिए बार बार कहा जा चुका है। जन प्रतिनिधियों ने भी इस तरफ कोई ध्यान नहीं दिया है।


जलभराव को लेकर प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार


सड़क पर जलभराव और गंदगी ● अमृत विचार

● **दिल्ली मार्ग पर जलभराव और गंदगी होने का विरोध कर रहे हैं ग्रामीण**

## भुगतान न होने पर डीसीओ कार्यालय पर धमके किसान

**बदायूं, अमृत विचार :** बिसौली चीनी मिल प्रबंधन द्वारा पिछले साल का गन्ना मूल्य भुगतान करने पर अब किसानों ने आंदोलन की चेतावनी दी है। भाकियू ने जिला गन्ना अधिकारी कार्यालय पर भारी हंगामा किया और जल्द ही कार्यालय का घेराव करने की चेतावनी दी है। बिसौली की यदु शुगर मिल पर पिछले साल का गन्ना मूल्य भुगतान अभी भी करीब आठ करोड़ से अधिक बकाया है। शासन और जिला प्रशासन मिल प्रबंधन के खिलाफ कार्यवाही कर चुका है। चीनी मिल प्रबंधन ने किस्तों में करीब 90 प्रतिशत भुगतान किया है। जबकि दस प्रतिशत भुगतान अभी भी मिल पर बकाया है । मंगलवार को भाकियू असली अराजनीतिक के किसानों ने जिला गन्ना अधिकारी कार्यालय पर हंगामा शुरू कर दिया।

## प्राचीन ललिता देवी मंदिर में हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा

संवाददाता, बिल्सी

**अमृत विचार :** नगर बिल्सी के मोहल्ला तीन स्थित प्राचीन ललिता देवी मंदिर परिसर में श्रद्धा और उत्साह के साथ भगवान हनुमान की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम से पूर्व नगर में हनुमान जी की मूर्ति की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

शाक्य समाज द्वारा आयोजित इस प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में बिल्सी विधायक हरीश शाक्य ने नवनिर्मित मंदिर का फीता काटकर आरंभ किया। इससे पहले हनुमान की मूर्ति की विधि-विधान और मंत्रोच्चार के साथ प्राण प्रतिष्ठा संपन्न कराई गई। यह धार्मिक अनुष्ठान पंडित भुवनेश शर्मा और पंडित कमलकांत शर्मा द्वारा कराया गया। जिसके बाद मंदिर में मूर्ति की स्थापना की गई।


शोभायात्रा में शामिल लोग।

विधायक ने कहा कि वह प्राचीन धार्मिक स्थलों के जीर्णोद्धार और संरक्षण के लिए हमेशा तैयार रहेंगे। हरसंभव सहयोग प्रदान करेंगे। आयोजन समिति ने विधायक व पूर्व पालिका अध्यक्ष ओमप्रकाश सागर का माल्यार्पण करके व पटका पहनाकर स्वागत किया। समिति की ओर से बनवारी लाल शाक्य, रामवीर शाक्य, मलखान शाक्य, जितेंद्र शाक्य, पूरनलाल शाक्य आदि मौजूद रहे।

## कुष्ठ रोगियों से न करें भेदभाव, गोष्ठी में दिया सुझाव

**बदायूं, अमृत विचार :** मंगलवार को स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान के तहत एक कुष्ठ गोष्ठी केदारनाथ महिला कॉलेज में आयोजित की गई। जिला कुष्ठ परामर्शदाता डॉक्टर सुधीर कुमार गुप्ता ने अपनी टीम के साथ प्रचार सामग्री बांटी तथा कुष्ठ के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि कुष्ठ के दाग धब्बों में सुन्नपन होता है, खुजली नहीं होती, पसीना नहीं आता, कान पर गांठ, कर्ण पल्लव का मोटा होना तथा नाक का बैठ जाना आदि लक्षण मिलते हैं। एमडीटी खाने से कुष्ठ रोग ठीक हो जाता है। जो सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों एवं जिला अस्पताल पर निशुल्क उपलब्ध है। कोई भी कुष्ठ रोगी से कोई भी भेदभाव न करें, इसके लिए सभी को शपथ दिलाई । गोष्ठी में डॉक्टर सुधीर कुमार गुप्ता ,मानवीर सिंह, मनोज कुमार एवं गौरव यादव ने प्रतिभाग किया।

# प्रीपेड मीटर की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन


अधिशासी अभियंता को ज्ञापन देते व्यापारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिसौली

**अमृत विचार :** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री के नाम तीन सूत्रीय ज्ञापन अधिशासी अभियंता को सौंपा। इस ज्ञापन में विद्युत विभाग द्वारा प्रीपेड मीटर लगाने से पूर्व से जमा सेक्युरिटी धनराशि को उपभोक्ताओं को वापस करने की बात कही गई है। कहा गया है कि प्रीपेड कनेक्शन के बाद इसका औचित्य नहीं रह जाता है। प्रीपेड मीटर लगने के पश्चात फिक्स चार्ज, मिनिमम चार्ज, इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी आदि समाप्त कर केवल उपयोग की गई विद्युत यूनिट के आधार पर ही बिल गणना की जाए। साथ ही प्रीपेड मीटर लगने के बाद उपयोग न होने पर मिनिमम चार्ज या फिक्स चार्ज मुक्त रखने की मांग की गई है। इस मौके पर नगर अध्यक्ष कृष्ण अवतार शर्मा के साथ संगठन के पदाधिकारी धर्मेंद्र वार्ष्णेय, नरेंद्र दिवाकर, सुमित गोयल, बॉबी गुप्ता, केपी मौर्य, गोपाल वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।



## न्यूज ब्रीफ

### सड़क हादसे में बरेली के दो लोग घायल, कार चालक पर रिपोर्ट दर्ज

**विजय नगला, अमृत विचार :** तेज गति से आ रहे कार सवार ने सड़क किनारे खड़े दो लोगों को टक्कर मार दी। दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को बरेली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल के बेटे की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज करके पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। बरेली के थाना सीबीगंज क्षेत्र के गांव हमीरपुर निवासी अर्जुन ने बिनावर पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके पिता 28 जनवरी को बदायूं से अपने गांव वापस आ रहे थे। रास्ते में उनकी बाइक खराब हो गई थी। पिता और मौसा राजू बरेली-मथुरा राजमार्ग स्थित चौधरी महाविद्यालय के पास खड़े थे। बरेली की ओर से तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगों ने पुलिस को सूचना दी। घायलों को एम्बुलेंस से अस्पताल में भर्ती कराया। पिता की हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने कार चालक पर रिपोर्ट दर्ज की है।

### तय होने के बाद शादी करने से किया इंकार

**बितरोई, अमृत विचार :** कोतवाली उझानी क्षेत्र के गांव खेड़ा हुसैनपुर निवासी कांति देवी पत्नी मुनीश कुमार की बेटी मीरा की शादी सहसवान क्षेत्र के अकबराबाद निवासी सुखवीर के साथ तय हुई थी। आरोप है कि लड़का पक्ष लड़की के घर पहुंचा और दिया गया सामान वापस करते शादी करने से इंकार कर दिया। इसी बात को लेकर दोनों पक्ष में कहासुनी हो गई। शादी तय कराने वाले मध्यस्थ और लड़का पक्ष के लोगों ने दबाव बनाया और मारपीट की। पीड़ित की ओर से कछला चौकी पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### सात फरवरी को होगी जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा

**बदायूं, अमृत विचार :** जवाहर नवोदय विद्यालय प्राचार्य भगत सिंह ने अवगत कराया है कि जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा कक्षा-9 व 11 का आयोजन 7 फरवरी को प्रातः 11-30 से 00 बजे से 1-30 बजे अपराह्न तक पूर्व निर्धारित परीक्षा केन्द्र मदन लाल इंटर कॉलेज, बिसौली, में सुनिश्चित किया गया है। परीक्षा केन्द्र पर सम्पूर्ण व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई हैं। उन्होंने सभी अभ्यर्थियों को निर्देशित किया है कि वे अपना प्रवेश पत्र नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं।

# कोहरे के साथ शीतलहर से छूटी कंपकंपी

## दृष्यता कम होने से धीमी गति से चले वाहन, मौसम विभाग ने जारी किया बारिश का अलर्ट

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- एक दिन पहले धूप खिलने के बाद फिर बिगड़ा मौसम
- मंगलवार को पूरे दिन नहीं हुए सूर्य देव के दर्शन



कोहरे में लाइट जलाकर जाते वाहन। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** फागुन में कोहरा परेशान कर रहा है। मंगलवार को लोगों की सुबह घने कोहरे के साथ हुई। घने कोहरे की वजह से दृश्यता काफी कम रही। इससे सड़कों पर यातायात प्रभावित रहा। वाहन चालक धीमी गति से वाहन चलाते हुए दिखाई दिए। वह सावधानी के साथ रोड पर चल रहे थे। कई स्थानों पर वाहन चालक हेडलाइट जलाकर धीमी गति से चलते नजर आए। दूरी स्पष्ट न दिखने से खासकर हाईवे पर वाहनों की रफ्तार थमी रही।

बीते सोमवार को मौसम साफ रहा। दिन में कुछ धूप निकली। जिसमें काफी तेजी रही। लोगों को लगा कि अब ठंड अधिक परेशान नहीं करेगी। लेकिन उनकी आशंका गलत साबित हुई। मंगलवार को मौसम का मिजाज बदला गया। सुबह के समय घना कोहरा छाया रहा। जिसका प्रभाव दोपहर तक रहा। सुबह ठंड और कोहरे के असर के चलते केवल जरूरी काम से जुड़े लोग ही घरों से बाहर निकले। बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा। कुछ समय बाद तेज हवा चलने पर कोहरा छटा और धूप निकली, जिससे लोगों को राहत की उम्मीद जगी। हालांकि यह राहत अधिक देर टिक नहीं सकी। थोड़ी ही देर में बादल छा गए और सर्द हवा चलने लगी। धूप निकलने पर दोपहर के समय बाजारों में कुछ चहल-पहल बढ़ी, मगर ठंडी हवा के कारण लोग अधिक देर तक बाहर नहीं ठहरे। शाम ढलते ही फिर से कोहरे का असर दिखने लगा और तापमान में गिरावट दर्ज की गई। मौसम के बार-बार बदलते रुख ने पूरे दिन आम जनजीवन को प्रभावित रखा। कामकाजी लोगों को समय पर पहुंचने में दिक्कत हुई, वहीं स्कूली बच्चों और बुजुर्गों को ठंड से बचाव की जरूरत पड़ी।

कृषि विभाग के अधिकारी बारिश की संभावना जता रहे हैं। कृषि अधिकारी मनोज रावत ने बताया कि सुबह और शाम को अभी कोहरा बना रहेगा। एक दो दिन में बारिश हो सकती है। इसके बाद मौसम पूरी तरह से साफ हो जाएगा।

### नाबालिग छात्रा से छेड़खानी, चार पर रिपोर्ट दर्ज

**कुंवरगांव, अमृत विचार :** थाना कुंवरगांव क्षेत्र के एक गांव निवासी नाबालिग छात्रा के साथ फब्तियां कसने और विरोध करने पर उसके घर पहुंचकर उसे धमकाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

छात्रा के परिजनों के अनुसार उनकी 15 साल की बेटी वजीरगंज के एक इंटर कॉलेज में कक्षा 11 में पढ़ती है। वह साइकिल से कॉलेज जाती है। आरोप है कि गांव गरुइया निवासी अभिषेक, सोनू, दीपांशु और कौशल रास्ते में उसपर फब्तियां कसते और अश्लील हरकत करते हैं। जिसकी वजह से छात्रा मानसिक तनाव में रहती है। छात्रा ने इस बारे मे अपने परिजनों को बताया। परिजनों ने युवकों के घर जाकर उनके परिजनों से शिकायत की। जिससे गुस्साए चारों युवक छात्रा के घर पर पहुंच गए। गाली-गलौज करते हुए छात्रा की मां से अभद्र व्यवहार किया। जान से मारने की धमकी देकर भाग गए।

## खनन करने वाले सात ओवरलोड वाहन सीज




सीज किए गए वाहनों के पास मौजूद एआरटीओ प्रवर्तन/प्रशासन हरिओम। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** अवैध रूप से संचालित वाहनों के खिलाफ एआरटीओ प्रवर्तन/प्रशासन की कार्रवाई जारी है। मंगलवार को खनन में प्रयुक्त सात वाहनों के अलावा परिवहन निगम से अनुबंधित बस को सीज किया है। सभी वाहनों को बिसौली कोतवाली परिसर में खड़ा कराया है।

शासन के निर्देश पर ओवरलोड वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। मंगलवार को एआरटीओ हरिओम बिसौली क्षेत्र में वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान बजरी, बजरफुट, गिट्टी का खनन करके ओवरलोड जा रहे सात वाहनों को सीज किया। जिनसे चार लाख रुपये का राजस्व जमा कराया गया है। साइलेंसर मॉडिफाई करने पर एक बाइक भी सीज की। निगम से अनुबंधित बस यूपी 24 टी 1107 को चेक किया। जिसका बीमा समाप्त हो गया था और फिटनेस भी नहीं थी। साल 2024 से टैक्स भी बकाया है। जिसका संचालन बंद कराया गया है। एआरटीओ ने बताया कि अगर कोई भी वाहन बिना बीमा, फिटनेस संचालित मिला तो कार्रवाई की जाएगी।

## गंगा एक्सप्रेस-वे के निकट लगाए गलत दिशा सूचक

संवाददाता, बिसौली




वोर्ड नं. एक गलत दिशा दिखाता हुआ।




वोर्ड नं. दो उल्टी दिशा दर्शाता हुआ।

**अमृत विचार :** इसे समय पर कार्य पूर्ण करने की जल्दी कहें या अनजाने में की गई चूक, बिसौली से सहसवान की ओर जाने वाले रास्ते पर गंगा एक्सप्रेसवे के नीचे दो ऐसे दिशा सूचक बोर्ड लगा दिए गए हैं जिसके कारण वाहरी यात्री अक्सर परेशानी में पड़ जाते हैं, उनकी ये परेशानी रात्रि के समय तब औक बढ़ जाती है जब कोई क्षेत्रीय व्यक्ति यहां मौजूद नहीं होता है तब और बड़ी हो जाती है। गलत दिशा में जाने से उनका समय और फ्यूल दोनों जाया होते हैं। बोर्ड नंबर एक बिसौली से सहसवान की ओर जाने पर दिखता है, जो बायीं ओर बिसौली जाने का इशारा करता है, जबकि इसे बिल्सी को दर्शाना चाहिए। क्योंकि बिसौली से तो हम आ ही रहे हैं, बोर्ड नंबर दो सहसवान की तरफ से बिसौली आते समय दिखता है जो दो तरफ से बिसौली जाने का इशारा करता है जबकि इसमें में भी इसे दायीं ओर बिल्सी को दर्शाना चाहिए था। इस गलती से वाहन चालकों की समस्या और बढ़ गयी है।

### तकादा करने पर पीटा व तोड़फोड़, कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट

**कुंवरगांव, अमृत विचार :** सीमेंट कारोबार में उधार की रकम वसूलने पहुंचे दुकानदार के साथ मारपीट करते हुए लूट की गई और वाहन क्षतिग्रस्त कर दिया गया। कोर्ट के आदेश पर दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की जा रही है।

थाना क्षेत्र के गांव दुगरैय्या निवासी अतुल कुमार अपने गांव में बदायूं-आंवला मार्ग पर बिल्डिंग मैटेरियल, सीमेंट की दुकान चलाते हैं। उन्होंने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि गंज चौराहा के टिम्बर व्यापारी प्रेमशंकर पुत्र वीरेंद्र और उनके भाई किशन दयाल ने उनसे सीमेंट उधार लिया था और अपनी दुकान पर बेचते थे लेकिन तय समय पर सीमेंट का 1.83 लाख रुपये का भुगतान नहीं किया। समझौता होने के बावजूद रकम न मिलने पर तकादा किया। 20 जून 2025 की शाम जब वह अपने कर्मचारी और कंपनी प्रतिनिधि के साथ पहुंचा तो विवाद बढ़ गया। आरोप है कि दोनों भाई प्रेम शंकर और किशन दयाल ने मारपीट की। 4800 रुपये लूट लिए। कार में ईंट-पत्थर मारकर तोड़फोड़ कर दी।

### सात साल पहले लापता दो सगी बहनें गुरुग्राम से बरामद

**बिल्सी, अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस ने वर्ष 2019 से लापता दो सगी बहनों को करीब छह वर्ष दस माह बाद बरामद किया गया। कोतवाल मनोज कुमार सिंह ने बताया कि दोनों किशोरियां 25 मार्च 2019 से लापता थीं। विवेचना के दौरान पूर्व में कई प्रयास किए गए, लेकिन कोई ठोस सफलता नहीं मिल सकी। उच्चाधिकारियों के आदेश पर प्रकरण की दोबारा विवेचना कराई गई। एसआई पुष्पराज सिंह ने सर्विलांस सेल व मुखबिर की सूचना के आधार पर दोनों बहनों की लोकेशन गुरुग्राम के डीएलएफ 3 क्षेत्र में पाई। इसके बाद पुलिस टीम व वादी के साथ हरियाणा पहुंची और ग्राम नाथूपुर से दोनों को सकुशल बरामद किया

## स्वीकृत कार्यों को समय से पूरा करने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



समीक्षा बैठक करते बिजली विभाग के अधिकारी। ● अमृत विचार

- बिजली विभाग की समीक्षा बैठक में सख्ती का दिखा असर
- शासन के निर्देश, गर्मियों में उपभोक्ताओं को नहीं हो परेशानी

**अमृत विचार :** अधीक्षण अभियंता चन्द्रशेखर कुमार की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक का आयोजन विकास भवन में किया गया।बैठक में निर्देशित किया गया कि गर्मियों के मौसम में उपभोक्ताओं को किसी तरह की परेशानी न हो। बिजनेस प्लान के स्वीकृत कार्यो को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए।

बैठक में आगामी ग्रीष्म ऋतु में निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए विस्तृत समीक्षा की गई। अधीक्षण अभियंता चंद्रशेखर कुमार द्वारा यह स्पष्ट निर्देशित किया गया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही, शिथिलता अथवा कार्य में विलंब को स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होने सख्ती के साथ कहा किबिजनेस प्लान के अंतर्गत स्वीकृत समस्त कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाए। अधिकारी/ की जाएगी। अधिकारी कर्मचारी अपने दायित्वों का समय से निवार्हन करें जिससे उपभोक्ताओं को शेड्यूल के अनुसार बिजली मुहैया करायी जा सके। कहा कि 15 फरवरी से शुरू हो रहे अनुरक्षण माह के अंतर्गत किए जाने वाले सभी कार्यों जैसे लाईनों का अनुरक्षण, ट्रांसफार्मर उप केंद्रों का निरीक्षण, मीटरिंग सुधार, लोड बैलेंसिंग एवं दोष निवारण की गहन समीक्षा की गई। तथा निर्देशित किया गया कि समस्त कार्य समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं पूर्ण रूप से प्रलेखित किए जाएं। सभी अधिशासी अभियंताओं एवं उपखण्ड अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में कार्यों की निरंतर मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें, तथा किसी भी प्रकार की समस्या की सूचना तत्काल उच्च स्तर पर उपलब्ध कराएं। बैठक में समस्त अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खण्ड प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ एवं समस्त उपखण्ड अधिकारी एवं सहायक अभियंता मीटर समस्त अवर अभियंता मौजूद रहे।

### बिजली घरों पर होगी नई वायरिंग

अनुरक्षण माह के तहत नई वायरिंग करने, नयी केवल डालने, सहित अन्य कई कार्यो को किया जाएगा। सभी बिजली घरों पर उपभोक्ताओं को दी जाने वाली राहत योजना के बारे में जानकारी दी जाएगी। बिजली बिलों में होने वाली गड़बड़ी को बिजली घरों पर निस्तारित किया जाएगा। विभाग के उच्चाधिकारी इस व्यवस्था का प्रति सप्ताह अवलोकन करेंगे करेंगे जिससे उपभोक्ताओं की समस्याओं का समय से निस्तारण किया जा सके।

### डुमैरा में स्कूल की जगह पर दबंग का कब्जा

**बदायूं, अमृत विचार :** ब्लॉक जगत के ग्राम डुमैरा में प्राइमरी स्कूल के निकट दबंगों ने नाली का पानी रोक दिया है जिससे स्कूल परिसर में नाली का पानी भर रहा है। स्कूल की दीवारों को पानी से खतरा पैदा हो गया है दबंगों के खिलाफ कार्यवाही की जाए।

लोकहित चेतना समिति के अध्यक्ष सुरेश चंद्रा ने जिलाधिकारी और बेसिक शिक्षा अधिकारी को दिए पत्र में कहा है कि गांव में प्राइमरी स्कूल है। स्कूल के निकट एक दबंग ने अवैध रूप से स्कूल के सामने नाली बना दी है। जिससे उक्त नाली का पानी स्कूल की दीवारों में जा रहा है। दबंग ने स्कूल के बराबर में मिट्टी डाल कर ऊंचा कर लिया है जिससे स्कूली बच्चों को परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने भी इस मामले में दबंगों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है।

## किसानों का गन्ना दूसरी मिलों को आवंटित

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- पिछले साल का गन्ना भुगतान नहीं करने से किसानों ने बिसौली चीनी मिल से बनाई दूरी

**अमृत विचार :** बिसौली चीनी मिल बंद होने के बाद उसके किसानों का बचा गन्ना अब शासन स्तर से चार अन्य चीनी मिलों को आवंटित कर दिया गया है जिससे किसानों की समस्या दूर हो गई है।

बिसौली की यदु शुगर मिल द्वारा पिछले साल का गन्ना मूल्य भुगतान समय पर नहीं किया गया जिससे गन्ना किसानों ने चीनी मिल से दूरी बना ली थी। गन्ने के अभाव में 27 जनवरी को चीनी मिल में गन्ना पेराई बंद कर दी गयी। जिसके बाद उक्त चीनी मिल क्षेत्र के गन्ना किसानों को गन्ना बेचने की समस्या पैदा हो गयीथी। जिला गन्ना अधिकारी द्वारा 25 जनवरी से 27 जनवरी तक क्षेत्र में सर्वे कराया गया जिसमें बिसौली चीनी मिल के किसानों का कुछ गन्ना शेष पाया गया।उक्त गन्ना बेचने को जिला गन्ना अधिकारी द्वारा शासन को दूसरी चीनी मिलों की मांग को एक पत्र लिखा गया। उक्त पत्र के बाद मंगलवार को गन्ना आयुक्त के आदेश पर पांच अन्य चीनी मिलों को उक्त गन्ना बेचने की अनुमति मिल गयी। अब संभल की मझावली चीनी मिल, फरीदपुर चीनी मिल, हरदोई की रूपापुर चीनी मिल रजपुरा चीनी मिल और जनपद की सहकारी चीनी मिल शेखूपुर को दो सेंटर आबंटित किए गए हैं जो लखनपुर ए और बी हैं। अब उक्त चीनी मिलों पर किसान अपना गन्ना बेचेंगे।

जिला गन्ना अधिकारी अशर्फी लाल ने बताया कि बिसौली चीनी मिल का शेष गन्ना अन्य चीनी मिलों को आवंटित किया गया है। उक्त चीनी मिलों से ही गन्ना किसानों को पर्ची मिलेगी और वहीं किसानों का भुगतान करेंगी।

अब गन्ना किसानों की समस्या का समाधान हो गया है। बुधवार से किसान अपना गन्ना उक्त चीनी मिलों के क्रय केंद्रों पर डालेंगें।

## जूनियर छात्रों ने सीनियर को दी विदाई

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



विदाई समारोह में मौजूद छात्र-छात्राएं ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** ब्लूमिंग डेल स्कूल दातागंज में मंगलवार, को विदाई समारोह का आयोजन बड़ी धूमधाम से संपन्न हुआ। जिसमे कक्षा-11 के छात्र-छात्राओं ने कक्षा-12 के छात्र-छात्राओं को विदाई के साथ शुभकामनाएं देकर एक दूसरे के साथ बिताए पलों को याद किया।

कार्यक्रम की शुरुआत हवन यज्ञ से हुई, जिसमें स्कूली अध्यापक अध्यापिकाओं के साथ छात्र-छात्राओं ने आहुतियां लगाई। विद्यालय की अध्यक्षा पम्मी मेहंदीरत्ता, निदेशक ज्योति मेहंदीरत्ता, मुख्य व्यवस्थापक ईशान मेहंदीरत्ता तथा श्वेता मेहंदीरत्ता ने मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप जलाकर पुष्पार्चन किया। प्रधानाचार्य अनुपम प्रकाश वैश्य, विभाग प्रमुख कीर्ति शर्मा, मीनाक्षी यादव तथा रसायन विज्ञान प्रवक्ता दुर्गेश झा ने अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ देकर किया। छात्र-छात्राओं ने विदाई समारोह पर आधारित शानदार नृत्य प्रस्तुत कर खूब वाहवाही लूटी। स्कूली प्रतियोगिता के दौरान कक्षा-12 के छात्र वैभव विक्रम सिंह को मिस्टर फेयरवेल तथा छात्रा सौन्दर्या ठाकुर को मिस फेयरवेल 2026 चुना गया ।

साथ ही सर्वोत्तम परिधान का खिताब प्रियांशु कुमार और बुशरा खान को दिया गया । विद्यालय परिवार की ओर से कक्षा-12 के छात्र छात्राओं को उपहार वितरित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गयी । इस मौके पर विद्यालय के अध्यक्ष पम्मी मेहंदीरत्ता ने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए कहा आज के ही बच्चे कल के उज्जवल भारत का भविष्य हैं। प्रधानाचार्य अनुपम प्रकाश वैश्य ने सभी का आभार व्यक्त किया। संचालन अध्यापिका ऋचा सिंह की देखरेख में कक्षा-11 के छात्र विमर्श श्रोत्रिय एवं छात्रा रिद्धिमा गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर सभी अध्यापक एवं अध्यापिकाएं मौजूद रहीं।

विश्व कैन्सर दिवस के अवसर पर
वरूण अर्जुन मेडिकल कालेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल
एन.एच. 30, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर द्वारा
निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन
4 फरवरी 2026, बुधवार
समय : प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक
कैम्प स्थान
कमरा नं. 171, मेडिसिन ओ.पी.डी.
रोहिलखण्ड अस्पताल बन्थरा, शाह.
में विशेषज्ञ रेडिऐशन ओन्कोलॉजिस्ट डॉक्टर द्वारा निःशुल्क परामर्श किया जायेगा।
स्वास्थ्य शिविर में आये मरीजों के लिए उपलब्ध निःशुल्क सुविधायें
1. पंजीकरण मुफ्त 2. परामर्श मुफ्त
3. खून की जाँच C.B.C. मुफ्त 4. पैप (PAP) स्मीयर की जांच मुफ्त
कैन्सर के लक्षण
वजन कम होना, लगातार थकान, त्वचा में बदलाव (तिल/गाँठ), लगातार खाँसी, शरीर में कहीं भी अजीब गाँठ या सूजन, लगातार मूत्र में खून आना, मुंह में छाले, सफेद या लाल धब्बे या ऐसे घाव जो 3 सप्ताह से ज्यादा समय से हो, बुखार और रात को अत्याधिक पसीना आना।
अस्पताल में कैन्सर का उपचार एवं जाँचों की उपलब्ध सुविधायें :-
1. बायोप्सी, रेडियो इमेजिंग (C.T. Scan, MRI), ब्लड मार्कर जाँच की सुविधा उपलब्ध।
2. सभी प्रकार के कैन्सर की कीमोथेरेपी द्वारा उपचार की पूर्ण व्यवस्था उपलब्ध।
3. कैन्सर रोगियों के लिए पोषण, काउलिंग एवं पुर्नवास सहायता उपलब्ध।
4. कैन्सर के हर चरण के लिए सही मार्गदर्शन व उपचार योजना उपलब्ध।
5. Immunohistochemistry द्वारा कैंसर की जाँच की सुविधा।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
Mob : 7521001988, 7521001989

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र भाव्यांश का नाम परिवर्तन करके भाव्यांश कुमार कर दिया है। सरकारी दस्तावेजों में भविष्य में इसी नाम से जाना जायेगा। **अमित कुमार शर्मा पुत्र श्री ज्ञान स्वरूप शर्मा निवासी इन्द्रानगर** आई.वी.आर.आई. मार्ग, इज्जतनगर, बरेली। मो. 8859111172

आवश्यकता है
अनुभवी व्यक्तियों की
● आयुष्मान मित्र
● पी.आर.ओ. (पब्लिक रिलेशन ऑफिसर)
● कंप्यूटर ऑपरेटर
● सिक्यूरिटी गार्ड
● कुक (रसोइया)/कुक हेल्पर
वेतन योग्यतानुसार
सम्पर्क करें
एच.आर. ऑफिस एडमिन ब्लाक
वरूण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल
एन.एच.-30 बन्थरा, शाहजहाँपुर
समय : प्रातः 10 बजे से सायं 04 बजे तक
मो. 7521001986

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

न्यूज ब्रीफ

### वजीरगंज नगर पंचायत के ट्रैक्टर से बैटरी गायब

**वजीरगंज, अमृत विचार :** नगर पंचायत वजीरगंज के कार्यालय परिसर से ट्रैक्टर की बैटरी गायब हो गई। नगर पंचायत के कर्मचारी संजीव ने एक चालक पर आरोप लगाते हुए अधिशासी अधिकारी और नगर पंचायत चेयरमैन के बेटे से शिकायत की। अधिशासी अधिकारी ने कार्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक कराई। जिसमें एक चालक को बैटरी निकालते देखा गया। नगर पंचायत प्रशासन की ओर से तहरीर दी गई। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया है। वहीं कुछ स्थानीय नेता मामला रफा-दफा कराने में लगे रहे।

### आंगन में बंधी भैंस चोरी, रिपोर्ट दर्ज

**कुंवरगांव, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव निनमा में चोरों ने घर के आंगन में बंधी भैंस चोरी कर ली। गांव निवासी संदीप कुमार पुत्र नत्थूलाल की भैंस 10 जनवरी को घर में पांच भैंस बंधी थी। परिवार सो रहा था। रात में चोरों ने एक भैंस चोरी कर ली। सुबह परिवार जागा तो एक भैंस गायब मिली। वह भैंस 20 दिन पहले ब्याई थी। रोज लगभग 12 लीटर दूध देती थी। आसपास के गांवों में तलाशने के बाद भी भैंस का कहीं पता नहीं चला तो संदीप ने तहरीर दी। पुलिस ने अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज की है।

### सामान छीनने पर लाठी से कुत्ते को मारा, मौत

**बदायूं, अमृत विचार :** उझानी कोतवाली क्षेत्र के प्रखर अग्रवाल ने तहरीर देकर बताया कि 28 जनवरी की दोपहर दो बजे मोहल्ला अयोध्यागंज निवासी नदीम पुत्र पप्पू खाने का सामान लेकर जा रहा था। एक कुत्ता सामान छीनकर भाग गया। जिससे गुस्साए नदीम ने कुत्ते को लाठी से मरा। जिससे कुत्ते की मौत हो गई। उन्हें पप्पू को फोन किया। उसने घटना कबूल की। प्रखर के पास उसकी ऑडियो रिकॉर्डिंग भी है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### अधिकारियों को दिया जैम पोर्टल का प्रशिक्षण

**बदायूं, अमृत विचार :** जेम पोर्टल पर क्रेता विभागों के प्रशिक्षण के लिए कार्यशाला का आयोजन मंगलवार को कलेक्ट्रेट में किया गया, जिसमें जिले के सभी आहरण एवं वितरण अधिकारी तथा जैम कार्य देख रहे सम्बन्धित पटल सहायक द्वारा कार्यशाला में प्रतिभाग किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जैम से सम्बन्धित कठिनाईयों व जैम पोर्टल से सम्बन्धित समस्त जानकारियां अंकित शुक्ला, जैम सेल लखनऊ द्वारा दी गयी। जनपद के जैम नोडल आशीष गुप्ता उपायुक्त उद्योग द्वारा भी जैम से सम्बन्धित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई तथा जैम कार्यशाला का आयोजन उनके द्वारा संपादित कराया गया। सभी सम्बंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# दबिश देने पहुंची बदायूं पुलिस की कार्रवाई के दौरान ग्रामीण की मौत

## परिजनों ने पुलिस पर हाथापाई और धक्का-मुक्की करने का लगाया आरोप

कार्यालय संवाददाता, संभल/बदायूं

**अमृत विचार:** कैला देवी थाना क्षेत्र के गांव में दबिश देने पहुंची बदायूं पुलिस की कार्रवाई के दौरान एक ग्रामीण की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों और रिश्तेदारों में आक्रोश फैल गया। परिजनों ने पुलिस पर हाथापाई और धक्का देने से मौत होने का आरोप लगाते हुए स्थानीय पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

हयातनगर थाना क्षेत्र के हैबतपुर का रहने वाला हरचरण मंगलवार को अपनी पत्नी जयवती के साथ ससुराल कैला देवी के गांव नारंगपुर आया था। हरचरण के बेटे अनिकेत पर आरोप है कि वह करीब 10 दिन पहले बदायूं के बिसौली थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती को बहला-फुसलाकर ले गया था। इस मामले में युवती के परिजनों की तहरीर पर बिसौली थाना पुलिस ने अनिकेत के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। मंगलवार को बिसौली थाना पुलिस ने हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव हैबतपुर में अनिकेत के घर पर दबिश दी लेकिन आरोपी घर पर नहीं मिला। इसके बाद पुलिस लोकेशन के आधार पर आरोपी के पिता हरचरण की ससुराल कैला देवी थाना क्षेत्र के गांव नारंगपुर पहुंची। आरोप है कि पुलिस ने वहां हरचरण को पकड़ने का प्रयास किया। इसी दौरान हरचरण भागने लगे। पुलिस कर्मियों ने उन्हें दौड़ाकर पकड़ लिया।



मौके पर खड़े परिवार के लोग। ● अमृत विचार

परिजनों का आरोप है कि पकड़ने के दौरान पुलिस द्वारा धक्का-मुक्की की गई, जिससे हरचरण जमीन पर गिर पड़े और बेहोश हो गए। हरचरण की हालत बिगड़ती देख बिसौली थाना पुलिस मौके से लौट गई। इसके बाद परिजनों ने कैला देवी थाना पुलिस को सूचना दी और पुलिस पर मारपीट कर मौत का आरोप लगाया। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार वर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। परिजनों ने आरोपी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए हंगामा किया। पुलिस ने स्थिति को शांत कराते हुए शव का पंचनामा भरने की प्रक्रिया शुरू की और पोस्टमार्टम की तैयारी की जा रही है। कैला देवी पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है।

## बाइक की सर्विस के दौरान फिल्टर बॉक्स से निकला सांप

**कुंवरगांव, अमृत विचार :** कस्बे में थाने के निकट एक ऑटो सर्विस की दुकान पर उस समय कौतूहल का माहौल बन गया, जब बाइक की सर्विस के दौरान उसके फिल्टर बॉक्स से अचानक सांप निकल आया। फरीदपुर चकोलर निवासी नरवीर अपनी बाइक की सर्विस कराने को मिस्त्री विनोद पाल के पास पहुंचा। मिस्त्री ने बाइक खोलनी शुरू की, तो उसमें छिपा हुआ सांप सामने आ गया। सांप के दिखते ही मिस्त्री और लोग डरकर दूर भाग खड़े हुए। कुछ ही पलों में दुकान के बाहर भीड़ लग गई। बाद में सूझबूझ से सांप को बाइक से बाहर निकालकर सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया।



बाइक के फिल्टर में दिख रहा सांप।

## केक काटकर मनाया सपा के मुख्य सचेतक का जन्मदिन



सपा के मुख्य सचेतक धर्मेंद्र यादव का जन्मदिन मनाने के दौरान मौजूद लोग।

संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** जिले में सपा के मुख्य सचेतक व आजमगढ़ सांसद धर्मेंद्र यादव का जन्मदिन मनाया गया। समाजवादी महिला सभा की निवर्तमान जिलाध्यक्ष संतोष कश्यप, हर्षित यादव व सोनू गुप्ता के नेतृत्व में केक काटकर खुशी का इजहार किया। आनंद आश्रम में अनाथ बच्चों को मिठाई खिलाकर व उपहार देकर मनाया। सरताज अली खान, रणवीर यादव, विवान यादव, माला शर्मा, बबीता कश्यप, जया सिंह, विनीता कश्यप, शब्बू खान, आरती ठाकुर, राजरानी, सुमन कश्यप, राम बेटी, रानी, अंजुम नाहिद, प्रेमवती शाक्य, कमलेश यादव, अरुण यादव, अंजलि कश्यप बृजेशा आदि मौजूद रहे। वहीं पूर्व जिला सचिव राहुल कुर्मी, शिवम राठौर के नेतृत्व में केक काटा गया। मीडिया प्रभारी प्रभात अग्रवाल, सोनू पटेल, शिवा कनौजिया, सिद्धार्थ राठौर, वंश ठाकुर, प्रियम पटेल, विवेक राठौर, गौरव पटेल, दक्ष पटेल, अनिल यादव, सुनील यादव, विक्की राठौर आदि शामिल रहे।

# स्टूडेंट्स पुलिस अनुभवात्मक इंटर्नशिप का तीसरा चरण शुरू

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** केंद्र सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय एवं उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वावधान में अपर पुलिस महानिदेशक के निर्देशन में जनपद में स्टूडेंट पुलिस एक्सपीरियंशियल लर्निंग कार्यक्रम के तृतीय चरण का शुभारंभ रिजर्व पुलिस लाइन सभागार में किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. बृजेश सिंह की अध्यक्षता में क्षेत्राधिकारी नगर एवं क्षेत्राधिकारी उझानी द्वारा आयोजित शुभारंभ कार्यक्रम में भारत सरकार युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय की ओर से नामित नोडल अधिकारी डॉ. सतीश सिंह यादव, पुलिस विभाग की ओर से नामित नोडल अधिकारी सीओ सिटी रजनीश उपाध्याय तथा चयनित शिक्षण संस्थानों के 109 प्रतिभागी छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में छात्रों को उद्देश्य, संरचना, प्रशिक्षण प्रक्रिया,



स्टूडेंट पुलिस एक्सपीरियंशियल लर्निंग कार्यक्रम में शामिल शिक्षक और पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार

कानून एवं आपराधिक प्रक्रिया, आपराधिक अनुसंधान, यातायात नियंत्रण, साइबर अपराध, मानव तस्करी तथा कानून-व्यवस्था से जुड़ी जानकारी दी गई। इसका लक्ष्य युवाओं में अनुभवात्मक सीख के माध्यम से संज्ञानात्मक कौशल, लोक कौशल को मजबूत करना तथा पुलिस मित्र बनाना है। इसके अलावा, चयनित छात्र-छात्राओं को माई भारत पोर्टल पर शीघ्र पंजीकरण पूरा करने के लिए प्रेरित किया गया। एसएसपी ने कहा कि इस कार्यक्रम से युवा पीढ़ी में पुलिस के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित होगा। राजकीय महाविद्यालय के एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सतीश सिंह यादव ने कहा कि पुलिस विभाग कार्यशैली एवं तकनीकी दक्षता का संज्ञान ग्रहण कर छात्र-छात्रा समाज में अमन शांति कायम रखने में अग्रणी भूमिका का निर्माण करेंगा।

इस अवसर पर पुलिस विभाग के कुलदीप यादव, प्रवीन कुमार, जनपद के विभिन्न थानों के प्रभारी, राजकीय महाविद्यालय, जेएस कॉलेज, गिन्दो देवी महिला महाविद्यालय, राजकीय महिला महाविद्यालय, डीपी महाविद्यालय सहसवान ,गोविंद बल्लभ पंत पीजी कॉलेज कछला के छात्र छात्रा उपस्थित रहे।

# 25 लाभार्थियों का प्रशिक्षण शुरू

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

● **12 फरवरी तक चलेगा विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना प्रशिक्षण**

**अमृत विचार :** विष्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत ट्रेड दर्जी में 125, लोहार में 25, बढई 25, राजमिस्त्री में 25 एवं कुम्हार में 25 चयनित लाभार्थियों का प्रशिक्षण राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सालारपुर में आयोजित प्रशिक्षण शिविर का फीता काटकर सदर विधायक ने उदघाटन किया।

जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र के उपायुक्त उद्योग ने बताया कि यह प्रशिक्षण 3 से 12 फरवरी तक कराया जा रहा है। मंगलवार को प्रशिक्षण का उद्घाटन सदर विधायक महेश चन्द्र गुप्ता ने किया। सदर विधायक, उपायुक्त उद्योग, प्रधान सहायक व प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान द्वारा प्रषिक्षण प्राप्त करने आये प्रतिभागियों को योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई।

इस अवसर पर उपायुक्त उद्योग आशीष गुप्ता, प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सुरेन्द्र कुमार वार्ष्णेय, प्रधान सहायक मो0 फारूक खां व कार्यक्रम सह संयोजक उपस्थित रहे।



प्रशिक्षण का उद्घाटन विधायक महेश चन्द्र गुप्ता। ● अमृत विचार

# अस्पताल में हुई गर्भवती की मौत चिकित्सा अधीक्षक ने दी तहरीर

संवाददाता, दातागंज

● **रक्त स्त्राव की वजह से 30 जनवरी को भर्ती हुई थी महिला अगले दिन हुई थी मौत**

**अमृत विचार :** नगर दातागंज में अवैध रूप से चल रहे निजी अस्पताल में 4 दिन पहले गर्भवती की मौत के बाद मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रामेश्वर मिश्रा के निर्देश पर दातागंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. रिदेश भसीन ने रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए तहरीर दी है।

तहरीर में उन्होंने बताया कि 30 जनवरी को दातागंज में कई साल से चल रहे अवैध सिटी अस्पताल में एक चार माह की गर्भवती महिला कुसुमा पत्नी अजय पाल को रक्त स्राव के चलते शनिवार आठ बजे भर्ती कराया गया था। चिकित्सक व स्टाफ ने गारंटी से इलाज का आश्वासन दिया था। डॉ. जोहरा फात्मा ने इलाज किया। रात में अस्पताल में ताला लगा दिया गया था। वह भवन में ऊपर सोने चली गई। अगले दिन सुबह लगभग पांच बजे महिला ने दम तोड़ दिया। परिजनों ने चिकित्सक पर लापरवाही करने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची। ग्रामीणों को शांत कराया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। महिला के पति ने अस्पताल के चिकित्सक व स्टाफ पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी। चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि सीएमओ के निर्देश पर अवैध अस्पतालों के खिलाफ जांच की थी। अस्पताल प्रबंधक रजिस्ट्रेशन व प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाए।

## जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करके मारपीट

**इस्लामनगर, अमृत विचार :** गांव अल्लैहपुर निवासी रोशनलाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि दो फरवरी की सुबह करीब 11 बजे उनका बेटा सुनील दवा लेकर वापस लौट रहा था। गांव अल्लैहपुर समसपुर के रहने वाले हिमांशु व रमन पुत्रगण गुरुदत्त, गुड़िया पुत्र बंटी, पारस गुप्ता पुत्र पप्पू ने रास्ते में सुनील को रोक लिया। आरोप है कि सभी ने उसके साथ गाली-गलौच की और जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए लाठी-डंडों व लोहे के कड़े से मारपीट की। जान से मारने की धमकी भी दी, जिससे सुनील को गंभीर चोटें आईं। पीड़ित ने बताया कि इसी दिन शाम जब उसका बेटा सुनील और अमन दोबारा दवा लेने जा रहे थे तब आरोपियों ने फिर से उन्हें रोककर धमकाया और गांव छोड़ने की चेतावनी देते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

# बिजली की समस्याओं को लेकर व्यापारियों ने किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रांतीय आह्वान पर व्यापारी प्रदेश युवा अध्यक्ष नवनीत गुप्ता शोंटू व प्रदेश मंत्री पवन जैन के नेतृत्व में जुलूस निकालकर विद्युत विभाग कार्यालय पहुंचे और प्रदर्शन किया। विभाग से संबंधित विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए मुख्यमंत्री को संबोधित 19 सूत्रीय ज्ञापन अधीक्षण अभियंता चंद्रशेखर कुमार को सौंपा।

प्रदेश युवा अध्यक्ष ने कहा कि प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाए जाने से पहले विभाग में जमा की गई सिक्योरिटी राशि उपभोक्ताओं को वापस कराई जाए। प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद फिक्स चार्ज, मिनिमम चार्ज, इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी आदि समाप्त करें। यूनिट के आधार पर ही बिल की गणना हो। प्रीपेड मीटर लगाए जाने से पहले



विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपते व्यापारी। ● अमृत विचार

मीटर की जांच लीगल मेट्रोलॉजी विभाग द्वारा कराई जाना जरूरी है। लीगल मेट्रोलॉजी विभाग के नियमों के अनुसार हर साल मीटर की जांच हो। प्रदेश मंत्री ने कहा कि बिजली कटौती के लिए रोस्टर घोषित हो। जिसकी सूचना सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराएं। अघोषित बिजली कटौती को प्रतिबंधित करें। प्रार्थना पत्र जमा करने पर रिसीविंग नहीं दी जाती है। जिला महामंत्री संजीव आहूजा ने मांग की विद्युत आपूर्ति व बिल सुधार से संबंधित शिकायत दर्ज करते समय शिकायत पर्ची बनाए जाने को कहा। जिला महामंत्री हाजी राशिद ने कहा कि मीटर बदले जाने के बाद उन्हें लैब जांच के लिए भेजा जाता है। जिसके आधार पर उपभोक्ता पर विद्युत चोरी जैसे गंभीर आरोप लगाए जाते हैं। नगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने कहा कि औद्योगिक उपभोक्ताओं के बिलों में पोर्टल पर दर्शाई गई राशि और वास्तविक बिल राशि में अंतर पाया जा रहा है, जिसका कोई समाधान नहीं किया जा रहा है। नगर महामंत्री संजय रस्तोगी ने कहा कि केंद्र व प्रदेश

● **जुलूस निकालते हुए कार्यालय पहुंचे व्यापारी, अधीक्षण अभियंता को सौंपा ज्ञापन**

सरकार द्वारा सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने हेतु अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। सोलर प्लांट लगाने वाले उपभोक्ताओं को सब्सिडी भी दी जा रही है लेकिन नेट मीटरिंग वाले उपभोक्ताओं को सौर ऊर्जा की रीडिंग घटवाने के लिए विभाग के चक्कर काटने पड़ते हैं। जिला उपाध्यक्ष सर्वत हमीद खान व जावेद खान, नगर उपाध्यक्ष संजय शर्मा, जिला उपाध्यक्ष रूपेंद्र सिंह लांबा, उद्योग मंच के जिलाध्यक्ष सर्वेश गुप्ता, युवा जिला मंत्री निखिल गुप्ता, देवेंद्र गुप्ता, नरेश शंखधार, अभिषेक रस्तोगी, गुड्डू गुप्ता, दीपक गुप्ता, प्रमोद गुप्ता आदि मौजूद रहे। अधीक्षण अभियंता ने मांग शासन को भेजकर निस्तारित कराने का आश्वासन दिया।


# 2.46 करोड़ से शुरू हुआ 25 सड़क और नालों का काम

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

● **कई साल रुके थे काम, लोगों ने चेयरमैन से की थी सुधार कराने की मांग**

**अमृत विचार :** नगर पालिका अध्यक्ष फात्मा रजा के नेतृत्व में विकास की रफ्तार तेज हुई है। शहर के विकास के लिए लगभग 2.46 करोड़ की लागत से 25 सीसी सड़कों, नालों, पुलिया और इंटरलॉकिंग का निर्माण शुरू किया गया है। काम पूरा होने पर शहर के कई वार्डों में आवागमन सुगम होगा।

चेयरमैन ने कहा कि हर वार्ड में जरूरत के अनुसार सड़क, नाला और इंटरलॉकिंग का काम कराया जा रहा है। जिससे शहर सुंदर और व्यवस्थित बने। शहर में ऊपर पारा छोटे-बड़े सरकार रोड पर द वैन्यू हॉल से सज्जाद के मकान तक सीसी सड़क व नाली निर्माण कार्य को 11.89 लाख रुपये, लालपुल में खुराना टायर वालों के पास बाबूराम मौर्य से झाऊ के मकान तक व लिंक गली में सीसी सड़क व नाली निर्माण कार्य में 5.55 लाख रुपये, रंगीन मस्जिद से नूरउद्दीन से अख्तर के होटल तक सीसी रोड मय नाली निर्माण में 10.58 लाख रुपये, वार्ड 18 में जीतपाल से इन्दू सक्सेना से प्रमोद मौर्य घर तक और विश्वास गुप्ता से हरीश, नेकपाल के घर तक सीसी रोड मय नाली कार्य में 11.539 लाख रुपये, कबूलपुरा में निर्माण कार्य शाहिद के मकान से होली चौक तक सीसी कार्य में 11.15 लाख रुपये, डीएम आवास के पीछे दिनेश कुमार से मनोज बिहारी के आगे की सीसी कार्य 11 लाख 62 हजार 899 रुपये होगा। इसके अलावा रंगरेजान वाली गली में राकेश के मकान से जाहिद के मकान तक सीसी कार्य 6.13 लाख रुपये, वार्ड एक में निर्माण कार्य एप्रोच रोड पुलिया लोटनपुरा इंटरलॉकिंग 6.26 लाख रुपये, वार्ड दो कृष्णापुरी में डॉ. एके वर्मा हास्पिटल से काशीराम मौर्य के मकान तक सीसी सड़क व नाली निर्माण कार्य 5.98 लाख, जालंधरी सराय नाईयों वाली गली में इकबाल के मकान से मुस्तफा के मकान तक सीसी सड़क व नाली निर्माण कार्य 8.08 लाख रुपये से होगा। नागरान में हीरालाल वर्मा के मकान से नूरी मस्जिद तक सीसी सड़क व नाली निर्माण कार्य 8.88 लाख, वार्ड एक में अब्दुल हसन के मकान से फकरुद्दीन के मकान तक सीसी सड़क व नाली निर्माण कार्य 5.76 लाख, नई सराय नई बस्ती में लईक के मकान से छोटे के मकान तक इंटरलॉकिंग सड़क उच्चीकरण का निर्माण कार्य 5.51 लाख, संतोष सिंह तिराहे के पास लक्ष्मी बिहार कॉलोनी से अलापुर रोड से महावीर सिंह चौहान के मकान तक सीसी सड़क व नाली निर्माण कार्य 11.51 लाख, ब्राह्मपुर में अशोक माहेश्वरी से सत्यपाल भदौरिया तक सीसी रोड कार्य 6.11 लाख, वार्ड 24 में नत्थू के मकान से प्रीतम की पुलिया तक सीसी रोड मय नाली 15.93 लाख रुपये, मोहल्ला ऊपर पारा नई बस्ती में इशरत भाई के मकान से अलाउद्दीन के मकान तक इंटरलॉकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य 11.25 लाख रुपये से कराया जाएगा। इसे अलावा न्यू आदर्श कॉलोनी, नगर पालिका के गांधी ग्राउंड में गेट का निर्माण कार्य, जोगीपुरा, वार्ड 28, गोपी चौक चौराहे, आदि पर लाखों रुपये से काम कराए जाएंगे।



> बदायूं नगर को स्वच्छ और सुविधायुक्त बनाना उद्देश्य है। वर्षों से नाला, सड़क और जल निकासी की समस्याएं थीं, अब वहां योजनाबद्ध तरीके से निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं। जनता को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए संकल्पित हैं। शहर के कई इलाकों में सालों से काम रुके थे लोग बार-बार शिकायत करते थे। बारिश में गलियों में पानी भर जाता था। अब सभी जगह पर काम कराए जा रहे हैं।
>
> **- फात्मा रजा**, चेयरमैन, नगर पालिका परिषद बदायूं

## लाइट फिटिंग के दौरान करंट से श्रमिक की मौत

**सहसवान, अमृत विचार :** कोतवाली सहसवान क्षेत्र के गांव मालपुर ततेरा निवासी मनोज कुमार (20) पुत्र अमर सिंह डेकोरेशन फार्म संचालक गुलशन शमशाद के यहां शादी आदि में रोशनी के लिए बिजली की फिटिंग का काम करते थे। वह गांव हमुपुर चमरपुरा के ग्रामीणों के बुलाने पर शब ए बरात को लेकर कब्रिस्तान में रोशनी की सजावट के लिए गए थे। वह अन्य श्रमिकों के साथ फिटिंग का काम कर रहे थे। मनोज कुमार कंधे पर लोहे का खंभा लेकर कब्रिस्तान में लगाने जा रहे थे। इसी दौरान वह बिजली के तार के संपर्क में आ गए। उनके साथ अन्य श्रमिकों को करंट लग गया। छह श्रमिक छिटककर दूर जा गिरे लेकिन मनोज की मौत हो गई।

# छुट्टा गोवंश ने महिला को किया घायल

संवाददाता, कुंवरगांव

**अमृत विचार :** ग्रामीणों पर छुट्टा पशुओं के हमले कम नहीं हो पा रहे हैं। लोगों की जान जा रही है। तो कोई अस्पताल में इलाज करा रहा है। जिम्मेदार सुनने को तैयार नहीं है। गोवंश को संरक्षित नहीं किया जा रहा है। विकास क्षेत्र सालारपुर के गांव बल्लिया में एक गोवंश खूंखार हो गया है। जो ग्रामीणों को अकेला देखकर हमला कर रहा है। आठ दिनों मे महिला समेत दो लोगों पर हमला करके घायल कर चुका है।

सोमवार को गांव निवासी रामलली पत्नी केदार बाग में कंडे संभालने गई थीं। जहां गोवंश ने उनपर हमला कर दिया। गोवंश ने



छुट्टा गोवंश के हमले में घायल महिला।

महिला को जमीन पर पटक दिया। चीख पुकार सुनकर ग्रामीण पहुंचे और जैसे तैसे महिला को गोवंश से बचाया। परिजनों ने महिला को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। जहां महिला का इलाज चल रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में पांच छुट्टा गोवंश घूमते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### वितरित की ट्राई साइकिल और व्हीलचेयर

**बिलसंडा, अमृत विचार :** समाजसेवी विक्रम नरेश जायसवाल ने मंगलवार को दिव्यांगजनों को व्हीलचेयर और ट्राइसाइकिल का वितरण किया। कार्यक्रम का आयोजन गोला रोड स्थित पेट्रोल पंप पर किया गया। उपकरण पाकर दिव्यांगजनों के चेहरे खिल उठे। इस मौके पर प्रिया जायसवाल, अमित जायसवाल, आशीष जायसवाल, अधिवक्ता आशीष सक्सेना, सत्येंद्र शुक्ला मनु, अरविंद अवस्थी, संदीप राठौर, रामदास पाठक, आलोक जायसवाल, गौरव शुक्ला, सतनाम सिंह आदि मौजूद रहे।

### बाल विकास विभाग ने बांटी ईसीसी किट

**खुटार, अमृत विचार :** बाल विकास पुष्टाहार परियोजना विभाग की ओर से आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए आईसीसी किट का वितरण किया गया। सोमवार को बाल विकास परियोजना कार्यालय पर मुख्य सेविका श्यामा देवी, वैशाली सिंह, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर अनुज कुमार, ब्लॉक मॉनिटर दमयंती गंगवार ने खुटार ब्लॉक क्षेत्र में संचालित 10 आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए ईसीसी किट वितरित कीं। मुख्य सेविका श्यामा देवी और ब्लॉक मॉनिटर दमयंती गंगवार ने बताया कि ईसीसी किट में आंगनबाड़ी केंद्र पर पढ़ने वाले बच्चों के लिए कुर्सी, मेज, ब्लैक बोर्ड समेत कई अन्य सामग्री आई है।

# मंडल में अपराध नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा

## अपराधियों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई की भी हुई समीक्षा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- समीक्षा बैठक में मंडल के चारों जिले के पुलिस कप्तान हुए शामिल
- त्योहारों पर कानून व्यवस्था और यातायात सुदृढ़ रखने के दिए निर्देश

**अमृत विचार :** मंडल के चारों जिले के पुलिस कप्तान के साथ डीआईजी ने मंगलवार को अपराध नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था को लेकर बैठक की। उन्होंने टॉप 10 अपराधियों, फरार अपराधियों, पंजीकृत किए गए गैंग की भी समीक्षा की। उन्होंने आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के निर्देश दिए।

डीआईजी अजय कुमार साहनी ने अपने कार्यालय में एसएसपी बरेली अनुराग आर्य, बदायूं एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर और पीलीभीत के साथ समीक्षा गोष्ठी की। इसमें आपराधिक प्रकरण, माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई, निरोधात्मक कार्रवाई, एसआर केस और लंबित विवेचनाओं के निस्तारण, गिरफ्तारी के लिए शेष पुरस्कार घोषित व वांछित अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्रवाई की समीक्षा की। डीआईजी ने महिला उत्पीड़न, एससी/एसटी एक्ट पर निर्देश दिए। इसके अलावा जनपदों में अपूर्ण निर्माण, मरम्मत कार्यों, मृतक आश्रित सेवायोजन के लंबित प्रकरण, सेवानिवृत्त एवं मृतक पुलिस कर्मियों की पेशन/लंबित देयकों के भुगतान की स्थिति की समीक्षा की। टॉप 10 अपराधियों, फरार अपराधियों, पंजीकृत किए गए गैंग के सदस्यों के विरुद्ध की गयी कार्रवाई, थानावार हिस्ट्रीशीट की स्थिति की भी समीक्षा की।

डीआईजी ने इंटीग्रेटेड रोड एक्सीडेंट डाटाबेस फीडिंग की स्थिति, सड़क दुर्घटना बाहुल्य (ब्लैक स्पॉट) स्थानों के चिन्हीकरण, सड़क दुर्घटना से होने वाली मृत्यु दर को कम करने के लिए कार्यक्रम के तहत सड़क सुरक्षा, वाहन चालकों की जिम्मेदारी, हेलमेट/सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग एवं ट्रैफिक नियमों के पालन तथा सड़क दुर्घटनाओं के संख्यात्मक आंकड़ों की समीक्षा की। डीआईजी ने आगामी त्योहारों को सकुशल सम्पन्न कराने के साथ ही अपराध नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था व यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने निर्देश दिए।

## मदरसा अत्तारिया में महफिल ए शबे बारात का आयोजन

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** मदरसा अत्तारिया तारीन जलालनगर में महफिल ए शबे बारात का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों को शब ए बरात की फजीलत बताई गई।

छात्रों को संबोधित करते हुए हाफिज गुलाम मुर्तजा ने कहा कि शबे-बारात (15 शाबान उल मुअज्जम) एक निहायत मुबारक और रहमतों वाली रात है। ये रात तौबा बख्शिश और तकदीर के फैसलों की रात है। हदीस के हवाले से उन्होंने बताया कि इस रात अल्लाह तआला की रहमत आसमान-ए- दुनिया पर नाजिल होती है। अल्लाह तआला फरमाता है कि है कोई मग़फिरत तलब करने वाला, जिसे मैं बख्श दूं। है कोई रोजी तलब करने वाला, जिसे मैं रिज़्क़ अता कर दूं। इस रात गुनाहों की बख़्शीश होती है। इसलिए हम सभी को दरूद शरीफ व तौबा अस्तग़फार की तसबीह और नमाज़ नफ्ल अदा करनी चाहिए। और अपने गुनाहों से सच्ची तौबा करनी चाहिए और अल्लाह के हुजूर रो रोकर अपने और अपने वालिदैन पूरी उम्मत ए मुस्लिमा के लिए दुआ करनी चाहिए।

# पक्का तालाब में तीन कछुए मृत मिले

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


बिलसंडा के पक्का तालाब में मृत पड़े कछुए।

- सूचना पर पहुंची वन एवं वन्यजीव प्रभाग की टीम
- मृत कछुओं को कब्जे में लिया, पोस्टमार्टम की तैयारी

**अमृत विचारः** जिस विशिष्ट जैवविविधता के दम पर जनपद देश-दुनिया में अपना परचम लहरा रहा है, उसी जनपद में अब जिम्मेदारों की लापरवाही भी सामने आ रही है। मामला बिलसंडा कस्बे से जुड़ा है। कस्बे में बने पक्के तालाब में कछुआ की मौत का मामला सामने आया है। मृत कछुओं का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल रहा है। जिसके बाद वन महकमे की टीम ने मौके पर पहुंचकर मृत कछुओं को कब्जे में लिया है। फिलहाल कछुओं की मौत किस वजह से हुई है, इसका खुलासा नहीं हो सका है।

मंगलवार सुबह सोशल मीडिया पर एक तालाब में मृत कछुओं का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में एक व्यक्ति द्वारा तालाब में मृत कछुओं को दिखाया जा रहा है। साथ ही व्यक्ति तालाब में पड़े कूड़ा-करकट और गंदगी दिखाते हुए बता रहा है कि तालाब में फैली गदंगी से अब तक कई कछुए मर भी चुके हैं और यदि जल्छ ही इस तालाब की साफ सफाई नहीं कराई गई तो तालाब में पल रहे अन्य कछुए और मछलियां भी मर सकती हैं। वीडियो में कुछ अन्य जीवित कछुए भी दिखाई दे रहे हैं। वायरल वीडियो बीसलपुर रेंज के अंतर्गत बिलसंडा कस्बे के पक्का तालाब का होना बताया जा रहा है। इधर वायरल वीडियो का मामला संज्ञान में आने पर वन महकमे में हड़कंप मच गया। जिसके बाद वन एवं वन्यजीव प्रभाग बीसलपुर रेंज की टीम मौके पर पहुंची है। टीम ने मृत कछुओ को कब्जे में लिया है। वन अफसरों के मुताबिक तीन मृत कछुए मिले हैं।

> सूचना पर टीम को मौके पर भेजा गया था। तालाब में तीन मृत कछुए मिले हैं। कछुओं की मौत किस वजह से हुई है, इसकी जानकारी नहीं हो सकी है। इन सभी मृत कछुओं का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। - **रोहित जोशी**, क्षेत्रीय वनाधिकारी, बीसलपुर रेंज।

हालांकि कछुओं की मौत कैसे हुई, इसका खुलासा नहीं हो सका है। वन महकमा अब इन मृत कछुओं का पोस्टमार्टम कराने की तैयारी में जुटा है।

## हमले में घायल मामा की मौत

**बदायूं, अमृत विचार :** हजरतपुर थाना क्षेत्र के गांव ग्योति निवासी वासुदेव के भांजे सर्वेश ईंट भट्ठे पर श्रमिकों की ठेकेदारी का काम करते थे। आरोप है कि गांव निवासी राजीव कुमार, ओमपाल, विजय, अमन, अशोक, राजेंद्र और अन्य लोग सर्वेश को धमकी दे रहे थे। उनसे रुपये की मांग कर रहे थे। रुपये न देने पर वह लोग रंजिश मानते थे। 25 जनवरी की शाम वासुदेव और सर्वेश भंडारा खाकर लौट रहे थे। आरोप है कि उन लोगों ने दोनों को घेर लिया। लाठी-डंडे, लोहे की रॉड और फरसा से हमला किया। वासुदेव और सर्वेश गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर वासुदेव को सैफई के राजकीय मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान मंगलवार को उनकी मौत हो गई। मृतक के भांजे सर्वेश का इलाज चल रहा है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी को टीमें गठित की हैं।

**शुद्धि पत्र**

सूचित किया जाता है कि दिनांक 02.02.2026 को कार्यालय उपजिलाधिकारी सहसवान बदायूं की विज्ञप्ति प्रकाशित हुई थी। उक्त विज्ञप्ति में **माननीय न्यायालय द्वारा पारित आदेशों के क्रम में उपरोक्त वाद में राज्य सरकार के पक्ष में जब्त 28 कट्टे गेहूँ (12.60 कुंतल) तथा 09 कट्टे चावल (4.05 कुंतल) जो श्री सुबोध कुमार उचित दर विक्रेता नगर क्षेत्र सहसवान की सुपुर्दगी में है।** उक्त प्रकाशित विज्ञप्ति में इस लाइन को पढ़ा जाये।

**न्यायालय अपर सिविल जज (जू.डि.) कोर्ट संख्या- 04, मुजफ्फरनगर**

कि मेरे समक्ष परिवाद किया है कि योगेन्द्र नाथ पुत्र धनपाल नाथ निवासी ज्योरा पारवाला जिला बदायूं थाना मुजरिया द्वारा मु.अ.सं. 65/25 बी.एन.एस. की धारा 87BNSS के अधीन अपराध किया है। मा. न्यायालय के द्वारा अभि. योगेन्द्र नाथ पुत्र धनपाल नाथ नि. ग्राम ज्योरा पारवाला थाना मुजरिया बदायूं के विरूद्ध धारा 87BNSS के अन्तर्गत उद्घोषणा नोटिस जारी किया गया है। अभियुक्त को मफरूर घोषित किया गया है। जिसका उद्घोषणा नोटिस विवेचक द्वारा अभि. के मसकन पर चस्पा किया गया है। अतएव एतद्द्वारा घोषणा की जाती है कि योगेन्द्र नाथ पुत्र श्री धनपाल नाथ निवासी:- ज्योरा पारवाला जिला बदायूं थाना मुजरिया से अपेक्षा की जाती है कि वह दिनांक एक सप्ताह के अन्दर न्यायालय में मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए उपस्थित हो। जारी दिनांक: 28.01.2026

**अपर सिविल जज (जू.डि.) कोर्ट संख्या- 04, मुजफ्फरनगर**

# लाइफ स्टाइल में बदलाव और रेगुलर एक्सरसाइज ही कैंसर से बचाव

कार्यालय संवाददाता, बरेली


डॉ. अर्जुन अग्रवाल।

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE

- जीवनशैली से संबंधित होते हैं 90 प्रतिशत कैंसर, इन पर सभी को रखना चाहिए ध्यान
- पुरुषों को प्रोस्टेट कैंसर के लिए हर तीन साल में कराना चाहिए सीरम पीएसए परीक्षण

**अमृत विचार :** लाइफ स्टाइल में बदलाव और रेगुलर एक्सरसाइज करने से कैंसर से बचाव किया जा सकता है। खानपान बेहतर रखने के साथ रेगुलर एक्सरसाइज करने से शरीर में अच्छे हार्मोंस पैदा होते हैं, जो कैंसर सेल को शरीर में एक्टिव होने से रोकने का कार्य करते हैं। 40 वर्ष की आयु के बाद सभी महिलाओं को स्तन कैंसर के लिए वार्षिक मैमोग्राफी और हर तीन साल में पैप स्मीयर परीक्षण कराना चाहिए। प्रत्येक पुरुष को प्रोस्टेट कैंसर के लिए हर तीन साल में सीरम पीएसए परीक्षण कराना चाहिए, ताकि यह मालूम हो सके कि शरीर के किसी हिस्से में कैंसर के सेल तो एक्टिव नहीं हो रहे हैं। यह कहना है कि रोहिलखंड कैंसर इंस्टीट्यूट के निदेशक एवं एमसीएच (सर्जिकल ऑन्कोलॉजी) डॉ. अर्जुन अग्रवाल का।

अमृत विचार से हुई बातचीत में कैंसर विशेषज्ञ डॉ. अर्जुन अग्रवाल ने बताया कि 70 प्रतिशत कैंसर का इलाज लाइफ स्टाइल में बदलाव और बेहतर डॉक्टर की सलाह से ली जा रही दवाइयों से संभव है। वह कहते हैं कि कैंसर सेल कहीं बाहर से शरीर में प्रवेश नहीं करते हैं। ये हमारे शरीर के अंदर ही होते हैं, जो हमारे बिगड़े खानपान, तंबाकू और बीड़ी-सिगरेट और कई अन्य कारणों से शरीर में एक्टिव हो जाते हैं। कैंसर का एक सेल दो, चार फिर 16 होते ही तेज गति से शरीर में फैलने लगते हैं। डॉ. अर्जुन का कहना है कि शरीर में कैंसर के जो एक्टिव सेल हैं उन्हें खत्म करने के लिए समय पर इलाज जरूरी है। प्रथम और सेकेंड स्टेज में कैंसर को 90 या 100 प्रतिशत तक ठीक किया जा सकता है।

### बचाव रखने के लिए ये बदलाव जरूरी

कैंसर विशेषज्ञ ने कैंसर से बचाव रखने के लिए कई बातें बतायी हैं। उनका कहना है कि 90 प्रतिशत कैंसर लाइफ स्टाइल से संबंधित हैं, हमें तंबाकू व सिगरेट छोड़ना चाहिए। हमें अच्छा खाना चाहिए, नियमित एक्सरसाइज करने की जरूरत हैं, ताकि हार्मोंस ज्यादा पैदा होते रहे, स्ट्रेस नहीं लेना चाहिए, योग करना चाहिए। प्रतिदिन इतनी एक्सरसाइज करनी चाहिए ताकि खूब पसीना बाहर आ सके।

### कैंसर के इलाज में 100 साल में काफी हुआ बदलाव

कैंसर के इलाज पर फोकस करते हुए डॉ. अर्जुन अग्रवाल ने बताया कि अब कैंसर को आधुनिक इलाज से मात दी जा रही है। कैंसर के इलाज में 100 साल में काफी कुछ बदलाव हुआ है। पहले के समय में एक मेजर सर्जरी होती थी, अब रेडियोथेरेपी, कीमोथेरेपी आने के बाद कैंसर को हराना और आसान हो गया है। इम्यूनोथेरेपी भी इसमें शामिल है। यह ऐसा ट्रीटमेंट है, शरीर के जिस हिस्से में कैंसर पनपता है, उसी हिस्से की निगरानी कर वहीं पर कैंसर के सेल्स को खत्म करने का प्रयास किया जाता है। इम्यूनोथेरेपी आधुनिक कैंसर उपचार है, जो शरीर की अपनी प्रतिरक्षा प्रणाली (इम्मून सिस्टम) को कैंसर कोशिकाओं की पहचान करने और उन्हें नष्ट करने के लिए सशक्त बनाता है। यह पारंपरिक कीमोथेरेपी से भिन्न है, अक्सर कम साइड इफेक्ट्स के साथ बेहतर परिणाम देता।

### क्या है मैमोग्राफी

मैमोग्राफी स्तन कैंसर के शुरुआती संकेतों का पता लगाने के लिए की जाने वाली एक कम-खुराक (लो-डोज) वाली एक्स-रे जांच है, जिसे मैमोग्राम कहते हैं। यह प्रक्रिया स्तन की गांठों, असामान्य ऊतकों या सूक्ष्म कैल्शियम जमाव को ढूंढती है, जब वे इतने छोटे होते हैं कि उन्हें महसूस नहीं किया जा सकता।क्या है कैंसर स्क्रीनिंग कैंसर स्क्रीनिंग ऐसा टेस्ट है, जो किसी व्यक्ति में कैंसर के कोई लक्षण दिखने से पहले ही उसके संकेतों या प्री-कैंसरस (कैंसर-पूर्व) बदलावों का पता लगाती है, जिससे शुरुआती चरण में बीमारी का पता चल सके।

# शिकायत के बाद भी जांच में होता सवर्ण समाज का शोषण

संवाददाता, पीलीभीत/बीसलपुर


बीसलपुर में सवर्ण समाज के लोगों संग बैठक करते अलंकार अग्निहोत्री।

- इस्तीफा देने वाले निलंबित पीसीएस अलंकार अग्निहोत्री पहुंचे पीलीभीत
- बीसलपुर में सवर्ण समाज के लोगों संग की बैठक, खुलकर रखी अपनी बात

**अमृत विचारः** यूजीसी कानून को लेकर इस्तीफा देने के बाद चर्चा में आए बरेली के सिटी मजिस्ट्रेट (निलंबित पीसीएस अफसर) अलंकार अग्निहोत्री मंगलवार को जनपद में पहुंचे। पहले उनके शहर के मां यशवंतरी देवी मंदिर में पहुंचने की चर्चाएं चल रही थीं। जिसे लेकर पुलिस बल मंदिर में सुबह से ही मुस्तैद रहा। हालांकि दोपहर में शहर के बजाय बीसलपुर पहुंचे। राष्ट्रीय युवा विकास संगठन के अध्यक्ष नितिन पाठक के कैंप कार्यालय पर सवर्ण समाज के लोगों के साथ बैठक की और खुलकर बात रखी।

अलंकार अग्निहोत्री ने कहा कि सत्ता में बने रहने के लिए यूजीसी कानून 2026 लाया गया। ये एक सोची समझी साजिश के तहत हुआ है। 13 जनवरी को इसका गजट प्रकाशित हुआ और 15 जनवरी को ये यूजीसी की वेबसाइट पर प्रकाशित कर दिया गया। उसी दिन ये गजट हम लोगों को मिला था और जब प्रावधान देखे गए तो ये समझ आया कि इससे एक गहरी खाई जो सामान्य और ओबीसी के बीच आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए केंद्र द्वारा खींची गई। इसे लेकर विभिन्न संगठन साथ आए और जन आंदोलन किया गया।

उन्होंने कहा कि भाजपा नेता कलराज मिश्र भी इसे असंवैधानिक बता गए थे। कहा कि अगर ये अधिनियम लागू हो जाता तो सामान्य वर्ग का काफी नुकसान होता। शिकायत के बाद जांच में भी शोषण होता। कहा कि सिर्फ सामान्य वर्ग नहीं दूसरे वर्ग भी इससे प्रभावित होते। कानून से गुटबाजी को बढ़ावा मिलता। कहा कि अगर थोड़ा सा चूक हो जाती तो आंतरिक कलह की स्थिति बन जाती। कहा कि कोई भी ब्राह्मण एमपी एमएलए नहीं बोला।

पीलीभीत सांसद जितिन प्रसाद, पूर्व उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा समेत कई सवर्ण समाज के नेताओं का नाम लेते हुए सवाल उठाए और यूजीसी कानून को लेकर चुप्पी साधने की आलोचना की। उन्होंने एससी एसटी एक्ट को खत्म करने की भी मांग की। इस मौके पर युवा विकास संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन पाठक के अलावा अखिल भारत हिंदू महासभा के नगर अध्यक्ष सुशील अवस्थी, महामंत्री अवनीश रतन, राजेश दुबे, राजेश मिश्रा, कुलदीप पाठक, राजू मिश्रा, शिवेंद्र शुक्ला, प्रांजल मिश्रा, बिट्टू मिश्रा आदि मौजूद रहे। सभी ने अलंकार अग्निहोत्री का फूल माला पहनाकर कर स्वागत किया।

# चार हत्यारोपियों को आजीवन कारावास

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** थाना बिनावर क्षेत्र के गांव ददमई निवासी वेदराम, सुनील, संजीव और उनके पिता महेश पुत्र रामचनी पर मारपीट, हत्या के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। पुलिस ने विवेचना करके सभी के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था। मामला अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की कोर्ट में चल रहा था।

न्यायाधीश ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों का अवलोकन किया। मंगलवार को चारों आरोपियों को हत्या समेत विभिन्न मामलों में आजीवन सश्रम और 53-53 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

### एनडीपीएस एक्ट के आरोपी पर 28 हजार रुपये जुर्माना

**बदायूं, अमृत विचार :** वजीरगंज थाने में साल 2019 में बरेली के थाना अलीगंज क्षेत्र के गांव मंशारामपुर निवासी धर्मपाल सिंह पुत्र चंद्रपाल सिंह पर एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया था। तत्कालीन उपनिरीक्षक चंद्रपाल सिंह ने विवेचना करके आरोप पत्र दाखिल किया। मंगलवार को न्यायाधीश ने आरोपी को जेल में बिताई अवधि की सजा और 28 हजार रुपये जुर्माने से दंडित किया। जुर्माना जमा न करने पर आरोपी को छह साल अतिरिक्त कारावास भोगना होगा।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद पीलीभीत**

पत्रांक: 50(i)/तद्दिनांक **निविदा सूचना** दिनांक: 03.02.2026

पालिका के पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026- 27 में बोर्ड फंड व राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत नगर क्षेत्र पीलीभीत में समय- समय पर त्योहारों / राष्ट्रीय पर्वो एवं अन्य महत्वपूर्ण दिवसों व बी.आई.पी. आगमन पर चूने की आपूर्ति हेतु ई-टेण्डर के माध्यम से निविदा दिनांक 16.02.2026 सायं 05:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो नियमानुसार स्वीकृति उपरान्त दिनांक 17.02.2026 को सायं 04:00 बजे अथवा किसी अन्य कार्य दिवस में को खोली जायेगी, ई-निविदा प्रपत्र अन्य विवरण एवं शर्ते ई-प्रक्योरमेन्ट की वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है, जो देखी जा सकती है। ई-निविदा खोले जाने की तिथि में यदि अवकाश होता है तो ई-निविदा अगले दिन कार्य दिवस में खोली जायेगी।

| | |
|---|---|
| निविदा प्रकाशन तिथि | 03.02.2026 समय दोपहर 02:00 बजे |
| निविदा डाउनलोड प्रारम्भ करने की तिथि | 03.02.2026 समय सायं 03:00 बजे |
| निविदा अपलोड की प्रारम्भ तिथि | 03.02.2026 समय सायं 03:00 बजे |
| निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि | 16.02.2026 समय सायं 05:00 बजे |
| निविदा खोले जाने की तिथि | 17.02.2026 समय सायं 04:00 बजे |

**अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद पीलीभीत** **अध्यक्ष नगर पालिका परिषद पीलीभीत**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद बीसलपुर जिला पीलीभीत**

पत्रांक: 689/न.पा.परि.बी.-2025-26 दिनांक: 02.02.2026

**आपत्ति आमन्त्रण व निस्तारण हेतु सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उ.प्र. शासन, नगर विकास अनुभाग-9 द्वारा जारी अधिसूचना संख्या-912/ नौ-9-24-85ज/05 टी.सी.-1 लखनऊ दिनांक 28 जून 2024 द्वारा उत्तर प्रदेश नगर पालिका (भवन या भूमि या दोनों के वार्षिक मूल्य पर कर) नियमवाली-2024 की अधिसूचना जारी/ प्रख्यापित की गयी है। यह नियमावली उत्तर प्रदेश की समस्त नगर पालिका/ नगर पंचायत पर लागू है। नियमावली के नियम-7 के अनुसार नगर पालिका बीसलपुर के निम्नलिखित वार्डों में स्थिति भवनों / भूखण्डों पर सम्पत्ति कर का आरोपण करते हुए कर निर्धारण किया गया है एवं नियम-8 के अनुसार गृहकर निर्धारण सूची तैयार की गयी है। उत्तर प्रदेश नगर पालिका (भवन या भूमि या दोनों के वार्षिक मूल्य पर कर) नियमावली-2024 नियम-9 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करके जनसामान्य के अवलोकनार्थ एवं नगर पालिका परिषद बीसलपुर के 25 वार्डो में से 11 वार्डो की वार्डवार कर निर्धारण सूची का प्रकाशन एवं आपत्तियों की प्राप्ति हेतु प्रकाशित किया जाता है। अतः आप सभी अपनी आपत्तियां/सुझाव प्रकाशन की तिथि से एक (01) माह के अन्दर कार्यालय नगर पालिका परिषद बीसलपुर भवन में स्वयं / पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से लिखित रूप में प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि से प्राप्त आपत्तियों / सुझाव का अधिशासी अधिकारी द्वारा नियम-9 (3) के अनुसार निस्तारण किया जायेगा। निर्धारण समयावधि के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर नगर पालिका परिषद बीसलपुर द्वारा कोई विचार नहीं किया जायेगा। वार्डवार गृहकर सूची के प्रकाशन का विवरण निम्नवत् है:-

| क्र. | वार्ड का नाम व संख्या | प्रकाशन का दिनांक | प्रकाशन का स्थान | आपत्ति प्रस्तुत/ निस्तारण की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मो. दुर्गाप्रसाद-01 | 04.02.2026 से 05.02.2026 | कार्यालय भवन | प्रकाशन दिनांक से एक माह तक |
| 2 | मो. दुबे-04 | 04.02.2026 से 05.02.2026 | | |
| 3 | मो. दुबे-05 | 04.02.2026 से 05.02.2026 | | |
| 4 | मो. दुर्गाप्रसाद-07 | 04.02.2026 से 05.02.2026 | | |
| 5 | मो. ग्यासपुर, बख्तावर लाल-08 | 04.02.2026 से 05.02.2026 | | |
| 6 | मो. बाजार कटरा, दुर्गाप्रसाद, बख्तावर लाल-12 | 04.02.2026 से 05.02.2026 | | |
| 7 | मो. ग्यासपुर, हबीबुल्ला खां जनूबी- 16 | 06.02.2026 से 07.02.2026 | | |
| 8 | मो. ग्यासपुर- 20 | 06.02.2026 से 07.02.2026 | | |
| 9 | मो. ग्यासपुर-21 | 06.02.2026 से 07.02.2026 | | |
| 10 | मो. ग्यासपुर-24 | 06.02.2026 से 07.02.2026 | | |
| 11 | मो. ग्यासपुर, हबीबुल्ला खां जनूबी-25 | 06.02.2026 से 07.02.2026 | | |

**राजस्व निरीक्षरक नगर पालिका परिषद, बीसलपुर** **अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, बीसलपुर**

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना संख्या- या/246/ 1/15/25-26/ओ०टी०-37**

मुख्य कारखाना प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न लिखित कार्य के लिए, निविदा पत्र में अंकित योग्यता मापदण्डों के अनुसार ई-निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं। **क्रम सं०:** 1, **कार्य का संक्षिप्त विवरण:** यांत्रिक कारखाना, इज्जतनगर में RDSO स्पेसिफिकेशन नंबर RDSO/SPN/TC/106/2025, वर्जन 3.1 के अनुसार LHB कोच, ICF कोच और DEMU DPC/TC कोच में IP आधारित वीडियो सर्विलांस सिस्टम (VSS) की सप्लाई, इंस्टॉलेशन, टेस्टिंग और कमीशनिंग का कार्य। **अनुमानित मूल्य (रू० में):** रु. 287385524.48 (अट्ठाइस करोड़ तिहत्तर लाख पच्चासी हज़ार पाँच सौ चौबीस रुपये एवं अड़तालीस पैसा मात्र), **जमानत राशि (रू० में):** रु. 1586900.00 (पंद्रह लाख छियासी हज़ार नौ सौ रुपये मात्र), **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू०):** शून्य, **कार्य अवधि:** 12 माह, **निविदा खुलने की तिथि व समय:** दिनांक 06.03.2026 को 15:30 बजे, **नोटः**- 1. उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण निविदा प्रपत्र सहित दिनांक 01.02.2026 को समय 17:00 बजे से बेवसाइट **www.ireps.gov.in** पर टेण्डर खुलने की तिथि 06.03.2026 को 15:00 बजे तक उपलब्ध है। 2. उपरोक्त निविदा में ई-बिड के अतिरिक्त किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिये कि वे अपने आपको I.T. Act 2000 के अर्न्तगत C.C.A. द्वारा जारी क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र के साथ IREPS की बेवसाइट पर पंजीकृत करायें। 3. निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित आनलाइन दर्ज करने पर ही विचारणीय हैं। दरें तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी फार्म लेटर हेड पर यदि संलग्न है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधी तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। 4. ई-निविदा हेतु धरोहर राशि ई-भुगतान नेट बैंकिंग अथवा गेटवे भुगतान के रूप में ही स्वीकार की जायेगी।

**उप मुयांइ/उत्पादक, यांत्रिक कारखाना, इज्जतनगर**
**मुजाधि/यांत्रिक-135**

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

# सत्ता तो कहीं विपक्षी दल के नेताओं का प्रचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


टनकपुर हाईवे पर सड़क किनारे लगाए गए यूनीपोल। ● अमृत विचार

- अवैध तरीके से लगाए गए यूनीपोल पर कैसे की जाए कार्रवाई
- जिला पंचायत क्षेत्र ही नहीं शहरी इलाकों में तेजी से बढ़ रहे यूनीपोल

**अमृत विचारः** बिना स्ट्रक्चर सर्टिफिकेट जमा किए लगाए गए यूनीपोल को लेकर हुई शिकायत के बाद औपचारिक कार्रवाई जिला पंचायत के स्तर से कर दी गई। ठेकेदार को नोटिस जारी किया गया लेकिन इसके बाद कार्रवाई नहीं हो सकी है। आलम ये है कि जो यूनीपोल जहां लगे थे, वहीं लगे हुए हैं और वैध यूनीपोल की संख्या को लेकर भी तस्वीर साफ नहीं हो सकी है। कार्रवाई के ठंडे बस्ते में डाले जाने के पीछे एक चर्चा ये भी है कि प्रतिष्ठान और कंपनियों के प्रचार प्रसार के यूनीपोल से अधिक राजनीतिक प्रचार -प्रसार से जुड़े हैं। सत्ता तो कहीं विपक्षी दलों के नेताओं का प्रचार -प्रसार किया जा रहा है। ऐसे में कार्रवाई की भी जाए तो कैसे। फिलहाल खुलेआम नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही है।

बता दें कि प्रचार प्रसार के लिए यूनीपोल पिछले कुछ समय से तेजी से लगाए गए हैं। फिर चाहे शहरी क्षेत्र हो या फिर हाईवे किनारे। वैसे तो यूनीपोल लगाने के लिए बकायदा नियम कानून तय है। सड़क हादसों की रोकथाम के लिए भी इसे लेकर खासा नियम बने हुए हैं। जिसमें नेशनल हाईवे पर सड़क से इसकी दूरी की बात हो या फिर डिवाइडर पर लगाए जाने के दौरान। इससे जुड़ी एक शिकातय बीते हुए हुई तो 21 जनवरी को जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी की ओर से ठेकेदार को नोटिस जारी किया गया। जिला पंचायत में होर्डिंग, यूनीपोल का ठेका मैसर्स मिस्का इंटर प्राइजेज के पास है। दरअसल, बिना स्ट्रक्चर सर्टिफिकेट जमा किए यूनीपोल लगाने की बात उजागर हुई थी। ठेकेदार को जारी किए गए नोटिस में स्पष्ट कहा गया था कि सक्षम अधिकारी से स्ट्रक्चर सर्टिफिकेट प्राप्त किए बिना लगाए गए यूनीपोल को तत्काल हटवाया जाए। इसके साथ ही स्ट्रक्चर सर्टिफिकेट प्राप्त कर लगाए गए यूनीपोल की सूची भी मुहैया कराने को कहा गया है। तीन दिन में सूची मांगी गई थी। कई दिन बीत चुके हैं। मगर अभी तक सड़कों पर तस्वीर जस की तस बनी हुई है। बताते हैं कि नियम विरुद्ध लगाए गए अधिकांश यूनीपोल पर राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों का प्रचार प्रसार हो रहा है। इसे भी कार्रवाई को गति न मिलने के पीछे वजह माना जा रहा है। उधर, जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी की ओर से आईजीआरएस पर हुई शिकायत को नोटिस भेजकर निस्तारण तो कर दिया गया है।

### तो जिम्मेदारों को भी नहीं पता संख्या

जिला पंचायत क्षेत्र में बड़ी संख्या में यूनीपोल लगाए गए हैं। स्ट्रक्चर सर्टिफिकेट के बिना कितने यूनीपोल चल रहे हैं और कितनों का ये सर्टीफिकेट जमा है। इसे लेकर जिम्मेदारों के पास भी कोई संख्या नहीं है। यह सवाल इसलिए भी उठ रहे हैं चूंकि अपर मुख्य अधिकारी की ओर से ठेकेदार को जारी किए गए नोटिस में स्ट्रक्चर सर्टिफिकेट प्राप्त कर लगाए गए यूनीपोल की सूची भी मांगी गई है।



मैं उस समाज में रहता हूं, जहां बड़े घरों में छोटे लोग रहते हैं और छोटे घरों में बड़े लोग।
–सआदत हसन मंटो, उर्दू साहित्यकार

# व्यापार समझौता

भारत–अमेरिका व्यापार समझौते की घोषणा से उत्साह लाजिमी है तो सवाल भी। इस डील को कुछ हलकों में 'भारत की कूटनीतिक जीत' और 'अमेरिका के झुकने' के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है, परंतु अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में हर निर्णय ठोस सामरिक और आर्थिक गणनाओं का परिणाम होता है, न कि भावनात्मक। अमेरिका द्वारा भारतीय उत्पादों पर टैरिफ घटाने के पीछे कई कारक हैं। भारत–यूरोपीय संघ के हालिया समझौते और उससे पहले ब्रिटेन के साथ एफटीए ने यह संकेत दिया कि भारत वैश्विक व्यापारिक मानचित्र पर सक्रिय है। हमारी सक्रिय कूटनीति ने वाशिंगटन को संदेश दिया कि नई दिल्ली बहुध्रुवीय संतुलन साधने में सक्षम है, तो अमेरिका के लिए चीन के विकल्प के रूप में उभरते विनिर्माण केंद्र के संदर्भ में भारत को साथ रखना रणनीतिक आवश्यकता बनी।

18 फीसदी टैरिफ से बाजार में अल्पकालिक उत्साह संभव है, पर दीर्घकालिक लाभ इस पर निर्भर करेगा कि गैर-टैरिफ बाधाएं कितनी कम होती हैं और सप्लाई चेन कितनी स्थिर रहती है। टेक्सटाइल, लेदर और मरीन उत्पाद जैसे श्रमप्रधान क्षेत्रों को कुछ प्रतिस्पर्धात्मक लाभ मिल सकता है, जीडीपी वृद्धि दर में बढ़ोतरी संभावित है पर वह तभी साकार होगा, जब निवेश, निर्यात और विनिर्माण क्षमता समानांतर रूप से बढ़ें। रूस से तेल आयात भारत की ऊर्जा सुरक्षा का प्रश्न है। भारत ने अब तक 'रणनीतिक स्वायत्तता' की नीति अपनाई है- न तो पूर्ण निर्भरता, न पूर्ण परहेज़। इसे शून्य पर लाना न आर्थिक रूप से सरल है, न कूटनीतिक रूप से व्यावहारिक। इसी प्रकार अमेरिकी कृषि निर्यात के लिए भारतीय बाजार खोलना एक संवेदनशील विषय है। भारत का कृषि क्षेत्र आजीविका से जुड़ा प्रश्न है; अतः किसी भी रियायत का घरेलू राजनीतिक और सामाजिक प्रभाव गंभीर होगा। 500 अरब डॉलर की अमेरिकी खरीद का दावा वर्तमान व्यापार आंकड़ों 2024 में मात्र 212 अरब डॉलर द्विपक्षीय व्यापार के संदर्भ में अतिशयोक्तिपूर्ण प्रतीत होता है। अंतर्राष्ट्रीय वार्ताओं में अक्सर नेतृत्व घरेलू दर्शकों को ध्यान में रखकर बड़े आंकड़े प्रस्तुत करता है। इस समझौते के इर्द-गिर्द सबसे अधिक अस्पष्टता दोनों पक्षों यानी ट्रंप और प्रधानमंत्री मोदी के बयानों में अंतर को लेकर है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि भारत रूस से तेल खरीद बंद करेगा और अमेरिकी उत्पादों पर अपने टैरिफ शून्य करेगा। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऐसी कोई सार्वजनिक प्रतिबद्धता व्यक्त नहीं की। यह अंतर बताता है कि राजनीतिक बयान और औपचारिक समझौते में भेद होता है।

जब तक संयुक्त बयान और विस्तृत मसौदा सार्वजनिक न हो, तब तक इन दावों को अंतिम सत्य मानना जल्दबाजी होगी। हम अपने दीर्घकालिक हितों- रणनीतिक स्वायत्तता, ऊर्जा सुरक्षा और घरेलू उद्योग संरक्षण को सुरक्षित रखना चाहते हैं, जबकि अमेरिका के लिए यह उस रणनीति का हिस्सा है, जिसमें वह चीन के प्रभाव को संतुलित करने के लिए भारत को सशक्त साझेदार बनाना चाहेगा। जब तक विस्तृत समझौता सार्वजनिक न हो, तब तक विवेकपूर्ण प्रतीक्षा ही सर्वोत्तम नीति है। राजनीतिक बयान सुर्खियां बना सकते हैं, पर राष्ट्रहित का मूल्यांकन तथ्यों और दस्तावेजों के आधार पर ही किया जाना चाहिए।

## प्रसंगवश

# भारत में बढ़ रहा है कैंसर का दायरा



निरंकार सिंह
वरिष्ठ पत्रकार

पिछले 20 सालों में दुनिया भर में कैंसर के मरीजों की संख्या दोगुनी हो गई है। लैंसेट की नवीनतम ग्लोबल बर्डन ऑफ डिज़ीज़ रिपोर्ट के अनुसार, जहां वैश्विक स्तर पर कैंसर की घटनाएं और मृत्यु दर में कमी आ रही है, वहीं भारत में इन मामलों में वृद्धि दर्ज की गई है। वर्ष 2023 में भारत में अनुमानित 15 लाख नए कैंसर मामले और 12 लाख से अधिक मौतें दर्ज की गईं।

वैश्विक स्तर पर कैंसर की घटनाओं की दर 1990 में प्रति एक लाख जनसंख्या पर 220.6 से घटकर वर्ष 2023 में 205.1 हो गई और वर्ष 2025 तक यह आंकड़ा 192.9 तक पहुंचने का अनुमान है, हालांकि जनसंख्या वृद्धि और उम्र बढ़ने के कारण वर्ष 2050 तक कैंसर के कुल मामलों और मृत्यु की संख्या में तीव्र वृद्धि की संभावना है। भारत में कैंसर की घटनाओं की दर वर्ष 1990 में प्रति एक लाख जनसंख्या पर 84.8 से बढ़कर वर्ष 2023 में 107.2 हो गई, जबकि इसी अवधि में मृत्यु दर 71.7 से बढ़कर 86.9 प्रति एक लाख तक पहुंच गई।

निम्न एवं मध्यम आय वाले देशों पर असमान रोग भारः अध्ययन में चेतावनी दी गई है कि भारत जैसे निम्न एवं मध्यम आय वाले देशों में कैंसर के नए मामलों में से आधे से अधिक और दो तिहाई मृत्यु होने का अनुमान है। वैश्विक स्तर पर लगभग 42% कैंसर मृत्यु तंबाकू, शराब, अस्वस्थ आहार और संक्रमण जैसे परिवर्तनीय जोखिम कारकों से जुड़ी हैं। भारत में इन कारकों से संबंधित मृत्यु की हिस्सेदारी लगभग 70% तक हो सकती है।

रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2050 तक विश्वभर में लगभग 3.05 करोड़ नए कैंसर मामले सामने आ सकते हैं, जबकि कैंसर से होने वाली मृत्यु में 75% की वृद्धि होकर यह संख्या 1.86 करोड़ तक पहुंच सकती है। भारत में कैंसर से मृत्यु के प्रमुख कारण स्तन, फेफड़े, ग्रासनली/अन्ननली है। आईएआरसी के आंकड़े बताते हैं कि 2022 में लगभग दो करोड़ कैंसर के नए मामले सामने आए और कैंसर की वजह से 97 लाख लोगों की मौत हुई। अकेले भारत में 1,413,316 नए मामले दर्ज किए गए, जिनमें महिला रोगियों का अनुपात अधिक है।

एक अनुमान के अनुसार साल 2025 तक दुनिया भर में किसी न किसी प्रकार के कैंसर से पीड़ित लोगों की संख्या दो करोड़ तक पहुंच सकती है। भारत में कैंसर के मामले चिंताजनक रूप से बढ़ रहे हैं तथा आनुवंशिक, जीवनशैली, आहार, पर्यावरण और स्वास्थ्य देखभाल कारकों के जटिल अंतर्संबंध के कारण कुछ प्रकार के कैंसर अधिक प्रचलित हो रहे हैं। विशेषज्ञ चेतावनी देते हैं कि युवा भारतीय भी उन कैंसरों से तेजी से प्रभावित हो रहे हैं, जो पारंपरिक रूप से वृद्ध आबादी को प्रभावित करते रहे हैं।

जागरूकता की कमी, देर से निदान और सामाजिक कलंक के कारण परिणाम और भी बदतर होते जा रहे हैं। जैसे-जैसे औषधि विज्ञान ने वैक्सीन के ज़रिए कई बीमारियों को रोकने में सफलता पाई है, वैसे ही यह आशा भी जगी है कि इनके ज़रिए कैंसर का इलाज भी संभव हो पाएगा। इस दिशा में तरक्की की ख़बरें भी आ रही हैं। अप्रैल 2024 में ब्रिटेन में पहली बार ट्रायल के तौर पर मेलानोमा कैंसर वैक्सीन मरीज़ों को दी गई। फेफड़ों के कैंसर से लड़ने के लिए बनाई गई एक वैक्सीन का सात देशों में प्रयोग या ट्रायल के तौर पर इस्तेमाल किया जा रहा है। वहीं फ़्लोरिडा यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने एक ऐसी वैक्सीन बनाई है, जिससे सबसे सामान्य किस्म के ब्रेन कैंसर की रोकथाम हो सकती है।

# भारत-अमेरिका टैरिफ डील और कुछ जरूरी सवाल





राजेश जैन
वरिष्ठ पत्रकार

सोमवार रात अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की एक सोशल मीडिया पोस्ट ने भारत–अमेरिका रिश्तों में नई हलचल पैदा कर दी। ट्रंप ने दावा किया कि अमेरिका ने भारत पर लगाया टैरिफ घटाकर 18% कर दिया है और बदले में भारत रूस से तेल खरीद बंद करने, अमेरिका से ज़्यादा तेल खरीदने और 500 अरब डॉलर तक की 'बाय अमेरिकन' खरीद के लिए राज़ी हो गया है। कुछ ही देर बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर धन्यवाद संदेश लिखा।

पहली नज़र में यह बड़ी कूटनीतिक और आर्थिक जीत जैसी लगी। शेयर बाज़ारों ने राहत की सांस ली, रुपया संभला और उद्योग जगत में उम्मीद जगी, लेकिन जैसे-जैसे विवरण सामने आए, साफ़ होने लगा कि तस्वीर उतनी सरल नहीं है। यह समझौता कम, राजनीतिक संकेत ज़्यादा लगता है और शायद यही वजह है कि इस वक्त भारत को उत्सव से ज़्यादा सतर्कता की ज़रूरत है।

अप्रैल में ट्रंप प्रशासन ने भारत पर 25% रेसिप्रोकल टैरिफ लगाया था। अगस्त में रूस से तेल खरीदने के कारण अतिरिक्त 25% 'पेनल्टी टैरिफ' जोड़ दिया गया- यानी कुल 50%। अब रूस वाला 25% हटाया जाएगा और कुल टैरिफ 18% रह जाएगा। सुनने में यह बड़ी राहत है। अमेरिका भारत का सबसे बड़ा निर्यात बाज़ार है। कपड़ा, चमड़ा, जूते और आभूषण जैसे श्रम-प्रधान सेक्टर इस टैरिफ से बुरी तरह प्रभावित हो रहे थे। अक्टूबर में निर्यात करीब 12% गिर चुका था और व्यापार घाटा रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था। इस लिहाज़ से 18% टैरिफ भारतीय निर्यातकों के लिए ऑक्सीजन जैसा है। कुछ अर्थशास्त्रियों का अनुमान है कि इससे 2026 में भारत की जीडीपी ग्रोथ 0.2–0.3 प्रतिशत अंक बढ़ सकती है।

सवाल यह भी है कि इसके बदले भारत ने वास्तव में क्या-क्या मान लिया? ट्रंप ने 'ट्रुथ सोशल' पर तीन बड़े दावे किए- भारत रूस से तेल खरीद बंद करेगा, भारत अमेरिकी उत्पादों पर अपने टैरिफ शून्य तक ले जाएगा और भारत अमेरिका से 500 अरब डॉलर से ज़्यादा का सामान खरीदेगा, जिसमें ऊर्जा, टेक, कृषि और कोयला शामिल है।

प्रधानमंत्री मोदी के संदेश में इन तीनों में से किसी बात की पुष्टि नहीं है। उन्होंने सिर्फ इतना कहा कि 'मेड इन इंडिया' उत्पादों पर टैरिफ घटा है और साझेदारी नई ऊंचाइयों तक जाएगी। भारत द्वारा रूसी तेल पूरी तरह बंद करने के दावे पर संदेह है। दरअसल 2022 में यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद भारत सस्ते रूसी कच्चे तेल का सबसे बड़ा खरीदार बन गया था। हाल के महीनों में आयात कुछ घटा ज़रूर है, लेकिन भारत–रूस रणनीतिक रिश्तों को देखते हुए इसे पूरी तरह खत्म करना बेहद मुश्किल है।

ट्रंप का दूसरा बड़ा दावा है- 500 अरब डॉलर की अमेरिकी खरीद। ज़रा आंकड़े देखिए। 2024 में भारत–अमेरिका कुल द्विपक्षीय व्यापार लगभग 212 अरब डॉलर था। उसी साल भारत ने अमेरिका से सिर्फ 41.5 अरब डॉलर का सामान खरीदा और सेवाओं का आयात करीब 41.8 अरब डॉलर रहा- यानी कुल मिलाकर लगभग 83 अरब डॉलर। अब सोचिए- 83 अरब से सीधे 500 अरब डॉलर। लगभग 500% की छलांग।

जानकारों का कहना है कि भारत द्वारा सभी टैरिफ शून्य करना असंभव सा लगता है, खासकर कृषि जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में। भारत का इतिहास बताता है कि वह दोहा दौर से लेकर अब तक कृषि बाज़ार खोलने में हमेशा बेहद सतर्क रहा है। संभावना यही है कि भारत कुछ चुनिंदा अमेरिकी उत्पादों पर टैरिफ घटाएगा, जिसे ट्रंप घरेलू राजनीति में 'जीरो टैरिफ' की बड़ी जीत की तरह पेश करेंगे।

यह समझौता सिर्फ व्यापार नहीं, भू-राजनीति से भी जुड़ा है। अगर भारत सचमुच रूसी तेल से दूरी बनाता है और अमेरिकी ऊर्जा पर निर्भरता बढ़ाता है, तो इसका सीधा असर उसकी रणनीतिक स्वायत्तता- वह नीति, जिसके तहत भारत किसी एक गुट में पूरी तरह नहीं बंधता, पर पड़ेगा। कांग्रेस ने भी इसी बिंदु पर सवाल उठाया है- क्या भारत धीरे-धीरे अमेरिकी खेमे की ओर झुक रहा है? यह भी याद रखना चाहिए कि हाल ही में भारत ने यूरोपीय संघ से ट्रेड डील की और उससे पहले ब्रिटेन के साथ मुक्त व्यापार समझौता किया। माना जा रहा है कि इन्हीं समझौतों ने ट्रंप पर भारत के साथ जल्दी सौदा करने का दबाव बनाया।

इस घोषणा से रुपये, शेयर बाज़ार और बॉन्ड मार्केट पर लटकी अनिश्चितता की तलवार ज़रूर हटी है। निवेशकों को संकेत मिला है कि अमेरिका–भारत रिश्तों में ठंडापन कम होगा, लेकिन ज़मीनी स्तर पर सवाल बने हुए हैं। अगर भारत अमेरिकी कृषि उत्पादों के लिए दरवाज़े खोलता है, तो इसका असर घरेलू किसानों पर पड़ेगा। सस्ती अमेरिकी दालें, मक्का या डेयरी उत्पाद भारतीय कृषि बाज़ार को झटका दे सकते हैं। अगर 'बाय अमेरिकन' नीति के तहत बड़े पैमाने पर आयात बढ़ता है, तो भारतीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम सेक्टर पर दबाव आ सकता है।

अमेरिकी राजदूत ने कहा कि यह डील ट्रंप और मोदी की 'मज़बूत दोस्ती' का नतीजा है और कुछ तकनीकी दस्तावेज़ों पर जल्द दस्तखत होंगे। यही सबसे अहम बात है। अभी तक कोई संयुक्त लिखित समझौता सार्वजनिक नहीं हुआ है, इसलिए जब तक यह साफ़ न हो जाए कि किन उत्पादों पर टैरिफ घटेगा, समय-सीमा क्या होगी, कृषि जैसे संवेदनशील सेक्टर शामिल होंगे या नहीं और रूस से तेल पर भारत की वास्तविक प्रतिबद्धता क्या है, तब तक इसे अंतिम समझौता नहीं, बल्कि एक राजनीतिक घोषणा ही माना जाना चाहिए। इस पूरे घटनाक्रम को अगर एक वाक्य में समेटें, तो यही कहा जा सकता है- भारत को जश्न मनाने में जल्दबाज़ी नहीं करनी चाहिए। 18% टैरिफ निश्चित रूप से राहत है। इससे निर्यात को सहारा मिलेगा और निवेशकों का भरोसा बढ़ेगा, लेकिन 500 अरब डॉलर की खरीद, शून्य टैरिफ और रूसी तेल पर कथित प्रतिबद्धता- ये सब अभी दावों के स्तर पर हैं। असली पेंच डिटेल में छिपा है।

> भारत–अमेरिका टैरिफ डील के विवरण जैसे–जैसे सामने आए, साफ़ होने लगा कि तस्वीर उतनी सरल नहीं है। भारत के लिए उत्सव से ज्यादा सतर्कता की ज़रूरत है।

## आमने सामने



माता–पिता अक्सर वही कफ सिरप बच्चों को दे देते हैं, जो वे खुद के लिए लाते हैं। इनमें कोडीन जैसे केमिकल होते हैं, जिनका ओवरडोज जानलेवा साबित हुआ। दवाई खराब होने से कोई डेथ नहीं हुई है। इस मामले में कोई बड़ी संख्या में मौतें नहीं हुई हैं।
–गजेंद्र सिंह खिमसर
स्वास्थ्य मंत्री, राजस्थान सरकार

जब मंत्री खुद मान रहे हैं कि मौतें हुई हैं, तो इसकी गंभीरता को समझना चाहिए। जिस कंपनी की दवा पर सवाल उठ रहे हैं, वह कई जगह ब्लैकलिस्ट भी हुई है। मुमकिन है कि दवा पहले ठीक हो और बाद में उसकी गुणवत्ता खराब हो गई हो।
–टीकाराम जूली
नेता प्रतिपक्ष
राजस्थान सरकार



# टूरिज्म कंट्री का सरताज बनने की तरफ भारत



अजय दयाल
हल्द्वानी

जब हम टूरिस्ट की बात करते हैं, तो जेहन में उनका घूमना-फिरना और मौज-मस्ती ही आती है, जबकि पर्यटन या पर्यटक का अर्थ व्यापक है। इनमें देशी-विदेशी ऐसे लोग भी आ जाते हैं, जो अपने व्यवसाय को किसी अन्य देश या राज्य में स्थापित करने अथवा विकसित करने की मंशा से यात्रा करते हैं। स्वाभविक है, यात्रा करेंगे तो होटल, खानपान, घूमना-फिरना उनकी दिनचर्या का हिस्सा बनेंगे। जहां हम पर्यटन को चिकित्सा और धार्मिक पर्यटन की भी संज्ञा देने लगे हैं, वहीं बिजनेस टूरिज्म भी इसमें जोड़ लेना चाहिए। संभवतः टूरिस्ट शब्द की इसी व्यापकता को ध्यान में रखते हुए हुए ही केंद्रीय बजट में टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए कई घोषणाएं की गईं।

ताजा घोषणाओं के अनुसार, देश के 50 शहरों का इंफ्रास्ट्रक्चर वर्ल्ड क्लास लेवल की तर्ज पर अंतर्राष्ट्रीय टूरिस्ट के लिए तैयार किया जाना है। साफ है कि इसके पीछे सरकार की मंशा इंडिया को ऑल-सीजन डेस्टिनेशन और ग्लोबल टूरिस्ट-हब बनाना है। बजट में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बजट में 2,438.40 करोड़ रुपये दिए गए हैं। लक्ष्य है कि 2047 तक 10 करोड़ विदेशी पर्यटक भारत आएं। 2034 तक भारत की जीडीपी में पर्यटन का योगदान 43.25 लाख करोड़ रुपये तक हो सकता है। ऐसा हुआ तो हमारा देश 6.3 करोड़ लोगों को रोजगार देने में सक्षम बनेगा। पर्यटन मंत्रालय की इंडिया टूरिज्म स्टैटिक्स रिपोर्ट देखें, तो पाएंगे कि इंडिया में हर साल करीब एक करोड़ विदेशी पर्यटक आते हैं, जिनमें से 6–7 फीसद बौद्ध पर्यटक होते हैं, इसीलिए बजट का फोकस अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, असम, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में बौद्ध सर्किट के विकास पर है।

वहीं धार्मिक पर्यटन को और गति देने के मद्देनजर टेंपल सिटी के तौर पर पहचाने जाने वाले शहरों में बुनियादी सुविधाएं अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों की आवश्यकताओं के अनुसार विकसित की जानी है। इसमें उत्तर प्रदेश के वाराणसी और मथुरा, जम्मू-कश्मीर का जम्मू, उत्तराखंड के ऋषिकेश और हरिद्वार जैसे शहरों पर फोकस होगा। वहीं दक्षिण में तमिलनाडु के मदुरै और कांचीपुरम, कर्नाटक का हम्पी, आंध्र प्रदेश का तिरुपति, ओडिशा का भुवनेश्वर और पुरी को विकसित किया जाना है। इसी तरह पश्चिम बंगाल का बिश्नुपुर, मध्य प्रदेश का उज्जैन और खजुराहो, गुजरात का द्वारका और महाराष्ट्र का पंढरपुर शामिल रहेगा।

दिलचस्प तो यह है कि सरकार के थिंक टैंक ने पर्यटन उद्योग को इस बार गति देने को फुलप्रूफ योजना तैयार की है। बकायदा भारतीय पर्यटन स्थलों का डिजिटल डेटा तैयार होगा। इससे ऑनलाइन रिसर्च करने वाले विदेशी पर्यटक आकर्षित होंगे। उन पर्यटकों का भी योजना में ध्यान रखा जाएगा, जिनकी दिलचस्पी इतिहास जानने-समझने में होती है। ऐसे में पुरातात्विक स्थलों को भी अंतर्राष्ट्रीय स्तर का पर्यटन स्थल बनाया जाएगा। इनमें लोथल, धोलावीरा, राखीगढ़ी, सारनाथ, लेह पैलेस, आदिचनल्लूर, हस्तिनापुर जैसे देश के 15 पुरातात्विक स्थल एक्स्पीरियंशियल कल्चरल डेस्टिनेशन्स के रूप में विकसित होंगे।

स्पष्ट है कि टूरिज्म को लेकर ऐसी योजनाओं, व्यवस्थाओं से स्थानीय स्तर पर भी शोधार्थियों, इतिहासकारों, कंटेंट क्रिएटर्स, होटल, गाइड, ट्रांसपोर्ट, स्थानीय हस्तशिल्प, होम-स्टे और तकनीकी क्षेत्र में रोजगार के मौके बढ़ेंगे। टूरिज्म का एक और भाग महत्वपूर्ण है। वह है एडवेंचर टूरिज्म। केवल एडवेंचर के लिए ही दुनिया भर में अपना पसंदीदा स्थान तलाशने वाले भी कम नहीं। सरकार की सोच इसी को ध्यान में रखते हुए हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर में माउंटेन ट्रेल्स (ट्रैकिंग के रास्ते) विकसित किए जाने की है। स्वाभाविक है इसे एडवेंचर टूरिज्म के तौर पर प्रचारित किया जाएगा। पूर्वी घाट के अरकू वैली और पश्चिमी घाट के पोधीगई मलई जैसे दुर्गम क्षेत्र भी माउंटेन ट्रेल्स बनेंगे। वहीं, ओडिशा, कर्नाटक और केरल में टर्टल ट्रेल्स बनेंगे। इन दूरगामी विकास योजनाओं से पर्यावरण संरक्षण भी होता रहेगा।

बजट में विदेशी सैलानियों के लिए भी जिस तरह उनके टूअर पैकेज टैक्सेज में सुविधा दी गई है, उससे भी सरकार की दूरगामी टूरिज्म मॉडल की गंभीरता समझ में आती है। ट्रैकिंग पर्यटन की अपार संभावनाओं को विकसित कर विदेशी सैलानियों को आकर्षित किया जाना है। खासकर जो पर्यटको की पहुंच से बहुत दूर हैं, उन्हें विकसित करने की योजना बजट में है। इस तरह दूरस्थ ग्रामीण स्थान जो लोकल लोगों के लिए महज एक पिछड़ा गांव हैं, पर्यटक स्थल बन जाएंगे।

अगर यह योजना पूरी तरह से मूर्त रूप ले लेगी, तो इससे एक ऐसा इकोसिस्टम तैयार होगा, जिससे तमाम शहरों और गांवों की भी अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। फिर ग्रामीणों को भी घर बैठे रोजगार मिलेगा। अब सरकार की मंशा और बजट के उद्देश्यों को कितना जमीन पर उतारा जाएगा, यह तो आने वाला समय ही बताएगा।

> देश के 50 शहरों का इंफ्रास्ट्रक्चर वर्ल्ड क्लास लेवल की तर्ज पर अंतर्राष्ट्रीय टूरिस्ट के लिए तैयार किया जाना है।

## सोशल फोरम

# नन्हें मेहमान के लिए थम गया ट्रैफिक



अंकित भारद्वाज
ब्लॉगर

थाईलैंड में सामने आया एक दृश्य केवल एक खबर नहीं रहा, बल्कि पूरी दुनिया के दिलों को जोड़ देने वाला ऐसा पल बन गया, जिसने यह याद दिला दिया कि इंसानियत आज भी ज़िंदा है। हॉस्पिटल पहुंचने से पहले ही, तेज़ ट्रैफिक के बीच एक चलती गाड़ी में जीवन ने जन्म ले लिया और कुछ ही सेकंड में वह सड़क एक साधारण रास्ता नहीं, बल्कि उम्मीद और संवेदना का मंच बन गई।

जैसे ही गाड़ी में डिलीवरी होने की खबर फैली, ट्रैफिक थम सा गया, हॉर्न की आवाज़ें ख़ामोश हो गईं और हर दिशा से लोग मदद के लिए दौड़ पड़े, मानो सभी एक ही परिवार का हिस्सा हों। मां पहले घबराई हुई थीं, दर्द, डर और अनिश्चितता उनके चेहरे पर साफ़ झलक रही थी, लेकिन उसी पल जब उन्होंने अपने बच्चे की पहली आवाज़ सुनी, तो वही चेहरा खुशी के आंसुओं से भर उठा।

वह पल ऐसा था, जहां डर ने हार मान ली और ममता ने जीत हासिल कर ली, जहां आंसू तकलीफ के नहीं बल्कि जीवन की जीत के थे। सड़क पर खड़े अजनबी लोग अचानक अपने नहीं रहे, वे सब उस नवजीवन के स्वागत में शामिल हो गए, किसी ने पानी दिया, किसी ने कपड़ा, तो किसी ने बस दुआएं। ट्रैफिक जाम उस दिन बाधा नहीं बना, बल्कि वह एक ऐसी व्यवस्था बन गया, जिसने एक मां और बच्चे को सुरक्षा की चादर में लपेट लिया।

जब बच्चे की रोने की आवाज़ गूंजी, तो वह केवल एक शिशु की पुकार नहीं थी, वह इंसानियत की जीत की घोषणा थी। उस मां की घबराहट पल भर में गर्व और खुशी में बदल गई और उसकी मुस्कान ने वहां मौजूद हर आंख को नम कर दिया। आगे जो हुआ, वह दृश्य कैमरे में कैद ज़रूर हुआ, लेकिन उसका असर सीधे दिलों में उतरा, क्योंकि कुछ पल ऐसे होते हैं जिन्हें शब्द नहीं, सिर्फ़ महसूस किया जा सकता है।

यह घटना हमें सिखाती है कि जीवन कभी भी, कहीं भी, किसी भी हालात में जन्म ले सकता है और इंसानियत अगर साथ हो तो हर रास्ता अस्पताल बन सकता है। दुनिया चाहे कितनी भी तेज़ क्यों न भाग रही हो, कुछ पल ऐसे होते हैं, जहां समय खुद रुककर जीवन को सलाम करता है।

–फेसबुक वाल से

## सामयिकी

# समानता व आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ेंगी महिलाएं



प्रो. नीलिमा गुप्ता
पूर्व कुलपति

किसी भी देश के समग्र विकास में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। महिलाएं न केवल परिवार की आधारशिला होती हैं, बल्कि वे समाज, अर्थव्यवस्था और राष्ट्र निर्माण में भी सक्रिय योगदान देती हैं। इसके बावजूद लंबे समय तक महिलाओं को आर्थिक, शैक्षिक और सामाजिक अवसरों में समानता नहीं मिल पाई। इसी असमानता को दूर करने के उद्देश्य से सरकार द्वारा बनाए जाने वाले बजट में महिलाओं की विशेष आवश्यकताओं और सशक्तिकरण पर ध्यान देना आवश्यक हो गया है। वित्त मंत्री, निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत 2026-27 का यूनियन बजट इसी दिशा में एक सकारात्मक पहल है।

भारतीय समाज में आज भी महिलाओं को अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। शिक्षा में असमानता, स्वास्थ्य सेवाओं की कमी, रोजगार के सीमित अवसर, वेतन में भेदभाव, घरेलू हिंसा और सुरक्षा की समस्याएं आज भी गंभीर मुद्दे हैं। ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों में महिलाओं की स्थिति और भी दयनीय है। ऐसे में महिला-अनुकूल बजट की आवश्यकता इसलिए महसूस होती है, ताकि महिलाओं को समान अवसर प्रदान किए जा सकें, उनके स्वास्थ्य और पोषण स्तर में सुधार हो, शिक्षा और कौशल विकास को बढ़ावा मिले, आर्थिक आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहन मिले तथा महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित किया जा सके। भारत सरकार ने 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ', 'उज्ज्वला योजना', 'मुद्रा योजना', 'मिशन शक्ति' जैसी अनेक योजनाएं शुरू कीं, जिनका सीधा लाभ महिलाओं को मिलता है। ये योजनाएं महिला-अनुकूल बजट की भावना को मजबूत करती हैं।

महिलाओं को स्थाई उद्यम, बेहतर फाइनेंसिंग और सीधे बाजार से जोड़कर आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए शी (सेल्फ हेल्प एंटरप्रेन्योर) मार्ट स्थापित करने का प्रस्ताव है, जिससे महिलाएं टिकाऊ उद्यमिता की और अग्रसर हो सकेंगी और नारी सशक्तिकरण को बल मिलेगा। 'लखपति दीदी योजना' का विस्तार, महिलाओं को स्वरोजगार और उद्यमिया के लिए प्रोत्साहन एक सार्थक पहल है। यह घोषणाएं समाज में अवश्य ही बदलाव लाएंगी। इससे ग्रामीण और शहरी दोनों वर्गों की महिलाओं को सामान अवसर मिलेगा।

दूर-दराज से पढ़ने की लिए आने वाली छात्राओं और कामकाजी महिलाओं की लिए हर जिले में गर्ल्स हॉस्टल खुलने से बहुत रहत मिलेगी। छात्राओं को उच्च शिक्षा हासिल करने के लिए नए शहर में रुकने की बहुत बड़ी समस्या होती है, इस समस्या के निदान के लिए यूनियन बजट द्वारा विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित में उच्च शिक्षा को प्राथमिकता देते हुए हर जिले में (800) गर्ल्स हॉस्टल खुलने से छात्रों के सपनों को पंख लगेंगे।

आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (MSME) को बढ़ावा दिया गया है, जिसमें महिला-अनुकूल बजट की महत्वपूर्ण भूमिका है। स्वयं सहायता समूहों, मुद्रा ऋृण, स्टार्ट-अप योजनाओं और महिला उद्यमिता कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाएं घरेलू उद्योग, हस्तशिल्प, कृषि-आधारित व्यवसाय और सेवा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन रही हैं। इससे स्थानीय उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा और 'लोकल से ग्लोबल' की अवधारणा साकार होगी।

यह स्पष्ट है कि महिला-अनुकूल बजट आत्मनिर्भर भारत का सहायक नहीं, बल्कि उसका मूल स्तंभ है। महिलाओं के बिना आत्मनिर्भर भारत की कल्पना अधूरी है। सशक्त महिला ही सशक्त राष्ट्र की नींव रखती है। महिला-अनुकूल बजट केवल एक आर्थिक दस्तावेज नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का सशक्त माध्यम है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।



यह भी एक रोचक तथ्य है कि जिस प्रकार नगर कला पिछली सदियों में अनेक कला आंदोलनों एवं वैचारिक द्वंद्वों से गुजरती हुई अपने समकालीन रूप तक पहुंची है, इसी प्रकार लोक-आदिवासी कला भी अनेक धार्मिक-सामाजिक परिस्थितियों से गुजरती हुई अपने वर्तमान रूप तक पहुंची है। डब्ल्यूजी आर्चर, वेरीयर एल्विन एवं अन्य विद्वानों द्वारा प्रस्तुत किए गए पश्चिम बंगाल के पटुआ पटचित्र, ओडिशा के जात्री पटचित्र, महाराष्ट्र के चित्रकथी पोथी चित्र, सौंरा आदिवासियों के इडीतल भित्ति चित्र एवं बिहार के मधुबनी के भित्तिचित्र आदि के जो पुराने नमूने हैं, वे उन्नीसवीं सदी के उत्तरार्द्ध अथवा बीसवीं सदी के आरंभिक वर्षों के हैं। इनका स्वरूप वर्तमान में इन्हीं शैलियों के प्रचलित लोक चित्रों से बहुत भिन्न है।



मुश्ताक खान
लेखक, नई दिल्ली

# आदिवासी लोक चित्रकला को देखने का बदलना होगा नजरिया

**आदिवासी लोक चित्रकला का व्यवसायीकरण-** आदिवासी लोक चित्रों का एक रूप सन् 1960 के दशक में तब सामने आया, जब पारंपरिक लोक-आदिवासी चित्रकला के व्यवसायीकरण के प्रयास आरंभ हुए। उस समय पहली बार आदिवासी लोक चित्रकला में बाहरी विद्वानों द्वारा वैचारिक हस्तक्षेप आरंभ हुआ। पारंपरिक लोक चित्रकारों को यह समझाया गया कि उन्हें दीवार के बजाय कागज पर चित्रकारी करनी है तथा नए विषयों को सीमित आकार में चित्रित करने का प्रयास करना है। कुछ ही समय में सामग्री और तकनीक भी बदलवाई गई। इन प्रयासों के साथ ही पारंपरिक आदिवासी लोक चित्रकला के स्वरूप में बड़ी तेजी से परिवर्तन हुए। इससे पहले तक इसमें सामूहिकता एवं परंपरा के निर्वाह और उसकी पवित्रता तथा परिशुद्धता का महत्व सर्वोपरि था। लोक चित्रकार की व्यक्तिगत प्रतिभा और कल्पनाशीलता का स्थान गौण था। लोक चित्रकार की हेसियत पिंजरे में बंद पक्षी जैसी थी, परंतु अब उसे अपने पर खोलने के लिए प्रेरित किया जा रहा था।

सन 1960 के दशक तक की आदिवासी लोक चित्रकला को मैंने कुछ इस तरह समझा-अपने परंपरागत स्वरूप में आदिवासी लोक चित्रकला क्षेत्र विशेष या समुदाय विशेष के जन-सामान्य द्वारा किया गया वह कलाकर्म है, जिसके मूल में शुभ का विचार होता है और जो अवसर विशेष से जुड़े अनुष्ठान एवं मान्यताओं को संपन्न करने हेतु किया जाता है। मूलतः यह कलाकर्म आजीविका कमाने हेतु नहीं, बल्कि अपने जीवन को प्रचलित विश्वासों और मान्यताओं के अनुरूप सुख एवं शांतिमय बनाने हेतु पारलौकिक शक्तियों से आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए किया जाता है। यह चित्र मानव का देवी-देवताओं को संबोधन है। यह चित्रित प्रार्थनाएं हैं, जिनके माध्यम से वे इस लोक एवं परलोक के मध्य संवाद स्थापित करते हैं। अपने इष्ट देवी-देवताओं का आह्वान करते हैं, उन्हें जाग्रत करते हैं, उन्हें शांत करते हैं, उनका धन्यवाद ज्ञापन करते हैं और उनकी आराधना करते हैं। यह चित्र मात्र प्रदर्शन की वस्तु नहीं, बल्कि आदिवासी-लोक जीवन का महत्वपूर्ण अंग हैं।

## पारंपरिक परिभाषा पर उठते प्रश्न

वर्तमान में, इक्कीसवीं सदी के परिवेश में प्रचलित आदिवासी लोक चित्रकला को क्या उसकी इस परिभाषा अथवा उसके प्रति इस पारंपरिक सोच से व्याख्यायित किया जा सकता है? मेरे लिए यह एक विचारणीय प्रश्न है। क्या हमें अब प्रचलित आदिवासी लोक चित्रकला के समकालीन रूप को नए सिरे से समझने और परिभाषित करने की आवश्यकता नहीं है? आदिवासी लोक चित्रकला का एक बड़ा भाग जो वर्तमान में शहरी कला बाजारों अथवा प्रदर्शनियों तथा इंटरनेट पर दिखाई देता है, वह उपरोक्त पारंपरिक परिभाषा से बहुत आगे जा चुका है। अब इन्हें बनाने के लिए न तो किसी विशेष अवसर की आवश्यकता है, न अनुष्ठान, त्योहार की और न ही इनके द्वारा किसी देव का आह्वान किया जाता है और न ही शमन। यह चित्र अपने पारंपरिक सामाजिक संदर्भ अथवा उत्तरदायित्व से मुक्त होकर केवल सौंदर्य सृजन एवं अर्थोपार्जन का माध्यम बन चुके हैं। ऐसा भी नहीं है कि समूचा परिदृश्य बदल गया हो, आज भी आंतरिक ग्रामीण अंचलों में कहीं-न-कहीं यह चित्र अपनी पारंपरिक पहचान और कलेवर बनाए हुए हैं, लेकिन वास्तविकता यह है कि लोककला की स्थिति अब बदल चुकी है।

## शहरी कला बाजार और चित्रों का नया स्वरूप

आदिवासी लोक चित्रों के इस समकालीन समूह में वे सभी चित्र सम्मिलित हैं, जिनका प्रचलन पारंपरिक उद्देश्यों की पूर्ति हेतु नहीं, बल्कि शहरी बाजारों में विक्रय हेतु बनाए जाने के साथ विकसित हुआ है। यह चित्र आदिवासी-लोक कलाकारों के परंपरा-सिंचित सौंदर्यबोध एवं उनकी व्यक्तिगत कला प्रतिभा की अभिव्यक्तियां हैं। इन चित्रों ने आदिवासी-लोक कलाकारों के लिए नई संभावनाओं के द्वार खोल दिए हैं एवं आदिवासी-लोक कला को एक भिन्न धरातल पर प्रतिष्ठित कर दिया है। सामान्यत: आदिवासी-लोक चित्रकला को हम इनकी परंपरा के परिप्रेक्ष्य में ही देखते रहे हैं। रूपंकर कलाओं के संदर्भ में परंपरा का आशय केवल प्रचलित चित्रभाषा, अभिप्राय, प्रतीक, छवियां, रूपाकार, शैली आदि की पुनरावृत्ति तक सीमित नहीं रहता बल्कि इनमें सतत प्रवाहित जनचेतना का भी अपना महत्व है, जो इन्हें बदलते परिवेश में भी अपने मूल से जोड़े रखती है। इस समूचे परिदृश्य के आधार पर यह कहा जा सकता है कि आदिवासी-लोक समाजों में कलाकारों का योगदान यही है कि वे इन परंपरागत कलाकृतियों को अपनी कलात्मक प्रतिभा से समकालीन रूप तथा महत्व प्रदान करते हैं।

## मौलिक कला प्रतिभा और शिल्प कौशल

आदिवासी लोक कला के व्यवसायीकरण की प्रक्रिया का एक परिणाम यह हुआ कि अब तक सामुदायिक अथवा सामूहिक समझी जाने वाली आदिवासी लोक कलाओं में कलाकारों के काम को व्यक्तिगत पहचान मिलना आरंभ हुआ। कलाकारों को अपनी सामुदायिक कला परंपरा के प्रतिनिधि के साथ-साथ एक निजी पहचान भी मिली। सामूहिक कलाकर्म में व्यक्ति का उदय हुआ। पारंपरिक ढर्रे पर कलाकर्म करते हुए कलाकार की व्यक्तिगत कला प्रतिभा को पहचान मिली, लेकिन आदिवासी लोक कलाकारों की यह यात्रा इतनी आसान नहीं रही। बदलते परिवेश में उनके कलाकर्म का उद्देश्य ही बदल रहा था। अब उन्हें अपने पारंपरिक चित्रों में धार्मिक-सामाजिक विश्वासों के अनुरूप पवित्रता नहीं बनाए रखनी थी, बल्कि उन्हें अपनी पारंपरिक शैलीगत पहचान बनाए रखते हुए निजी मौलिक कला प्रतिभा और शिल्प कौशल को व्यक्त करना था। अब वे समुदाय से निकलकर कला के बाज़ार में प्रवेश कर गए थे। उन्हें अब अपनी कल्पना को विस्तार देना था और नए-नए विषयों पर चित्रों का सृजन करना था। आदिवासी लोक कला को देखने का एक अलग नजरिया मिला सन् 1980 में, जब मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में भारत भवन की स्थापना के साथ एक नए कला आंदोलन ने जन्म लिया। प्रसिद्ध चित्रकार एवं कलाचिंतक जगदीश स्वामीनाथन के मार्गदर्शन में यह एक ऐसा कला आंदोलन था, जो शहरी समकालीन और ग्रामीण आदिवासी लोक कला को एक साथ भारतीय समकालीन कला के दो अभिन्न अंग मानता था। यहां आदिवासी लोककला भी उतनी ही महत्वपूर्ण थी, जितनी शहरी आधुनिक कला। यहां परंपरा का अर्थ केवल पुनरावृत्ति नहीं, बल्कि उसमें निजता और नवीनता का सहज स्वीकार था।


## असीम संभावनाएं

परिणामस्वरूप पारंपरिक आदिवासी लोक कला पर पारंपरिक पवित्रता के आग्रह की जकड़ कम होने से आदिवासी लोक कलाकारों को चित्र सृजन में उसका कथ्य और रूप कल्पित करने में अपेक्षाकृत स्वतंत्रता मिलने लगी। परंतु उन पर यह जिम्मेदारी भी आ पड़ी कि वे अभिव्यक्ति की इस स्वतंत्रता को उसी सीमा तक ले जाएं, जहां तक उनकी पारंपरिक शैलीगत पहचान विलुप्त न होने पाए। भले ही आदिवासी लोक कलाकारों को अपनी-अपनी समुदायगत विरासत में मिली परंपरा ने उन्हें कृति सृजन के लिए समान विषयवस्तु प्रदान की है या उनका सौंदर्यबोध एक ही परंपरा द्वारा सिंचित है। परंतु उनकी व्यक्तिगत कल्पनाशीलता, रंग और रूप के प्रति सहज प्रतिक्रिया, कलाकार की निजी संवेदना आदि अनेक तत्व हैं, जो उनके कलाकर्म को न केवल प्रभावित करते हैं, बल्कि उसे विशिष्टता भी प्रदान करते हैं। तब एक पारंपरिक निश्चित दायरे में काम करते हुए भी असीम संभावनाएं उभरकर सामने आती हैं, जो इन कलाकृतियों में आदिवासी लोक कलाकारों की व्यक्तिगत अभिव्यक्ति को रेखांकित करती हैं। आज अनेक आदिवासी लोक चित्रकारों ने अपनी चित्रकला की परंपरागत पहचान बनाए रखते हुए भी, अपनी व्यक्तिगत सृजनशीलता से इस पारंपरिक कला में नए आयाम जोड़े हैं, अपनी पहचान बनाई है। अत: हमें भी समकालीन आदिवासी लोक कला को देखने और समझने के नजरिये में वांछित बदलाव की जरूरत है।

---

**अनोखी परंपरा**

## नमक मांगना भी बन सकता है मुसीबत



दुनिया के हर देश की अपनी अलग सांस्कृतिक पहचान होती है, जो वहां के रीति-रिवाजों और सामाजिक व्यवहार में साफ झलकती है। ये परंपराएं पीढ़ी दर पीढ़ी चली आती हैं और स्थानीय लोगों के जीवन का अभिन्न हिस्सा बन जाती हैं। कई बार बाहरी लोग अनजाने में इन परंपराओं का उल्लंघन कर बैठते हैं, जिससे वे असहज या मुश्किल स्थिति में फंस सकते हैं। ऐसा ही एक अनोखा सामाजिक नियम मिस्र में देखने को मिलता है, जहां भोजन करते समय अलग से नमक मांगना अपमान माना जाता है।

मिस्र की संस्कृति में भोजन केवल पेट भरने का साधन नहीं, बल्कि सम्मान, आतिथ्य और आपसी संबंधों का प्रतीक है। जब कोई मेजबान अपने अतिथि के लिए भोजन तैयार करता है, तो वह उसे पूरे मन और मेहनत से बनाता है। ऐसे में अगर अतिथि खाने के दौरान नमक मांग ले या पकवान में अतिरिक्त नमक डाल दे, तो इसे यह संकेत माना जाता है कि भोजन स्वादहीन है या मेजबान ने उसे ठीक से नहीं बनाया। यही कारण है कि नमक मांगना वहां मेजबान और भोजन—दोनों का अपमान समझा जाता है। अगर आप मिस्र में किसी के घर दावत पर जाते हैं, तो बेहतर यही होता है कि जो भोजन परोसा गया है, उसे उसी रूप में स्वीकार करें। चाहे स्वाद आपकी आदतों के अनुरूप न भी हो, फिर भी उसमें किसी तरह का बदलाव करना सामाजिक शिष्टाचार के विरुद्ध माना जाता है। वहां यह माना जाता है कि अतिथि का सम्मान इसी में है कि वह मेजबान के प्रयासों को बिना किसी टिप्पणी के स्वीकार करे।

यह परंपरा केवल घरों तक सीमित नहीं है। मिस्र के होटल और रेस्तरां में भी नमक मांगना लोगों को अटपटा लग सकता है। हालांकि कुछ जगहों पर टेबल पर सॉल्ट-स्प्रिंकलर रखा मिल जाता है, लेकिन स्थानीय लोग इसे शायद ही इस्तेमाल करते हैं। कई बार अगर कोई पर्यटक इसका उपयोग करता है, तो आसपास बैठे लोग हैरानी से उसे देखने लगते हैं। इसलिए मिस्र की यात्रा पर जाते समय वहां की इस सांस्कृतिक बारीकी को समझना बेहद ज़रूरी है। वहां भोजन के स्वाद से अधिक सम्मान, परंपरा और भावनाओं को महत्व दिया जाता है।

---

**आर्ट गैलरी**



## रेम्ब्रांट वैन रिजन की 'द नाइट वाच'

द नाइट वॉच रेम्ब्रांट वैन रिजन की सबसे मशहूर पेंटिंग्स में से एक है। इसे 1642 में डच गोल्डन एज के दौरान बनाया गया था। यह पेंटिंग कैप्टन फ्रांज बैनिंग कोक के नेतृत्व वाली एक कंपनी का ग्रुप पोर्ट्रेट है। यह पेंटिंग रोशनी और परछाई (टेनेब्रिज़्म) के नाटकीय इस्तेमाल और एक स्थिर सैन्य ग्रुप पोर्ट्रेट में गति के भ्रम के लिए जाना जाता है। 1808 में इस पेंटिंग को रिज्क्सम्यूजियम में ट्रांसफर कर दिया गया। वहां यह आज भी मौजूद है। इस पेंटिंग में 34 आकृतियां हैं, जिनमें वॉलंटियर गार्ड के सदस्य, एक झंडाबरदार, एक ड्रमर और एक छोटी लड़की शामिल हैं। चित्रित लोगों का मुख्य काम अपने शहरों में रक्षक के रूप में सेवा करना था। यह सत्रहवीं सदी की डच पेंटिंग का एक प्रतीक और खास उदाहरण बनी हुई है।



### रिजन के बारे में

रेम्ब्रांट वैन रिजन एक डच चित्रकार थे। वह बारोक शैली में अपनी असाधारण कला के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने अपने पूरे करियर में धार्मिक और पौराणिक विषयों पर ध्यान केंद्रित किया और ऐसी उत्कृष्ट कृतियां बनाईं जिन्हें आज भी सराहा जाता है। उनका जन्म 1606 में हुआ और निधन 1669 में। रेम्ब्रांट की सबसे प्रसिद्ध कलाकृतियों में से एक 'द नाइट वॉच' है, जो प्रकाश और छाया पर उनकी महारत को दिखाती है। बारोक काल के चित्रकार रेम्ब्रांट ने कैरावैगियो जैसे इतालवी मास्टर्स से प्रेरणा ली। चियारोस्क्यूरो का उपयोग नाटकीय दृश्य बनाने के लिए प्रकाश और अंधेरे का कंट्रास्ट उनके काम की एक खास विशेषता बन गई। यह तकनीक न केवल 'द नाइट वॉच' में, बल्कि 'द एनाटॉमी लेसन ऑफ डॉ. निकोलेस टल्प' जैसी अन्य उल्लेखनीय पेंटिंग्स में भी देखी जा सकती है। अपनी कलात्मक प्रतिभा के लिए सराहे जाने के अलावा, रेम्ब्रांट का डच सांस्कृतिक विरासत में भी एक महत्वपूर्ण स्थान है।

---

**लोकायन**

## तमाशा : जीवंत लोक-नाट्य परंपरा

तमाशा लोक नृत्य और नाट्य प्रस्तुति का एक विशिष्ट रूप है, जिसकी उत्पत्ति 16वीं शताब्दी के आरंभ में महाराष्ट्र में मानी जाती है। अपने आरंभिक दौर से लेकर आज तक तमाशा न केवल महाराष्ट्र, बल्कि भारत के सबसे लोकप्रिय और जीवंत लोक कला रूपों में गिना जाता है। यह लोकनाट्य संगीत, नृत्य, अभिनय और कविता का ऐसा संगम है, जो जनसाधारण की भावनाओं को सीधे अभिव्यक्त करता है।

तमाशा की प्रस्तुति में गायन और नृत्य के साथ कई पारंपरिक वाद्ययंत्रों का प्रयोग किया जाता है। इनमें ढोलकी, तुनतुनी (एक तार वाला वाद्ययंत्र), मंजीरा, डफ, हल्गी, कड़े नामक धातु का त्रिकोण, लेजिम, हारमोनियम और गुंघरू प्रमुख हैं। ढोलकी और हल्गी की सशक्त ताल तमाशा की पहचान मानी जाती है, जो पूरी प्रस्तुति को ऊर्जा और लय प्रदान करती है।

तमाशा का गहरा संबंध महाराष्ट्र के कोल्हाटी और महार समुदायों से रहा है। इन समुदायों द्वारा पीढ़ी-दर-पीढ़ी इस कला को जीवित रखा गया। तमाशा का इतिहास अन्य मराठी लोक कलाओं से भिन्न है, क्योंकि इसमें लोककथाओं, कविता और नाट्य का अनूठा मिश्रण देखने को मिलता है। रामायण और महाभारत जैसे महाकाव्यों में नृत्य और संगीत की परंपरा का प्रभाव तमाशा में स्पष्ट रूप से झलकता है।



मराठी लोक साहित्य पर संस्कृत साहित्य का गहरा प्रभाव भी इसकी रचनात्मकता को समृद्ध करता है।

राम जोशी (1762-1812) को तमाशा का जनक माना जाता है। वे संस्कृत पुराणों, कीर्तन और नाट्य गायन के लिए प्रसिद्ध थे। बाद में मराठी साहित्यकार मोरोपंत के साथ उनके जुड़ाव ने तमाशा को नई दिशा दी। 'शाहिर' कहलाने वाले कवि-गायक रवानी ने तमाशा के लिए अनेक प्रेम और लोकगीतों की रचना की, जिससे यह कला और अधिक लोकप्रिय हुई। तमाशा के दो अन्य रूपों-पारंपरिक पड़ा गायन और दशावतार नाट्य रूप का भी उल्लेख मिलता है। यह कला महाराष्ट्र के साथ-साथ कर्नाटक, गोवा और कोंकण क्षेत्रों में भी प्रचलित है। तमाशा की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसके लिए किसी विशेष मंच की आवश्यकता नहीं होती। गांव का चौक, घर का आंगन या खुला मैदान-हर स्थान इसका रंगमंच बन सकता है। संगीतकारों के प्रवेश से आरंभ होने वाला तमाशा आज भी लोक-संस्कृति की जीवंत धड़कन बना हुआ है।

---

## भारतीय कला शिक्षा, लोक परंपरा और समकालीन कला

यह लगभग निर्विवाद तथ्य है कि भारत में आज भी जिस औपचारिक कला शिक्षा पद्धति का अनुसरण किया जा रहा है, उसकी जड़ें औपनिवेशिक काल में स्थापित ब्रिटिश मॉडल में निहित हैं। जबकि आज यह स्पष्ट हो चला है कि मद्रास, कलकत्ता, बॉम्बे और लाहौर जैसे कला विद्यालयों की स्थापना का मूल उद्देश्य भारतीय कलाकार तैयार करना नहीं, बल्कि यूरोपीय बाजारों के लिए डिजाइन, कारीगरी और दृश्य सामग्री का उत्पादन था। परिणामत: इस शिक्षा प्रणाली में भारतीय कला परंपराओं को या तो 'क्राफ्ट' कहकर हाशिये पर रखा गया या फिर उन्हें आधुनिकता-विरोधी मानते हुए पाठ्यक्रम से बाहर कर दिया गया।



सुमन कुमार सिंह
कलाकार/कला लेखक



आश्चर्य की बात यह है कि स्वतंत्रता के सात दशक बाद भी कला शिक्षा के इस ढांचे में कोई बुनियादी वैचारिक पुनर्गठन नहीं हुआ। भारतीय कला इतिहास, जो सिंधु घाटी, मौर्य, गुप्त, मध्यकालीन, लोक, जनजातीय और शिल्प परंपराओं के माध्यम से हजारों वर्षों में विकसित हुआ। आज भी कला महाविद्यालयों के पाठ्यक्रम में केंद्रीय ज्ञान-स्रोत के रूप में स्थापित नहीं हो पाया है। लोक और पारंपरिक कलाएं अधिकतर वैकल्पिक, गौण या "फोक स्टडी" तक सीमित हैं, न कि समकालीन अभ्यास के सक्रिय स्रोत के रूप में।

इसी पृष्ठभूमि में समकालीन भारतीय कला जगत में एक विरोधाभासी स्थिति उभरती है। हाल के वर्षों में अनेक ख्यात और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय कलाकार अपनी कृतियों में भारतीय शिल्प, लोक कला, आदिवासी प्रतीकों और पारंपरिक तकनीकों का खुलकर उपयोग कर रहे हैं। विशेष रूप से विदेशी प्रदर्शनियों और बिएनाले संदर्भों में यह रुझान अधिक दिखाई देता है, जहां तथाकथित "इंडियननेस" (भारतीयता) एक सांस्कृतिक पूंजी के रूप में काम करती है। यहां भारतीय शैली के वस्त्र, कढ़ाई, गोंड, मिथिला, वारली या टेराकोटा जैसे दृश्य संकेत वैश्विक कला बाज़ार में विशेष पहचान और विशिष्टता प्रदान करते हैं।

ऐसे में एक सवाल यह भी आता है कि क्या इसे चोरी कहा जा सकता है? स्पष्ट है कि यदि चोरी से आशय शैली, प्रतीक और रूपों के उपयोग मात्र से है, तो कला इतिहास बताता है कि कोई भी कला परंपरा कभी भी पूर्णतः स्वायत्त नहीं होती। ऐसे में आधुनिक कला भी उधार, रूपांतरण और पुनर्संयोजन की प्रक्रिया से उत्पन्न अवधारणा या व्याख्या है। इस अर्थ में, केवल लोक रूपों के उपयोग को चोरी नहीं कहा जा सकता, लेकिन समस्या तब शुरू होती है, जब यह उपयोग समान शक्ति-संबंधों के भीतर नहीं होता, बल्कि एक अभिजात्य, शहरी और संस्थागत कलाकार लोक या आदिवासी कला के दृश्य संसार को अपनाता है, लेकिन उन समुदायों को श्रेय नहीं देता, उनकी ऐतिहासिक, सामाजिक या आर्थिक स्थितियों से कोई संवाद नहीं करता और न ही उनके ज्ञान को समकालीन कला शिक्षा में स्थान दिलाने की कोशिश करता है, तो ऐसे में यह प्रक्रिया सांस्कृतिक उपभोग का रूप ले लेती है। इस हालात में लोक कला या प्रतीक प्रेरणा नहीं, बल्कि कच्चा माल बन जाती है।

इस संदर्भ में इस धारणा को आंशिक रूप से सही कहा जा सकता है, कि अभिजात्य कला समाज लोक कलाओं से चोरी कर रहा है, क्योंकि समस्या "उधार लेने" या प्रभावित होने में नहीं, बल्कि उस संस्थागत पाखंड में है। जहां एक ओर कला महाविद्यालयों और कला संकायों में लोक कलाओं को अकादमिक ज्ञान नहीं माना जाता, वहीं दूसरी ओर समाज में सदियों से प्रचलित लोक दृश्यता समकालीन कला की प्रतिष्ठा और कला बाजार का आधार बन जाती है। जाहिर है, ऐसे में यह असंतुलन लोक परंपराओं के प्रति एक संरचनात्मक अन्याय को उजागर करता है, जिसकी जड़ों में रचा बसा होता है अभिजात्य समाज का पाखंड।

वैसे यह कहना कि सभी अभिजात्य कलाकार "चोरी" कर रहे हैं या करते हैं, महज सरलीकरण होगा, किंतु यह भी उतना ही सत्य है कि जब तक भारतीय कला शिक्षा अपने केंद्र में भारतीय कला परंपरा को पुनः स्थापित नहीं करती, तब तक लोक और शिल्प कलाओं का यह उपयोग नैतिक और वैचारिक सवालों से घिरा रहेगा। आवश्यकता है संरचनात्मक सुधार, न कि केवल शैलीगत समावेशन की। इस पूरे विमर्श का निष्पक्ष आकलन करते हुए यह स्वीकार करना आवश्यक है कि समकालीन भारतीय कला में लोक और पारंपरिक कलाओं का उपयोग न तो स्वभावतः गलत है और न ही स्वतः शोषणकारी। कला का इतिहास परस्पर ग्रहण, रूपांतरण और संवाद से ही निर्मित हुआ है। समस्या वहां उत्पन्न होती है, जहां यह ग्रहण असमान शक्ति-संरचना के भीतर होता है और संस्थागत स्तर पर लोक कलाओं को समान वैचारिक दर्जा नहीं मिलता। यदि कोई समकालीन कलाकार लोक या शिल्प परंपराओं से प्रेरणा लेते हुए उनके ऐतिहासिक, सामाजिक और सांस्कृतिक संदर्भों के साथ ईमानदार संवाद करता है, श्रेय और सहभागिता सुनिश्चित करता है, तो यह प्रक्रिया रचनात्मक और नैतिक कही जा सकती है। किंतु जब वही तत्व केवल वैश्विक दृश्यता या बाजार की मांग के लिए अपनाए जाते हैं, तब यह सांस्कृतिक उपभोग का रूप ले लेती है। ऐसे में आज सबसे आवश्यक कदम कला शिक्षा के पाठ्यक्रम मं संरचनात्मक सुधार होना चाहिए। साथ ही भारतीय लोक, जनजातीय और शिल्प परंपराओं को केवल सैद्धांतिक अध्ययन का विषय भर नहीं, बल्कि समकालीन अभ्यास के सक्रिय स्रोत के रूप में अपनाया जाना चाहिए। साथ ही कलाकारों और कला संस्थानों को भी लोक समुदायों के साथ दीर्घकालिक, समानतापूर्ण सहयोग की दिशा में बढ़ना होगा। तभी सदियों से जारी यह अंतर्विरोध रचनात्मक संवाद में बदल पाएगा।

| बाजार | सेंसेक्स ↑ | निफ्टी ↑ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 83,739.13 | 25,727.55 |
| बढ़त | 2,072.67 | 639.15 |
| प्रतिशत में | 2.54 | 2.55 |

सोना 1,57,700 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,84,000 प्रति किलो

अमृत विचार
बरेली, बुधवार, 4 फरवरी 2026
www.amritvichar.com



## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन** : तुलसी 2610, राज श्री 1940, फ़ॉर्चून कि. 2425, रविन्द्रा 2530, फॉर्चुन 13 किग्रा 2145, जय जवान 2140, सचिन 2130, सूरज 2140, अवसर 1945, उजाला 2125, गृहणी 13 किग्रा 1985, क्लासिक (किग्रा) 2325, मोर 2335, चक्र टिन 2375, ब्लू 2215, आशीर्वाद मस्टर्ड 2400, स्वास्तिक 2560

**किराना** : हल्दी निजामाबाद 17000, जीरा 24500, लाल मिर्च 18000-23000, धनिया 9400-12000, अजवायान 13500-20000, मेथी 6000-8000 सौंफ 9000-13000, सोंठ 31000, **प्रति किग्रा** : लौंग 800-1000, बादाम 780-1080, काजू 2 पीस 840, किशमिश पीली 300-400, मखाना 800-1100

**चावल प्रति कुंटल** : डबल चाबी सेला 9700, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 5250, शर्बती स्टीम 5350, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 8200, राजभोग 6850, हरी पत्ती (1 किग्रा, 5 किग्रा) 10100, हरी पत्ती नेचुरल 9100, गौरी स्पेशल 8400, गौरी प्रीमियम 9800, सूमो 4000, गौरी रॉयल 8600, मंसूरी पनघट 4150, लाडली 4100

**दाल दलहन** : मूंग दाल इंदौर 9700, मूंग धोवा 10000, राजमा चित्रा 11200-12500, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250-7450 मलका दाल 7350-9200, मलका छांटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800-9800, मसूर दाल छोटी 10000-11600, दाल उड़द दिल्ली 10600, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800-11500, चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7500, चना अकोला 6600, डबरा 6800-8400, सच्चा हीरा 8900, मोटा हीरा 10000, अरहर गोला मोटा 9000, अरहर पटका मोटा 9700, अरहर कोरा मोटा 10000, अरहर पटका छोटा 11500-12200, अरहर कोरी छोटी 13400

**चीनी** : पीलीभीत 4300, बहेड़ी 4200

## हल्द्वानी मंडी

**चावल** : शरबती- 4600, मसूरी- 1400, बासमती- 8300-9000, परमल- 3000-3500

**दाल दलहन** : काला चना- 3600-4200, साबुत चना दाल- 1200, मूंग साबुत- 5400, राजमा- 9500-11000, दाल उड़द- 7500, साबुत मसूर दाल- 4300, मसूर दाल- 1020, उड़द साबुत- 10200, काबुली चना- 8200-10400, अरहर दाल- 10200 -11000, लोबिया/करमानी- 3400-4400

# अमेरिका के साथ व्यापार समझौते से उद्योगों को तेज वृद्धि की उम्मीद

## उद्योग जगत ने कहा- समझौता दोनों देशों के लिए बहुप्रतीक्षित महत्वपूर्ण उपलब्धि

नई दिल्ली, एजेंसी



भारतीय उद्योग जगत के शीर्ष प्रतिनिधियों ने मंगलवार को कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौता भारत की वृद्धि महत्वाकांक्षाओं को गति प्रदान देगा। उन्होंने साथ ही कहा कि इससे देश को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी विनिर्माण एवं नवाचार केंद्र बनाने में मदद मिलेगी।

भारती एंटरप्राइजेज के संस्थापक एवं चेयरमैन सुनील मित्तल से लेकर आदित्य बिड़ला समूह के कुमार मंगलम बिड़ला और महिंद्रा समूह के अनीश शाह तक भारतीय उद्योग जगत के दिग्गजों ने द्विपक्षीय व्यापार और निवेश परिदृश्य को बदलने की इसकी क्षमता को रेखांकित करते हुए इस ऐतिहासिक समझौते पर प्रतिक्रिया व्यक्त की। महिंद्रा ग्रुप के सीईओ और प्रबंध निदेशक अनीश शाह ने इसे द्विपक्षीय व्यापार और निवेश संबंधों को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था के मजबूत वृद्धि पथ पर होने के साथ, यह सौदा भारत की वृद्धि महत्वाकांक्षाओं को सार्थक गति प्रदान करता है।

भारती एंटरप्राइजेज के संस्थापक और चेयरमैन सुनील भारती मित्तल ने कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौता दोनों देशों के लिए बहुप्रतीक्षित और महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो निवेश और वृद्धि के लिए अपार अवसर खोलता है। मित्तल ने कहा, मुक्त व्यापार समझौतों की शृंखला यह प्रमाण है कि भारत वैश्विक ढांचों के केंद्र में अपनी भूमिका निभा रहा है, जिसका उद्देश्य मजबूत अंतरराष्ट्रीय व्यापार रूपरेखा तैयार करना है। आदित्य बिड़ला ग्रुप के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला ने कहा कि कम शुल्क से इन दो महान देशों के बीच रणनीतिक और आर्थिक संबंधों को मजबूत करने में मदद मिलेगी और निवेश तथा सहयोग के अतिरिक्त अवसर मिलेंगे।

टीवीएस मोटर कंपनी के चेयरमैन सुदर्शन वेणु ने भी कहा कि टैरिफ में कमी एक सकारात्मक कदम है, जो निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार करता है और दीर्घकालिक द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों में विश्वास पैदा करता है। उन्होंने कहा कि चुनौतीपूर्ण वैश्विक माहौल में, व्यापार में खुलापन भारतीय उद्योग को विस्तार करने, नवाचार करने और नौकरियां पैदा करने में मदद करेगा। महिंद्रा ग्रुप के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने 'एक्स' पोस्ट किया, इससे संभलकर आगे बढ़ने के लाभों का पता चलता है। जब शोर थम जाएगा, तो दो स्वाभाविक साझेदार साथ आएंगे।

### बेहतर शर्तें अमेरिका में प्रतिस्पर्धा बढ़ाएंगीं : निर्यातक

**नई दिल्ली।** निर्यातकों ने उम्मीद जताई है कि भारत और अमेरिका के बीच घोषित व्यापार समझौते से श्रमप्रधान और एमएसएमई क्षेत्रों को बड़ा बढ़ावा मिलेगा। परिधान निर्यात संवर्धन परिषद (एईपीसी) के चेयरमैन ए शक्तिवेल ने कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता में यह सफलता ऐसे वक्त में मिली है, जब भारतीय उद्योग उच्च अमेरिकी शुल्क के कारण तनाव में थे। उन्होंने कहा, अमेरिका हमारा सबसे बड़ा एकल निर्यात बाजार है और बेहतर व्यापारिक शर्तें अमेरिकी बाजार में भारतीय परिधान उत्पादों की प्रतिस्पर्धात्मकता को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाएंगी। शार्दुल अमरचंद मंगलदास एंड कंपनी के पार्टनर रुद्र कुमार पांडेय ने कहा कि यह कदम भारत के निर्यात-प्रतिस्पर्धी रुख को पुख्ता करता है और ऐसे समय में आया है जब अमेरिका अपनी आपूर्ति शृंखला को चीन से दूर ले जा रहा है।

## भारत निर्यात होंगे अमेरिका के कृषि उत्पादः अमेरिकी सांसद

**न्यूयार्क।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत के साथ घोषित व्यापार समझौते से अमेरिका के कृषि उत्पादों का विशाल भारतीय बाजार में निर्यात होगा और यह समझौता रूसी आक्रामकता का मुकाबला करने में भी मदद करेगा। अमेरिकी सांसदों ने यह बात कही।



सीनेट की विदेश संबंध समिति के अध्यक्ष सीनेटर जिम रिश ने सोमवार को एक्स पर पोस्ट किया, भारत के साथ व्यापार समझौते की शानदार उपलब्धि के लिए राष्ट्रपति ट्रंप को बधाई। उन्होंने भारत को अमेरिका का एक करीबी साझेदार बताते हुए कहा, इस नए समझौते के तहत भारत ने अमेरिकी सामान खरीदने का संकल्प लिया है। यह अमेरिका को रूसी आक्रामकता का मुकाबला करने और रूसी ऊर्जा क्षेत्र के लिए भारत के समर्थन को कम करके यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध को खत्म करने में मदद करेगा। अमेरिका की कृषि सचिव ब्रुक रॉलिन्स ने अमेरिकी किसानों के लिए एक बार फिर काम करने के लिए ट्रंप को धन्यवाद दिया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, नया अमेरिका-भारत समझौता भारत के विशाल बाजार में अधिक अमेरिकी कृषि उत्पादों का निर्यात करेगा, जिससे कीमतें बढ़ेंगी और ग्रामीण अमेरिका में नकदी का प्रवाह होगा।

**अपने-अपने दावे**

## कृषि और डेयरी क्षेत्रों के हितों से कोई समझौता नहींः गोयल

**नई दिल्ली।** वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को अमेरिका के साथ हुए समझौते का विवरण दिए बिना कहा कि भारत की अमेरिका के साथ एक अच्छे करार पर सहमति बनी है और इसमें कृषि और दुग्ध क्षेत्रों के हितों के साथ कोई समझौता नहीं किया गया है।



गोयल ने कहा कि व्यापार समझौता अंतिम चरण में है और समझौते की रूपरेखा को स्पष्ट करते हुए जल्द ही भारत-अमेरिका का एक संयुक्त बयान जारी किया जाएगा। उन्होंने कांग्रेस पार्टी और उसके सहयोगी दलों पर समझौते को लेकर देश को गुमराह करने की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए उन पर निशाना साधा। उन्होंने विशेष रूप से कांग्रेस नेता राहुल गांधी को आड़े हाथ लेते हुए हुए कहा कि उनकी सोच नकारात्मक है और वह भारत की प्रगति के विरोधी हैं। गोयल ने कहा कि वह संसद में इस समझौते के बारे में बोलना चाहते थे, लेकिन कांग्रेस और विपक्षी दलों के हंगामे के कारण ऐसा नहीं कर सके। कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका के साथ बहुप्रतीक्षित व्यापार समझौता पूरा कर लिया है और देश उन्हें बधाई दे रहा है। प्रधानमंत्री और ट्रंप के व्यक्तिगत संबंधों के कारण भारत को अमेरिका के साथ अच्छा समझौता हासिल हुआ है।

## मौद्रिक नीति पर आज से होगी बैठक, स्थिर रह सकती है रेपो दर

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक बुधवार से शुरू हो रही है। बैठक में रेपो दर को यथावत रखने की उम्मीद है।

रेपो वह दर होती है जिस पर केंद्रीय बैंक, वाणिज्यिक बैंकों को ऋण देता है। इसमें कटौती बैंक ऋण सस्ता होता है, साथ ही बैंक जमा पर मिलने वाले ब्याज में भी कमी करते हैं। तीन दिन चलने वाली बैठक के बाद 6 फरवरी को समिति के फैसले की घोषणा की जाएगी। दिसंबर में हुई पिछली बैठक में रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती की गई थी। केंद्रीय बैंक ने पिछले साल चार बार में रेपो दर में 1.25 प्रतिशत की कटौती की थी। फरवरी 2025 में रेपो दर में 0.25 प्रतिशत, अप्रैल में 0.25 प्रतिशत और जून में 0.50 प्रतिशत की कटौती की थी।

## अमेरिकी शुल्क कटौती श्रमप्रधान क्षेत्रों के लिए सकारात्मकः मूडीज

नई दिल्ली, एजेंसी

- कहा- भारत के वस्तु निर्यात में जान फूंकेगा यह समझौता

मूडीज रेटिंग्स ने मंगलवार को कहा कि अधिकांश भारतीय वस्तुओं पर अमेरिकी शुल्क में कटौती से रत्न एवं आभूषण, कपड़ा और परिधान जैसे श्रम प्रधान क्षेत्रों की ऋण चुकाने की क्षमता बेहतर होगी। इन क्षेत्रों का देश के निर्यात में महत्वपूर्ण योगदान है।

मूडीज ने कहा कि यह व्यापार समझौता अमेरिका को भारत के वस्तु निर्यात में नई जान फूंकेगा। अमेरिका, भारत का सबसे बड़ा वस्तु निर्यात बाजार बना हुआ है, जो 2025 के पहले 11 महीनों में भारत के कुल वस्तु निर्यात का लगभग 21 प्रतिशत हिस्सा रहा। मूडीज ने कहा, कम शुल्क दर रत्न एवं आभूषण, कपड़ा और परिधान जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों के लिए भी ऋण चुकाने की क्षमता के लिहाज से सकारात्मक होगी, जो शीर्ष निर्यात क्षेत्रों में शामिल हैं।

### रूस से तेल खरीद बंद की तो बढ़ेगी महंगाई

मूडीज ने कहा कि हाल के महीनों में भारत ने रूस से कच्चे तेल की खरीद कम की है, लेकिन इसके पूरी तरह तुरंत बंद होने की संभावना नहीं है, क्योंकि ऐसा करना भारत की आर्थिक वृद्धि के लिए बाधक हो सकता है। मूडीज ने कहा, रूसी तेल से पूरी तरह हटकर अन्य स्रोतों पर निर्भरता आपूर्ति को और कड़ा कर सकती है, कीमतें बढ़ा सकती है और इसके कारण महंगाई भी बढ़ सकती है, क्योंकि भारत दुनिया के सबसे बड़े तेल आयातकों में से एक है।

## अदाणी समूह और लियोनार्डो भारत में स्थापित करेंगे हेलीकॉप्टर विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र

**नई दिल्ली।** अदाणी समूह और इटली की प्रमुख कंपनी लियोनार्डो ने मंगलवार को भारत में एक एकीकृत हेलीकॉप्टर विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र स्थापित करने के लिए रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की। यह कदम मेक इन इंडिया के प्रयासों को बढ़ावा देने दिशा में अहम बताया जा रहा है।

अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस और लियोनार्डो ने मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में इस साझेदारी के लिए एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए। यह साझेदारी भारतीय सशस्त्र बलों की जरूरतों को लक्षित करेगी, विशेष रूप से लियोनार्डो के उन्नत एडब्ल्यू169एम

**मेक इन इंडिया की ओर कदम**

और एडब्ल्यू109 ट्रेकर हेलीकॉप्टरों के लिए ऐसा किया जाएगा। एक बयान में कहा गया कि यह सहयोग चरणबद्ध स्वदेशीकरण, मजबूत रखरखाव, मरम्मत और ओवरहाल (एमआरओ) क्षमताओं तथा व्यापक पायलट प्रशिक्षण की सुविधा प्रदान करेगा। भारत में हेलीकॉप्टर की उपलब्धता काफी कम है, जहां देश की जनसंख्या के हिसाब से 250 से भी कम हेलीकॉप्टर हैं। अनुमान है कि देश को अगले 10 वर्षों तक सालाना लगभग 100 हेलीकॉप्टरों की आवश्यकता होगी।

## एयर इंडिया के बोइंग 787 विमानों के ईंधन नियंत्रण स्विच की जांच शुरू

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया ने अपने बोइंग 787 विमानों के ईंधन नियंत्रण स्विच की जांच शुरू कर दी है। यह कदम रविवार को लंदन हीथ्रो से बेंगलुरु के बीच एक विमान में स्विच के खराब होने के बाद उठाया गया है। इस समय एयर इंडिया के पास 33 बोइंग 787 या ड्रीमलाइनर विमान हैं।

कंपनी के उड़ान संचालन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनीष उप्पल ने बोइंग 787 पायलटों को बताया कि विमान के ईंधन नियंत्रण स्विच की बेड़े-वार फिर से जांच शुरू कर दी गई है। एयरलाइन की इंजीनियरिंग टीम ने प्राथमिकता के आधार पर मूल्यांकन के लिए मामले को बोइंग के पास भेजा है। उन्होंने एक ईमेल में कहा कि जब तक हम बोइंग की प्रतिक्रिया का इंतजार कर रहे हैं, हमारे इंजीनियरों ने सामान्य संचालन को सत्यापित करने के लिए ईंधन नियंत्रण स्विच की एहतियाती बेड़े-वार फिर से जांच शुरू कर दी है।



# विपक्ष ने राज्यसभा से किया बहिर्गमन

## कहा- वाशिंगटन से क्यों मिल रही जानकारी, सत्ता पक्ष ने लगाया हताशा का आरोप

**अमेरिका से व्यापार समझौते पर चर्चा की मांग को लेकर भारी हंगामा और नारेबाजी**

नई दिल्ली, एजेंसी

विपक्षी दलों के सदस्यों ने मंगलवार को जोरदार ढंग से भारत-अमेरिका व्यापार समझौते का मुद्दा उठाया और संसद को विश्वास में लेने, सदन के पटल पर इनके पूरे मसौदे रखे जाने के साथ इन पर व्यापक चर्चा की मांग करते हुए राज्यसभा से वाकआउट किया। इससे पहले विपक्ष ने सदन में हंगामा व नारेबाजी करते हुए सरकार पर देश के हितों से समझौता करने का भी आरोप लगाया। सत्ता पक्ष ने यह कहकर पलटवार किया कि विपक्ष की हताशा सामने आ रही है।

उच्च सदन में शून्यकाल समाप्त होने के तुरंत बाद जब सभापति सीपी राधाकृष्णन ने प्रश्नकाल शुरू करने को कहा, उसी समय कांग्रेस के नेता जयराम रमेश ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते का मुद्दा उठाया और आरोप लगाया कि इस समझौते से जुड़ी जानकारी संसद के बजाय वाशिंगटन से मिल रही है। उन्होंने इस मुद्दे पर संसद को विश्वास में लेने, सदन में पूरे मसौदे रखे जाने और उन पर व्यापक चर्चा की मांग की। विभिन्न विपक्षी दलों के सदस्यों ने उनका समर्थन किया। सदन के नेता जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने सोमवार देर रात को भारतीय वस्तुओं पर शुल्क कटौती की जानकारी सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में दी और उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सच्चा दोस्त बताया।



राज्यसभा में अमेरिका के साथ हुए समझौते पर बात रखते राजद सांसद मनोज झा।

विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बीच नड्डा ने आरोप लगाया कि विपक्ष की हताशा सामने आ रही है और वह अच्छी बातों में भी बुराई देखने लगा है। उन्होंने कहा, मैं सदन को आश्वस्त करना चाहता हूं कि सरकार भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर चर्चा के लिए तैयार है और समझौते का हर छोटा-बड़ा विवरण देने को भी तैयार है। सरकार इस मुद्दे पर स्वतः संज्ञान लेते हुए वक्तव्य देगी। लेकिन यह तरीका लोकतंत्र के लिए घातक है और यह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस तथा इंडी गठबंधन का गैरजिम्मेदाराना व्यवहार है। विपक्षी सदस्यों के हंगामा और नारेबाजी के बीच सभापति सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि जब सरकार वक्तव्य दे रही है तो सदस्यों को उसे सुनना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार चर्चा के लिए तैयार है, लेकिन विपक्ष हंगामा कर रहा है। इसी बीच, विपक्षी सदस्य सरकार के खिलाफ नारे लगाते हुए अपनी सीटों से उठकर आगे की ओर बढ़ गए। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष का उद्देश्य हर मुद्दे पर राजनीति करना है और सदन में इसका उदाहरण देखा गया।

### तृणमूल सांसदों ने अलग से किया बहिर्गमन

हंगामे-नारेबाजी के बीच तृणमूल कांग्रेस को छोड़कर सभी विपक्षी दलों के सदस्यों ने विरोध जताते हुए सदन से बहिर्गमन कर दिया। टीएमसी सदस्य साकेत गोखले सदन में बैठे रहे और कुछ देर बाद बाहर चले गए। बाद में टीएमसी के सदस्यों ने कहा कि उन्होंने दिल्ली पुलिस के सोमवार को एसआईआर-प्रभावित परिवारों के साथ किए गए व्यवहार के विरोध में अलग से बहिर्गमन किया। सोमवार कोपश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की दिल्ली के चाणक्यपुरी में स्थित 'बंग भवन' के बाहर तैनात सुरक्षाकर्मियों से बहस हो गई थी। ममता ने गृहमंत्री के इशारे पर अपने राज्य में एसआईआर से प्रभावित परिवारों के उत्पीड़न का आरोप लगाया था।

## सीईसी के खिलाफ ला सकते हैं महाभियोग प्रस्ताव

नई दिल्ली, एजेंसी

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार पर धमकी देने और दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाने के एक दिन बाद मंगलवार को सीईसी के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने की संभावना व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, सोमवार को जो कुछ हुआ उसके बाद हम इस चुनाव आयुक्त से किसी भी चीज की उम्मीद नहीं कर सकते हैं।

सीईसी के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पर विचार करने के सवाल पर ममता बनर्जी ने कहा, हालांकि हमारे पास बहुमत नहीं है फिर भी प्रस्ताव पेश किया जा सकता है। जनता के हित में हम पार्टी में इस विषय पर चर्चा करेंगे और इसका समर्थन करेंगे। कम से कम यह रिकॉर्ड में तो दर्ज हो जाएगा। मुख्यमंत्री यहां चुनाव आयोग के मुख्यालय में ज्ञानेश कुमार के साथ हुई अपनी मुलाकात का उल्लेख कर रही थीं, जहां उन्होंने पश्चिम बंगाल में एसआईआर को लेकर सीईसी पर तीखा हमला किया। उन्होंने आयोग पर पक्षपातपूर्ण एवं भेदभावपूर्ण तरीके से काम करने का आरोप लगाया और कहा कि यह प्रक्रिया राजनीतिक उद्देश्य से चलाई जा रही है। चुनाव आयोग मुख्यालय से बाहर आने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए ममता बनर्जी ने कहा, हम आहत एवं व्यथित हैं। मैं कई वर्षों से राजनीति में हूं। मैं चार बार मंत्री और सात बार सांसद रह चुकी हूं लेकिन मैंने कभी ऐसा सीईसी नहीं देखा जो इतना अहंकारी एवं झूठा हो।



- ममता बनर्जी ने कहा- हमारे पास संसद में बहुमत नहीं, पर रिकॉर्ड में दर्ज होगा प्रस्ताव

## प्रधानमंत्री ने भयंकर दबाव में अमेरिका के साथ किया व्यापार समझौताः राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भयंकर दबाव में हैं, इसलिए उन्होंने अमेरिका के साथ व्यापार समझौता किया है। उन्होंने यह दावा भी किया कि प्रधानमंत्री ने इस समझौते के माध्यम से किसानों और देश को बेच दिया है और इस बात से डरे हुए हैं कि उनकी छवि का गुब्बारा कहीं फूट न जाए।

राहुल गांधी ने कहा, नरेंद्र मोदी घबराए हुए हैं। जो व्यापार समझौता चार महीने से रुका हुआ था, उसमें कुछ बदला नहीं और कल शाम उस पर हस्ताक्षर कर दिया गया। इसके पीछे क्या कारण हैं, वो मैं जानता हूं और मोदी जानते हैं। उन्होंने दावा किया, मोदी जी पर भयंकर दबाव है। उनकी छवि का जो गुब्बारा हजारों करोड़ खर्च कर बनाया गया था, वो फूट सकता है। बड़ी बात यह है कि भारत के प्रधानमंत्री कंप्रोमाइज्ड हो चुके हैं। आरोप लगाया, हिंदुस्तान के किसानों को यह समझना चाहिए कि इस समझौते में आपकी मेहनत और खून-पसीने को मोदी ने बेच दिया है। उन्होंने सिर्फ आपको नहीं, देश को बेच दिया है।

- कहा- छवि का गुब्बारा फूटने के डर से मोदी ने देश और किसानों को बेच दिया

### एक तो अदाणी मामला, दूसरे एपस्टीन फाइलों में छिपा सच

राहुल गांधी ने दावा किया, प्रधानमंत्री पर दबाव के पीछे दो बाते हैं। पहला एप्सटीन फाइल हैं जिसमें अभी बहुत सामग्री है, जिसे जारी नहीं किया गया है। इनमें जो है, उसे पूरा देश जानना चाहता है। कांग्रेस नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री के दबाव में आने का दूसरा कारण अमेरिका में उद्योगपति गौतम अदाणी के खिलाफ दर्ज मामला है। इस मामले के बावजूद अमेरिका अदाणी को निशाना नहीं बना रहा है। यह निशाना मोदी के वित्तीय ढांचे पर है। जो अदाणी पर मामला है, वो दरअसल नरेंद्र मोदी पर मामला है।

## कांग्रेस को बताना चाहिए वह भारत के पक्ष में है या उसके खिलाफः अनुराग

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के इस आरोप पर कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने व्यापार सौदे को अंतिम रूप देने के लिए अमेरिका के दबाव में आकर समझौता किया, भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को पूछा कि कांग्रेस और विपक्ष के दूसरे दल बताएं कि वे भारतीय हित के पक्ष में हैं या उसके खिलाफ हैं।

संसद भवन परिसर में पत्रकारों के साथ बातचीत में पूर्व केंद्रीय मंत्री ने आरोप लगाया कि भारत पर अमेरिका द्वारा टैरिफ लगाए जाने के बाद विपक्ष के कई लोग जश्न मना रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत की ओर से ब्रिटेन और यूरोपीय संघ के साथ मुक्त व्यापार समझौता किए जाने के बाद भी विपक्ष के लोगों ने सवाल उठाए थे। ठाकुर ने कहा, यहां सवाल यह उठता है कि विपक्ष और कांग्रेस भारतीय हित के पक्ष में हैं या उसके खिलाफ। उन्होंने कहा, यह भारत-विरोधी मानसिकता राहुल गांधी, कांग्रेस और दूसरे विपक्षी नेताओं में साफ दिख रही है, क्योंकि वे संसद को काम भी नहीं करने दे रहे हैं।

- पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा- कांग्रेस नेताओं में साफ दिख रही है देश विरोधी भावना

### विकास की चिंता नहीं, देश को गुमराह कर रहे राहुलः गोयल

केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को राहुल गांधी पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस नेता भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर देश को गुमराह कर रहे हैं, उन्हें देश के विकास की कोई चिंता नहीं है। मंत्री ने इस बात पर भी दुख जताया कि कांग्रेस और डीएमके, तृणमूल कांग्रेस और सपा सहित अन्य विपक्षी पार्टियों के हंगामे के कारण उन्हें संसद में बयान देने की अनुमति नहीं दी गई। उन्होंने कहा, उन्होंने संसद में बहुत अभद्र व्यवहार किया, माननीय स्पीकर की सीट तक पहुंच गए।

## महाराष्ट्र : पंकजा मुंडे के उड़ान भरने से पहले हेलीकॉप्टर में खराबी

**छत्रपति संभाजीनगर।** जिला परिषद चुनाव के लिए प्रचार करने जा रही महाराष्ट्र की मंत्री पंकजा मुंडे को ले जाने वाले हेलीकॉप्टर में उनके प्रस्थान से कुछ घंटे पहले तकनीकी खराबी का पता चला तो खलबली मच गई। खराबी को ठीक करने के बाद वह दो घंटे की देरी से रवाना हो पाईं।

मुंडे सोमवार को एक विशेष विमान से छत्रपति संभाजीनगर पहुंचीं और बाद में दिन में चुनाव प्रचार के लिए हेलीकॉप्टर से रवाना हुईं। हवाई अड्डे के एक अधिकारी के मुताबिक विमानन कंपनी ने जब उसी रात नियमित निरीक्षण किया तो हेलीकॉप्टर में कुछ तकनीकी खामियां मिलीं। चिकलठाणा हवाई अड्डे के प्राधिकारियों को इसकी सूचना दी गई। मुंडे ने कहा कि हेलीकॉप्टर पुराना था, लेकिन उन्होंने इस मुद्दे को नहीं उठाया और अपनी यात्रा जारी रखी। उन्होंने कहा कि 28 जनवरी को बारामती में हुए विमान हादसे में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता अजित पवार की दुखद मौत के बाद से ही हवाई यात्रा को लेकर पार्टी नेताओं में चिंता बढ़ गई है।

## काफी सस्ते में चुनाव जीत गए बिहार के ज्यादातर विधायक

पटना, एजेंसी

- सभी विधायकों का चुनावी खर्च अधिकतम सीमा से 61 प्रतिशत
- चुनाव आयोग के समक्ष दाखिल ब्योरे पर एडीआर की रिपोर्ट

बिहार विधानसभा चुनाव के बाद एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और बिहार इलेक्शन वॉच ने 243 में से 240 नवनिर्वाचित विधायकों के चुनाव खर्च का विश्लेषण किया, जिसमें यह पाया गया है कि बड़ी संख्या में विधायकों ने तय खर्च सीमा से काफी कम खर्च दिखाया है। एडीआर की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार, 240 विधायकों में से 100 विधायकों यानी करीब 42 प्रतिशत ने अपने निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव खर्च सीमा के 61 प्रतिशत से भी कम खर्च घोषित किया है।

बिहार चुनाव में विधायकों के लिए चुनाव खर्च की अधिकतम सीमा 40 लाख रुपये थी, जबकि सभी विधायकों का औसत घोषित खर्च 24.33 लाख रुपये रहा जो कुल खर्च सीमा का मात्र 61 प्रतिशत है। भाजपा के 88 विधायकों का औसत खर्च 27.36 लाख रुपये यानी 68.4 प्रतिशत रहा। जदयू के 84 विधायकों ने औसतन 25.53 लाख रुपये यानी 63.8 प्रतिशत खर्च घोषित किया। वहीं राजद के 24 विधायकों का औसत खर्च 19.57 लाख रुपये यानी 48.9 प्रतिशत और लोजपा रामविलास के 19 विधायकों का औसत खर्च 19.60 लाख रुपये यानी 49 प्रतिशत रहा। कांग्रेस के 6 विधायकों ने औसतन 13 लाख रुपये यानी 32.5 प्रतिशत खर्च दिखाया, जो सबसे कम है।

इसके अलावा हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) के 5 विधायकों का औसत खर्च 16.89 लाख रुपये, एआईएमआईएम के 5 विधायकों का 17.37 लाख रुपये, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के 4 विधायकों का 24.84 लाख रुपये और भाकपा (माले) के 2 विधायकों का औसत खर्च 17.05 लाख रुपये दर्ज किया गया। एक-एक विधायक वाली पार्टियों में माकपा विधायक का खर्च 21.39 लाख रुपये, इंडियन इंक्लूसिव पार्टी के विधायक का 23.74 लाख रुपये और बसपा विधायक का 18.34 लाख रुपये रहा।

# देश में दवाओं के अंधाधुंध उपयोग से कम हो रहा एंटीबायोटिक का असर

● केंद्र सरकार ने राज्यसभा में दी जानकारी, कहा-नजर रख रहे

नई दिल्ली, एजेंसी

राज्यसभा में सरकार ने मंगलवार को बताया वह देश भर में एंटीबायोटिक के असर कम होने के बढ़ते रुझान पर नजर रख रही है तथा एंटीबायोटिक दवाओं के अंधाधुंध और डॉक्टर के पर्चे के बिना इनके उपयोग को इसका एक प्रमुख कारण मान रही है। स्वास्थ्य राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने एक प्रश्न के लिखित जवाब में उच्च सदन को यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि भारत सरकार केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन के माध्यम से औषधि एवं सौंदर्य प्रसाधन अधिनियम, 1940 और इसके नियमों के प्रावधानों के तहत दवाओं की सुरक्षा, प्रभाव क्षमता और गुणवत्ता को नियंत्रित करती है। स्वास्थ्य राज्य मंत्री ने कहा कि एंटीबायोटिक दवाओं को औषधि एवं सौंदर्य प्रसाधन नियमों की अनुसूची एच और एच1 में रखा गया है और केवल पंजीकृत चिकित्सक के पर्चे पर ही खुदरा बेचा जा सकता है। सरकार देश में एंटीबायोटिक का असर कम होने के बढ़ते रुझान से अवगत है, जिसमें निमोनिया/मूत्र मार्ग जैसे संक्रमणों में देखा गया प्रतिरोध भी शामिल है।

### प्रबंधन को उठाए गए हैं कई कदम

मंत्री ने एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस की रोकथाम के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम के प्रबंधन हेतु उठाए गए कई कदमों की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सूचना, शिक्षा और संचार (आईईसी) सामग्री विकसित की गई है और तथा जन जागरूकता एवं प्रसार के लिए राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र की वेबसाइट पर इसे अपलोड किया गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने मानक उपचार दिशानिर्देश (एसटीजी) जारी किए हैं, जो सार्वजनिक रूप से उपलब्ध हैं।

## धरती के फेफड़ों को सहेजने का संकल्प

# रामसर टैग



आर्द्रभूमियां, जिन्हें अक्सर पृथ्वी की किडनी और जैविक सुपरमार्केट कहा जाता है, हमारे पारिस्थितिकी तंत्र का वह महत्वपूर्ण हिस्सा हैं जो जल चक्र को संतुलित करने से लेकर कार्बन सोखने तक की अद्वितीय क्षमता रखती हैं। जब हम रामसर टैग की बात करते हैं, तो यह केवल एक तकनीकी नामकरण नहीं है, बल्कि यह अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर किसी आर्द्रभूमि (वेटलैंड) की विशिष्टता और उसके वैश्विक महत्व की स्वीकृति है। रामसर कन्वेंशन एक अंतरसरकारी संधि है जो दुनिया भर में झीलों, नदियों, दलदलों और तटीय क्षेत्रों के संरक्षण के लिए एक रूपरेखा प्रदान करती है। आधुनिक युग में जहां अंधाधुंध शहरीकरण और जलवायु परिवर्तन ने प्राकृतिक जल स्रोतों को संकट में डाल दिया है, वहां रामसर टैग एक सुरक्षा कवच के रूप में कार्य करता है।

### आर्द्रभूमि जीवन का आधार

● भारत जैसे विशाल विविधता वाले देश के लिए यह टैग अत्यधिक महत्वपूर्ण है, क्योंकि यहां की सभ्यताएं हमेशा से नदियों और तालाबों के इर्द-गिर्द पनपी हैं। वर्तमान में, भारत ने अपनी आजादी के अमृत काल के बाद से आर्द्रभूमियों के संरक्षण में एक लंबी छलांग लगाई है। 2 फरवरी 2026 तक, भारत में रामसर स्थलों की संख्या बढ़कर 98 हो गई है, जो इस क्षेत्र में सरकार और समाज की सक्रियता को दर्शाता है। रामसर टैग मिलने का अर्थ केवल पहचान मिलना नहीं है, बल्कि यह उस देश के लिए एक अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबद्धता है कि वह उस क्षेत्र के पारिस्थितिक चरित्र को बनाए रखेगा और उसका विवेकपूर्ण उपयोग सुनिश्चित करेगा।

### टैग का वैश्विक महत्व

● अंतर्राष्ट्रीय मान्यता : रामसर टैग एक अंतर्राष्ट्रीय मान्यता है जो किसी आर्द्रभूमि को 'वैश्विक महत्व' की श्रेणी में रखती है।

● संरक्षण का दायित्व : इस टैग का मुख्य कार्य संबंधित देश को उस आर्द्रभूमि के वैज्ञानिक प्रबंधन और सुरक्षा के लिए कानूनी और नैतिक रूप से उत्तरदायी बनाना है।

● अंतर्राष्ट्रीय सहयोग : यह सदस्य देशों के बीच जल संसाधनों और प्रवासी पक्षियों के प्रबंधन में आपसी सहयोग को बढ़ावा देता है।

● जागरूकता और पर्यटन : टैग मिलने से संबंधित क्षेत्र को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर जगह मिलती है, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को लाभ होता है।

### सदस्य देश

● ऐतिहासिक पृष्ठभूमि : यह समझौता 2 फरवरी 1971 को ईरान के रामसर शहर में हुआ था। इसी कारण 2 फरवरी को 'विश्व आर्द्रभूमि दिवस' मनाया जाता है।

● वैश्विक भागीदारी : वर्तमान में दुनिया के 172 देश इस संधि के हस्ताक्षरकर्ता हैं।

### किसे मिलता है यह टैग

● नौ विशिष्ट मानदंड : किसी क्षेत्र को रामसर स्थल घोषित करने के लिए नौ विशिष्ट मानदंड बनाए गए हैं जिसमें कम से कम एक को पूरा करना अनिवार्य होता है।

● अद्वितीय आर्द्रभूमि : जो अपने आप में दुर्लभ या प्राकृतिक प्रकार की हो।

● संकटग्रस्त प्रजातियां : जहां विलुप्त होने की कगार पर खड़ी प्रजातियाँ पाई जाती हों।

● जैव विविधता : जो किसी विशेष क्षेत्र की जैविक विविधता बनाए रखने में सहायक हो।

● प्रवासी पक्षी : जहां नियमित रूप से 20,000 या उससे अधिक जल-पक्षी निवास करते हों।

● आजीविका देय : स्थानीय समुदायों की आजीविका बनाए रखने में भूमिका निभाते हों।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### अमेरिका में खनिज पर मंत्रिस्तरीय सम्मेलन

**वॉशिंगटन।** अमेरिका बुधवार को अपने पहले महत्वपूर्ण खनिज मंत्रिस्तरीय सम्मेलन का आयोजन करेगा। इस बैठक में तकनीकी नवाचार, आर्थिक मजबूती और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए अनिवार्य महत्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति श्रृंखला की कमजोरियों से जुड़ी चिंताओं के समाधान के लिए अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडलों को एक मंच प्रदान किया जाएगा। विदेश मंत्री मार्को रुबियो विदेश विभाग में इस बैठक की मेजबानी करेंगे, जो महत्वपूर्ण खनिजों पर केंद्रित पहला मंत्रिस्तरीय सम्मेलन होगा। भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर इसमें शामिल होंगे।

### महिंदा राजपक्षे की पत्नी-बेटे से पूछताछ

**कोलंबो।** श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे की पत्नी और बेटे से मंगलवार को दो अलग-अलग मामलों में पुलिस ने पूछताछ की। पूर्व प्रथम महिला शिरंथी राजपक्षे से 2015 में उनके नेतृत्व वाली एक संस्था से जुड़ी कथित वित्तीय अनियमितताओं के मामले में पूछताछ की गई। अधिकारियों ने बताया कि विपक्षी सांसद नमल राजपक्षे से अंडरवर्ल्ड डॉन केहलबद्दारा पद्मे से कथित संबंधों के बारे में पूछताछ की गई। पद्मे को 2025 के मध्य में प्रत्यर्पण के तहत दुबई से लाया गया था। पुलिस ने बताया कि मां-बेटे से आपराधिक अन्वेषण विभाग ने चार घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की।

### फर्नांडीज होंगी कोस्टा रिका के राष्ट्रपति

**सैन जोस।** कोस्टा रिका में रूढ़िवादी जनवादी नेता लौरा फर्नांडीज ने राष्ट्रपति पद का चुनाव जीत लिया है। उन्होंने निवर्तमान राष्ट्रपति रोड्रिगो चावेस द्वारा शुरू किए गए देश की राजनीति के आक्रामक पुनर्गठन को आगे बढ़ाने का वादा किया है। प्रारंभिक और आंशिक नतीजों के अनुसार, फर्नांडीज ने पहले ही दौर में निर्णायक जीत हासिल की, जिससे दूसरे चरण की जरूरत नहीं पड़ी।

### द. अफ्रीका का जंगी पोत भारत रवाना

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीकी नौसेना का जंगी जहाज एसएएस अमाटोला भारत के लिए एक रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण तैनाती पर रवाना हो गया है, जहां यह भारतीय नौसेना द्वारा आयोजित 2026 अंतर्राष्ट्रीय बेड़ा अभ्यास मिलन में दक्षिण अफ्रीका का प्रतिनिधित्व करेगा। रविवार को जहाज के रवाना होने के बाद दक्षिण अफ्रीकी नौसेना ने कहा कि एसएएस अमाटोला की भारत यात्रा कई स्तरों पर महत्वपूर्ण है। यह द. अफ्रीका की समुद्री रणनीति के लिए एक अहम पड़ाव है।

# ट्रंप के दावों का रूस ने दिया जवाब भारत ने तेल क्रय से मना नहीं किया

## क्रेमलिन ने कहा, हमें इस मामले में नई दिल्ली से अभी तक कोई संदेश नहीं मिला

● रूस हर तरीके से भारत से संबंध मजबूत रखने का इच्छुक

मॉस्को, एजेंसी

रूस को भारत से रूसी तेल खरीद रोकने के संबंध में कोई संदेश नहीं मिला है। रूसी सत्ता के केंद्र क्रेमलिन के प्रवक्ता दमित्री पेस्कोव ने मंगलवार को यह बात कही। उनकी यह टिप्पणी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस दावे के एक दिन बाद आई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रूस से तेल खरीदना बंद करने और अमेरिका और संभवतः वेनेजुएला से अधिक तेल खरीदने पर सहमत हो गए हैं।

क्रेमलिन के प्रवक्ता पेस्कोव ने कहा कि हमें इस मामले पर नई दिल्ली से अभी तक कोई संदेश नहीं मिला है। क्रेमलिन के प्रवक्ता ने यह भी कहा कि रूस हर संभव तरीके से भारत के साथ अपने संबंधों को मजबूत करना जारी रखने का इरादा रखता है। रूस के ऊर्जा मंत्रालय के सूत्रों ने कहा कि उन्हें भारतीय रिफाइनरी कंपनियों से अनुबंध रद्द करने के संबंध में कोई सूचना नहीं मिली है। सोमवार को मोदी के साथ फोन पर बातचीत के बाद ट्रंप ने सोशल मीडिया पर घोषणा की कि भारत और अमेरिका एक व्यापार समझौते पर सहमत हुए हैं, जिसके तहत अमेरिका जवाबी शुल्क 25 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करेगा। पिछले साल ट्रंप ने भारत पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाए थे, जो दुनिया में किसी भी देश पर सबसे ज्यादा शुल्क था। इनमें रूस से तेल खरीदने पर 25 प्रतिशत का शुल्क भी शामिल था। तेल आपूर्ति पर नजर रखने वाली कंपनी केप्लर के अनुसार, इराक अब रूस के लगभग बराबर मात्रा में आपूर्ति कर रहा है, जो दिसंबर 2025 में औसतन 9,04,000 बैरल प्रति दिन से ज्यादा है। सऊदी अरब से भी तेल का उत्पादन जनवरी में बढ़कर 9,24,000 बैरल प्रतिदिन हो गया, जो दिसंबर में 7,10,000 बैरल प्रतिदिन था।



### 88 प्रतिशत कच्चा तेल दूसरे देशों से लेता है भारत

भारत अपने कच्चे तेल का लगभग 88 प्रतिशत हिस्सा दूसरे देशों से खरीदता है, जिसे पेट्रोल और डीजल जैसे ईंधनों में परिवर्तित किया जाता है। वर्ष 2021 तक भारत द्वारा आयात किए गए कुल कच्चे तेल में रूसी तेल का हिस्सा मुश्किल से 0.2 प्रतिशत था। भारत फरवरी 2022 में यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद रूसी कच्चे तेल का सबसे बड़ा खरीदार बन गया। तेल आपूर्ति पर नजर रखने वाली कंपनी केप्लर के अनुसार, जनवरी के पहले तीन हफ्तों में भारत का रूसी कच्चे तेल का आयात घटकर लगभग 11 लाख बैरल प्रतिदिन रह गया, जबकि पिछले महीने यह औसतन 12.1 लाख बैरल रोज था और 20 लाख बैरल रोज से अधिक होने का अनुमान था।

### रूस से तेल खरीद रोकेगा भारत : ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से साथ टेलीफोन वार्ता के बाद कहा था कि भारत अमेरिका से आयात में भारी वृद्धि करने, अमेरिकी सामानों पर आयात शुल्क शून्य करने तथा रूस से कच्चे तेल की खरीद बंद करने पर सहमत हो गया है, बदले में अमेरिका भारतीय उत्पादों पर तत्काल प्रभाव से आयात शुल्क घटाकर 18 प्रतिशत कर देगा। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया मंच ट्रूथ सोशल पर व्यापार समझौते की घोषणा करते हुए लिखा है कि मोदी रूस से कच्चे तेल की खरीद बंद करने और अमेरिका, तथा संभवत: वेनेजुएला, से खरीद बढ़ाने पर सहमत हो गए हैं जिससे यूक्रेन युद्ध समाप्त करने में मदद मिलेगी।

# अमेरिका के साथ तर्कसंगत और न्यायसंगत बातचीत करेगा ईरान

● राष्ट्रपति पेजेश्कियान ने दिया अपने विदेश मंत्री को निर्देश

दुबई, एजेंसी

ईरान के राष्ट्रपति ने मंगलवार को कहा कि विदेश मंत्री को अमेरिका के साथ तर्कसंगत और न्यायसंगत बातचीत आगे बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। यह तेहरान की ओर से अब तक का सबसे स्पष्ट संकेत है कि वह वाशिंगटन के साथ बातचीत की कोशिश करना चाहता है। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है, जब पिछले महीने देशभर में हुए प्रदर्शनों पर ईरानी सरकार की हिंसक कार्रवाई के बाद अमेरिका के साथ तनाव काफी बढ़ गया है। यह घोषणा सुधारवादी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान के रुख में एक बड़ा बदलाव माना जा रहा है।

बीते कुछ हफ्तों से वह ईरानी जनता को चेतावनी दे रहे थे कि देश में हालात उनके नियंत्रण से बाहर हो चुके हैं। यह बयान इस बात का भी संकेत देता है कि उन्हें अमेरिका के साथ बातचीत के लिए ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खोमेनेई का समर्थन मिला है, जिन्होंने पहले ऐसे किसी भी संवाद को खारिज कर दिया था। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि ईरान और अमेरिका किसी समझौते तक पहुंच पाएंगे या नहीं, खासकर इसलिए क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बातचीत की किसी भी प्रक्रिया में ईरान के परमाणु कार्यक्रम को अपनी प्रमुख मांगों में शामिल कर रखा है। ट्रंप ने जून में इजराइल द्वारा शुरू किए गए 12 दिवसीय युद्ध के दौरान ईरान के तीन परमाणु ठिकानों पर बमबारी के आदेश दिए थे।

पेजेशकियान ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अंग्रेजी और फ़ारसी में लिखा कि यह फैसला क्षेत्र के मित्र देशों की ओर से अमेरिका के राष्ट्रपति के बातचीत के प्रस्ताव पर प्रतिक्रिया देने के अनुरोध पर लिया गया है।

उन्होंने कहा कि मैंने अपने विदेश मंत्री को निर्देश दिया है कि यदि उपयुक्त माहौल हो यानी धमकियों और अनुचित अपेक्षाओं से मुक्त वातावरण, तो वह गरिमा, विवेक और दूरदर्शिता के सिद्धांतों के अनुरूप तर्कसंगत और न्यायसंगत बातचीत को आगे बढ़ाएं। अमेरिका ने अभी यह स्वीकार नहीं किया है कि इस तरह की कोई बातचीत होने जा रही है।

### ईरान के गृहमंत्री सहित 10 पर नए प्रतिबंध

लंदन। ब्रिटेन ने ईरान के गृह मंत्री सहित 10 लोगों और एक संगठन पर प्रतिबंधों का एक नया पैकेज लगा दिया है। ब्रिटेन के विदेश मंत्रालय की ओर से सोमवार को जारी बयान के अनुसार, ईरान में हालिया प्रदर्शनों में मानवाधिकारों के उल्लंघन में शामिल लोगों के खिलाफ ये प्रतिबंध लगाए गए हैं। जिन लोगों पर प्रतिबंध लगाए गए हैं, उनमें ईरान के गृह मंत्री इस्कंदर मोमेनी, लोरिस्तान प्रांत के पुलिस प्रमुख मोहम्मद रजा हाशिमीफ़र, सार्वजनिक सुरक्षा पुलिस प्रमुख सैयद माजिद फ़ैज़ जाफ़री, इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर में फ़ार्स प्रांत के कमांडर यादोल्लाह बौअली, कई अन्य सैन्य और न्यायिक कर्मी शामिल हैं। बयान में कहा गया है कि ब्रिटेन पहले ही ईरानी व्यक्तियों और संगठनों पर 550 से अधिक संबंधित प्रतिबंध लगा चुका है, जिसमें पूरे आईआरजीसी पर भी प्रतिबंध शामिल है। इससे पहले अमेरिका और यूरोपीय संघ भी हाल के दिनों में ईरान पर सामान्य प्रतिबंध लगा चुके हैं। उल्लेखनीय है कि ईरानी रियाल के तेज़ी से गिरने के कारण प्रशासन के खिलाफ दिसंबर के आखिर में शुरू हुए प्रदर्शन हफ़्तों तक चले थे। शुरू में शांतिपूर्ण रहे ये प्रदर्शन झड़पों में बदल गये, जिससे जान-माल का नुकसान हुआ और मस्जिदों, सरकारी इमारतों और बैंकों सहित सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचा। तेहरान ने इस अशांति के लिए अमेरिका और इज़राइल को दोषी ठहराया है।

## संसद में पेश होंगे क्लिंटन दंपती

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन और पूर्व विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन ने दोषी यौन अपराधी जेफरी एप्स्टीन से जुड़े एक मामले में अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में गवाही देने पर सोमवार देर रात सहमति जताई। हालांकि, इस जांच का नेतृत्व कर रहे रिपब्लिकन सांसद ने कहा कि अभी कुछ तय नहीं हुआ है। सदन की निगरानी समिति के अध्यक्ष एवं रिपब्लिकन सांसद जेम्स कॉमर सोमवार शाम तक क्लिंटन दंपति के खिलाफ कांग्रेस की अवमानना की कार्यवाही आगे बढ़ा रहे थे। उन पर आरोप था कि उन्होंने कांग्रेस के समन की अवहेलना की। इसी दौरान क्लिंटन दंपति के वकीलों ने समिति को ईमेल भेजकर कहा कि दोनों कॉमर की मांगें स्वीकार करेंगे और तय तारीखों पर बयान दर्ज कराने के लिए पेश होंगे।

# ईंधन में हुआ रिसाव, नासा ने टाला चंद्र रॉकेट का प्रक्षेपण

● स्पेस एजेंसी ने अब मार्च में रॉकेट के प्रक्षेपण का लिया निर्णय

केप केनरवल, एजेंसी

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने मंगलवार को कहा कि एक दिन पहले किए गए निर्णायक परीक्षण के दौरान ईंधन के रिसाव की समस्या आने के कारण अब वह अपने नए चंद्र रॉकेट को मार्च में प्रक्षेपित करेगी। नासा ने कहा कि प्रक्षेपण में देरी होने से अब उड़ान परीक्षण से पहले डेटा की समीक्षा करने और दूसरा पूर्वाभ्यास करने का मौका मिलेगा। ये रिसाव सोमवार को कैनेडी अंतरिक्ष केंद्र में ईंधन भरने की प्रक्रिया शुरू होने के कुछ ही घंटों के भीतर हुए।

नासा ने कहा कि इस उड़ान के लिए चुने गए चारों अंतरिक्ष यात्रियों को लगभग दो सप्ताह के पृथकवास से बाहर निकाल लिया जाएगा। नासा ने कहा कि चंद्रमा की परिक्रमा के लिए अगली उड़ान के समय से लगभग दो सप्ताह पहले उन्हें फिर से पृथकवास में रखा जाएगा। हालांकि, अंतरिक्ष एजेंसी ने मार्च में आधिकारिक प्रक्षेपण लक्ष्य के बारे में कोई संकेत नहीं दिया। इसने कहा कि जांच से प्राप्त डेटा की पूरी तरह से समीक्षा करने प्रत्येक समस्या का समाधान करने और परीक्षण पर लौटने की आवश्यकता है। सोमवार को दोपहर के समय प्रक्षेपण नियंत्रकों ने 322 फुट लंबे रॉकेट में अत्यधिक शीतल हाइड्रोजन और ऑक्सीजन भरना शुरू किया। टंकियों में 7 लाख गैलन से अधिक ईंधन भरा जाना था।

## रूस ने यूक्रेन पर तेज किए हमले

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने मंगलवार को कहा कि रूस ने देर रात एक बड़े हमले में यूक्रेन पर लंबी दूरी के लगभग 450 ड्रोन और विभिन्न प्रकार की 70 मिसाइलें दागीं। यह हमला ऐसे समय हुआ, जब दोनों देश संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अबू धाबी में अमेरिका की मध्यस्थता से होने वाली वार्ता में भाग लेने वाले हैं, जिसका उद्देश्य लगभग चार साल पहले शुरू हुए युद्ध को समाप्त करना है। जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन के कम से कम पांच क्षेत्रों पर बमबारी का निशाना विशेष रूप से बिजली ग्रिड था। अधिकारियों ने बताया कि रूस के हमलों में कम से कम 10 लोग घायल हुए हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति ने कहा कि रूस के लिए कूटनीति से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है लोगों को आतंकित करना है।

# एक्स के फ्रांस में स्थित कार्यालयों में छापेमारी

● चाइल्ड पोर्नोग्राफी व डीपफेक सहित कई अपराधों में जांच

पेरिस, एजेंसी

पेरिस के अभियोजकों ने बाल यौन सामग्री (चाइल्ड पोर्नोग्राफी) और डीपफेक सहित कई कथित अपराधों की शुरुआती जांच के तहत एलन मस्क के सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के फ्रांस स्थित कार्यालयों पर मंगलवार को छापेमारी की। इस संबंध में जारी बयान में कहा गया कि पिछले साल जनवरी में अभियोजक कार्यालय की साइबर अपराध इकाई ने जांच शुरू की थी।

यह इकाई बच्चों को बंधक बनाने और उनकी अश्लील तस्वीरें फैलाने, इससे संबंधित डीपफेक, मानवता के खिलाफ अपराधों और एक संगठित समूह के हिस्से के तौर पर ऑटोमेटेड डेटा प्रोसेसिंग सिस्टम में हेरफेर तथा दूसरे अपराधों में कथित मिलीभगत की जांच कर रही है। अभियोजकों ने एलन मस्क और एक्स की 2023 से 2025 तक मुख्य कार्याधिकारी (सीईओ) रहीं लिंडा याकारिनो से स्वैच्छिक पूछताछ के लिए अनुरोध किया है, जिसके लिए 20 अप्रैल की तारीख निर्धारित है। इस संबंध में एक्स के एक प्रवक्ता ने टिप्पणी के लिए किए गए अनुरोध पर तुरंत जवाब नहीं दिया। पेरिस अभियोजक कार्यालय ने एक्स पर छापेमारी की पुष्टि की। कहा कि वह इस मंच को छोड़ रहा है और फॉलोअर्स से भी कहा कि वे किसी दूसरे सोशल मीडिया मंच से जुड़ें।

## आर्मेनिया से भारत सुदृढ़ करेगा संबंध

**नई दिल्ली।** प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने आर्मेनिया के रक्षा मंत्री सुरेन पापक्यान से मुलाकात की तथा द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने और दोनों देशों से संबंधित सुरक्षा मुद्दों पर चर्चा की। जनरल चौहान के नेतृत्व में एक भारतीय प्रतिनिधिमंडल इस समय आर्मेनिया की यात्रा पर है। एकीकृत रक्षा मुख्यालय ने एक्स पर सीडीएस की यात्रा की जानकारियां साझा की हैं। प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान, आर्मेनिया के रक्षा मंत्री सुरेन पापक्यान से मुलाकात के लिए भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। दोनों देशों से संबंधित विभिन्न सुरक्षा मुद्दों पर रक्षा सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा हुई। सीडीएस ने आर्मेनिया की राजधानी येरेवन में राष्ट्रीय रक्षा अनुसंधान विवि का दौरा किया।

## आज का भविष्यफल -पं.मनोज कुमार द्विवेदी

आज की ग्रह स्थिति : 4 फरवरी, बुधवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तृतीया 5 फरवरी 12.09 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

### आज का पंचांग

(कुंडली: 11 बु. रा.; 12 श.; 10 मं. सू. शु.; 9; 8; 1; 7; 4; 2; 6; 3 गु.; 5 चं. के.)

**दिशाशूल**- उत्तर, **ऋतु**- शिशिर।
**चन्द्रबल**- मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुम्भ, मीन।
**ताराबल**- अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
**नक्षत्र**-पूर्वाफाल्गुनी 10.12 तक तत्पश्चात उत्तराफाल्गुनी।

**मेष** — आज आपकी क्षमताओं में विस्तार होगा। वकालत के पेशे से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। सामाजिक कार्यों में आप भाग ले सकते हैं। परिवार के छोटे सदस्यों के विचारों पर अवश्य ध्यान दें। पैतृक संपत्ति को लेकर विवाद दूर होंगे।

**वृष** — आज कार्यक्षेत्र में आपको थोड़ी सावधानी रखनी चाहिए। आक्रामक व्यवहार से आपको बचना चाहिए। सरकारी कार्यों में रुकावटें आ सकती हैं। आपसी सूझबूझ से विवादों का समाधान कर पायेंगे। अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें।

**मिथुन** — आज आप लोगों के बीच अत्यंत लोकप्रिय हो रहे हैं। घर में प्रियजनों का आगमन हो सकता है। प्रत्येक परिस्थिति में आप अच्छा प्रदर्शन करेंगे। आर्थिक लाभ होने के योग बन रहे हैं। धार्मिक क्रियाकलापों में आप अत्यधिक रुचि लेंगे।

**कर्क** — आज आपके नेतृत्व कौशल की लोग प्रशंसा करेंगे। भावनात्मक रूप से काफी मजबूत रहेंगे। आयात-निर्यात संबंधी व्यापार से उत्तम धन लाभ होगा। काम के प्रति उत्साह भाव बढ़ेगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा कर सकते हैं। अपने इम्यून सिस्टम को मजबूत रखें।

**सिंह** — आज व्यापार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। कार्यक्षेत्र में तय लक्ष्यों को समय पर पूर्ण कर लेंगे। दोपहर के बाद आपकी परिस्थितियां काफी अच्छी रहने वाली हैं। परिजन आपसे मिलने घर आ सकते हैं। मित्रों की सलाह आपके काम आयेगी।

**कन्या** — आज परिवार में लोगों के बीच कलह की भावना हो सकती है। महंगी वस्तुओं की खरीदारी में धन का अपव्यय हो सकता है। गर्दन में दर्द उभरने की आशंका है। रहन-सहन में दिखावा न करें। बच्चे गलत कार्यों की ओर प्रवृत्त हो सकते हैं।

**तुला** — आज अविवाहित लोगों के विवाह को लेकर चर्चा हो सकती है। कारोबार की गुणवत्ता में सुधार होगा। व्यायाम और ध्यान को अपनी जीवनशैली में अवश्य सम्मिलित करें। अटके हुए काम को दोबारा शुरू करने में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** — आज यदि किसी को कर्ज दे रहे हैं तो परिजनों से विचार-विमर्श अवश्य कर लें। मेहनत का उत्तम परिणाम नहीं मिलेगा। घर के नवीनीकरण को लेकर योजना बनायेंगे। संकीर्ण विचारों के कारण आप लोगों के निशाने पर आ सकते हैं।

**धनु** — आज व्यापार को लेकर आप प्रयोग कर सकते हैं। काम को लेकर दबाव धीरे-धीरे कम होगा। बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त होगा। आप अपने मन की करने को स्वतंत्र रहेंगे। नौकरीपेशा लोगों को आधिकारिक यात्रा करनी पड़ सकती हैं।

**मकर** — आज कार्यक्षेत्र में सभी कार्य आपके अनुसार होते जायेंगे। आपकी जीवनशैली बहुत अच्छी रहेगी। व्यापार में अपनी उन्नति से संतुष्ट रहेंगे। विलासिता के साधनों में आप धन खर्च करेंगे। धन की कमी दूर होगी। अपने खानपान की आदतों पर नियंत्रण रखें।

**कुंभ** — आज नया काम शुरू कर सकते हैं। आपके स्वभाव की लोग प्रशंसा करेंगे। दूसरों के भरोसे रहना उचित नहीं है। जीवनसाथी के साथ तालमेल बेहतरीन रहेगा। भूमि संपत्ति को लेकर अनुबंध कर सकते हैं। विदेश में व्यापार करने वाले लोगों की आय में वृद्धि होगी।

**मीन** — आज अपने कार्यों को लेकर अत्यंत सावधान रहेंगे। रिश्तेदारों से मदद मिलेगी। बच्चों की पढ़ाई को लेकर चिंता रहेगी। पार्टी व पिकनिक के लिए जा सकते हैं। मित्रों का सहयोग और मार्गदर्शन प्राप्त होगा। दोपहर के बाद अचानक बड़ा धन लाभ हो सकता है।

### सुडोकू-51

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | 9 | | | 4 | | | 2 |
| | | | | 1 | | | 3 | |
| 5 | | | 9 | | | 6 | | |
| | | | | | 6 | | 9 | |
| | 3 | 2 | | | | 5 | 1 | |
| | 8 | | 7 | | | | | 3 |
| | | 4 | | | 5 | | 2 | |
| | 7 | | | 8 | | | | |
| 6 | | | 1 | | | 3 | | 4 |

### सुडोकू - 50 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 8 | 5 | 4 | 9 | 7 | 6 | 1 | 3 |
| 4 | 6 | 7 | 2 | 3 | 1 | 8 | 9 | 5 |
| 3 | 1 | 9 | 6 | 8 | 5 | 4 | 7 | 2 |
| 5 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 6 | 5 | 8 | 7 |
| 8 | 3 | 1 | 7 | 5 | 2 | 9 | 6 | 4 |
| 7 | 9 | 8 | 1 | 2 | 4 | 3 | 5 | 6 |
| 1 | 5 | 2 | 9 | 6 | 3 | 7 | 4 | 8 |
| 6 | 4 | 3 | 5 | 7 | 8 | 1 | 2 | 9 |



"हम विश्व कप में सिर्फ अपने खेल पर ध्यान केंद्रित करने जा रहे हैं। हम विश्व कप जीतने की कोशिश करने जा रहे हैं और हमारा पूरा ध्यान इसी पर केंद्रित है। ऑस्ट्रेलियाई टीम के रूप में हमें वहां के लोगों पर भरोसा है कि वे हमारी सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे। मैं बस इतना ही कहूंगा।

मिचेल मार्श, कप्तान, ऑस्ट्रेलिया

# स्टेडियम

बरेली, बुधवार, 4 फरवरी 2026

अमृत विचार
www.amritvichar.com




हाईलाइट

## साई की परियोजनाओं की समीक्षा करेंगे खेल मंत्री मांडविया



**नई दिल्ली।** खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने 120 करोड़ की लागत वाली परियोजनाओं का वर्चुअल माध्यम से शिलान्यास और उद्घाटन करने के बाद मंगलवार को कहा कि भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के तहत चल रही बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में जवाबदेही, समय पर पूरा होने और उचित रखरखाव को सुनिश्चित करने को वह तिमाही समीक्षा करेंगे।संतुलित और समावेशी खेल अवसंरचना विकास सुनिश्चित करने को नई परियोजनाएं देश भर में साइ केंद्रों में फैली हुई हैं। इसमें पूर्वोत्तर और पूर्वी क्षेत्र भी शामिल हैं। इनमें बेंगलुरु स्थित राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में एक नये सिंथेटिक हॉकी टर्फ का निर्माण शामिल है।

## नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में खेलेंगे डी गुकेश

**ओस्लो।** मौजूदा विश्व चैंपियन भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश मई में नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे, जिसमें दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी और गत चैंपियन मैग्नस कार्लसन सहित कई स्टार खिलाड़ी शिरकत करेंगे। गुकेश ने 25 मई से पांच जून तक होने वाले इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेने की पुष्टि कर दी है। यह दुनिया के सबसे कड़े शतरंज टूर्नामेंट में से एक होगा। यह प्रतियोगिता अपने पारंपरिक स्थल स्टेवेंगर से ओस्लो में स्थानांतरित होने वाली है। पिछले साल ओपन वर्ग में तीसरे स्थान पर रहे भारतीय स्टार गुकेश खेल के इतिहास में सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियन के रूप में ओस्लो आएंगे। गुकेश ने कहा, मैं नॉर्वे शतरंज में फिर से हिस्सा लेकर बहुत खुश हूं। हमेशा की तरह बहुत मजबूत खिलाड़ियों के खिलाफ मुकाबला करूंगा और सभी रोमांचक बाजियों का इंतजार कर रहा हूं।

## विश्व कप के तीसरे चरण के टिकटों की बिक्री शुरू

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने टी20 विश्व कप की टिकटों की बिक्री के तीसरे चरण की शुरुआत की। इससे पहले 11 दिसंबर 2025 और 14 जनवरी को दो चरण में टिकटों की बिक्री हुई। बीसीसीआई ने कहा कि प्रशंसकों को दुनिया की शीर्ष टीमों की मौजूदगी वाले इस टूर्नामेंट के दौरान होने वाले मुकाबलों के लिए सीट सुरक्षित करने का एक और मौका देता है। शनिवार से शुरू होने वाला टी20 विश्व कप भारत के जाने-पहचाने क्रिकेट स्थलों पर खेला जाएगा, जिससे ऐसा माहौल बनेगा जहां प्रशंसक शीर्ष अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों और टी20 प्रारूप से जुड़े जज्बे को देख सकेंगे। मेजबान शहरों में तैयारियां आखिरी चरण में हैं तो बीसीसीआई हितधारकों के साथ आयोजन स्थलों की तैयारी, संचालन योजना और मैच के दिन के अनुभव पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।


### भारत के खिलाफ 15 फरवरी को होने वाले टी20 विश्व कप मैच को लेकर विवाद

# कटघरे में पीसीबी, मैच के बहिष्कार पर अदालत जा सकता है जियोस्टार

**कराची/नई दिल्ली, एजेंसी**

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को कड़े शब्दों में चेतावनी दी है कि भारत के खिलाफ 15 फरवरी को होने वाले टी20 विश्व कप मैच के बहिष्कार के कारण उसे टूर्नामेंट के आधिकारिक प्रसारक जियोस्टार की ओर से कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है। यह जानकारी पीसीबी के एक सूत्र ने मंगलवार को दी।

पाकिस्तान ने अपनी सरकार के निर्देश पर 15 फरवरी को कोलंबो में भारत के खिलाफ होने वाले मैच का बहिष्कार करने का फैसला किया है, लेकिन अभी तक उसने इस फैसले के कारणों को औपचारिक रूप से आईसीसी को नहीं बताया है। पहले ही सूत्रों के हवाले से खबर दी जा चुकी है कि आईसीसी पाकिस्तान का सालाना राजस्व हिस्सा (लगभग 3.5 करोड़ डॉलर) रोक सकता है और उसी रकम से प्रसारकों को भुगतान कर सकता है। पीसीबी के एक सूत्र ने बताया कि बोर्ड के



- आईसीसी ने दी चेतावनी, कहा-टूर्नामेंट का आधिकारिक प्रसारक कर सकता है कानूनी कार्रवाई
- पीसीबी ने सरकार के निर्देश पर कोलंबो में होने वाले मुकावले के बहिष्कार का फैसला कर रखा है

अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने पिछले सप्ताह इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को जानकारी देने से पहले बोर्ड के कानूनी विशेषज्ञों से सलाह ली थी, लेकिन इसके बावजूद बोर्ड गंभीर नतीजों के लिए तैयार है।

पीसीबी के सूत्र ने कहा कि पाकिस्तान अगर भारत के खिलाफ नहीं खेलने पर अड़ा रहा तो उसे वित्तीय जुर्माने के साथ प्रसारकों की ओर से मुकदमा भी झेलना पड़ सकता है। इसके अलावा आईसीसी की विवाद निपटान समिति (डीआरसी) में जाने की कोशिश भी शायद नाकाम रहे। आईसीसी की डीआरसी एक आंतरिक समिति है, जो आईसीसी के फैसलों के खिलाफ अपील नहीं सुनती।

### अनुबंध के उल्लंघन पर पीसीबी को अदालत में ले जाने का प्रसारक के पास पूरा अधिकार

सूत्र ने बताया कि आईसीसी ने जब अपने सभी आयोजनों के लिए प्रसारक के साथ चार साल का करार किया था, तब उसमें भारत-पाकिस्तान मैच भी शामिल थे, जिसके आधार पर प्रसारक ने आईसीसी को भुगतान किया। इसलिए प्रसारक को अनुबंध के उल्लंघन के आधार पर पीसीबी और आईसीसी को अदालत में ले जाने का पूरा अधिकार होगा। विश्वसनीय सूत्रों से पता चला है कि पीसीबी ने इस मामले में अन्य सदस्य बोर्डों से समर्थन मांगा था, लेकिन उसे कहीं से भी समर्थन नहीं मिला। कई लोगों का मानना है कि पाकिस्तान के गृह मंत्री नकवी 12 फरवरी को बांग्लादेश में आम चुनाव होने और मौजूदा मोहम्मद यूनुस सरकार की जगह लोकतांत्रिक सरकार बनने के बाद अपना फैसला बदल सकते हैं।

### नकवी एक क्रिकेट प्रशासक से ज्यादा नेता

एक सूत्र ने कहा कि नकवी एक क्रिकेट प्रशासक से ज्यादा नेता हैं और उन्हें राष्ट्रीय टीम के हितों की खास चिंता नहीं है। वह राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश कर रहे हैं और चुनाव के बाद यू-टर्न ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि भारत के खिलाफ मैच से पहले दो दिन का वक्त रहेगा और हालात बदल सकते हैं। वरना वह जानते हैं कि पाकिस्तान को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अलग-थलग किया जा सकता है।

### पीसीबी ने अब तक आईसीसी को नहीं दी है लिखित सूचना

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के एक अन्य सूत्र ने बताया कि सरकार के निर्देश के बावजूद पीसीबी को परेशानी हो सकती है, क्योंकि पाकिस्तान अपनी इच्छा के अनुसार भारत में नहीं बल्कि तटस्थ स्थल श्रीलंका में अपने सभी मैच खेल रहा है। उन्होंने कहा कि दूसरी बात यह है कि भारत सरकार ने अपनी टीम को पाकिस्तान में खेलने की अनुमति नहीं दी है, लेकिन मई में हुए टकराव के बाद भी एशिया कप या आईसीसी के टूर्नामेंटों में तटस्थ स्थानों पर पाकिस्तान के खिलाफ मैच खेलने से भी नहीं रोका है। पीसीबी ने अभी तक लिखित रूप में आईसीसी को कोई सूचना नहीं दी है, लेकिन इस बहिष्कार के फैसले को बांग्लादेश को विश्व कप से हटाए जाने के बाद उसके समर्थन में उठाया गया कदम माना जा रहा है।

## सभी टेस्ट खेलने की इच्छा से टी20 विश्व कप से बाहर हुआ : कमिंस

**मेलबर्न, एजेंसी**



ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज पैट कमिंस ने कहा कि चोटिल होने से टी20 विश्व कप से बाहर होने का उनका फैसला आगामी टेस्ट सत्र के लिए फिट होने की इच्छा से प्रेरित था, जिसमें वह सभी मैच खेलना चाहते हैं। ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट और वनडे के कप्तान कमिंस पीठ की चोट से नहीं उबर पाने से टी20 विश्व कप से बाहर हो गए। उनकी जगह बेन ड्वार्शियस को टीम में शामिल किया गया है।

कमिंस ने कहा कि यह वाकई दुर्भाग्यपूर्ण था। मैं काफी अच्छा महसूस कर रहा हूं, बस एक मामूली सी परेशानी हुई और उससे उबरने के लिए समय कम पड़ गया। मैं कुछ हफ्तों तक आराम करूंगा और फिर आगे की योजना बनाऊंगा। एडिलेड टेस्ट मैच के बाद हमें पता था कि चोट को पूरी तरह से ठीक होने में चार से आठ सप्ताह का समय लगेगा। शुरू में हमें लगा था कि इसमें चार सप्ताह ही लगेंगे, क्योंकि मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा था, लेकिन अभी-अभी एक स्कैन करवाया है और चिकित्सकों का मानना है कि इसे पूरी तरह ठीक होने में कुछ सप्ताह और लगेंगे। इसलिए समय की थोड़ी कमी पड़ गई। ऑस्ट्रेलिया का टेस्ट मैचों का कार्यक्रम अगस्त से शुरू होगा, जब वह डार्विन और मैकाय में बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैच खेलेगा।

### फॉर्म में चल रहे भारत को हराना मुश्किल होगा : क्लिंगर

**वडोदरा।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर और अब कोच माइकल क्लिंगर ने कहा है कि न्यूजीलैंड के खिलाफ हालिया श्रृंखला में भारत के प्रदर्शन से पता चलता है कि सात फरवरी से शुरू होने वाले टी20 विश्व कप में आखिर क्यों गत चैंपियन को हराना बहुत मुश्किल होगा। डब्ल्यूपीएल फ्रेंचाइजी गुजरात जाइंट्स के मुख्य कोच क्लिंगर के अनुसार भारत का आक्रामक शीर्ष क्रम उन्हें आईसीसी टूर्नामेंट में सबसे मजबूत टीम बनाता है। क्लिंगर ने कहा कि जिस फॉर्म में वे हैं और मैंने हाल ही में न्यूजीलैंड के खिलाफ जो देखा उससे भारत को हराना बहुत मुश्किल होगा।

## गुजरात को 7 विकेट से हराकर दिल्ली लगातार चौथी बार फाइनल में

**वडोदरा, एजेंसी**

शिनेल हेनरी (35 रन पर तीन विकेट) और नंदिनी शर्मा (44 रन पर दो विकेट) की अगुवाई में शानदार गेंदबाजी के बाद ताबड़तोड़ बल्लेबाजी के दम पर दिल्ली कैपिटल्स ने डब्ल्यूपीएल के एलिमिनेटर मैच में मंगलवार को गुजरात जायंट्स को 26 गेंद शेष रहते सात विकेट से हराकर लगातार चौथी बार फाइनल में प्रवेश किया। कैपिटल्स के सामने गुरुवार को खेले जाने वाले फाइनल में पूर्व चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की चुनौती होगी।

गुजरात को 7 विकेट पर 168 रन पर रोकने के बाद दिल्ली ने 15.4 ओवर में तीन विकेट गंवा कर लक्ष्य हासिल कर लिया। दिल्ली के लिए लिजेल ली ने 43, शेफाली वर्मा ने 31, कप्तान जेमिमा रोड्रिग्स ने 41 और लौरा वोल्वार्डट ने नाबाद 32 रन बनाए। ली और शेफाली ने पहले विकेट के लिए 89 रन की साझेदारी के साथ मैच का रुख तय किया तो वहीं वोल्वार्डट और जेमिमा ने तीसरे विकेट के लिए 68 रन की साझेदारी कर अच्छी शुरुआत को जाया नहीं होने दिया। गुजरात की जॉर्जिया वेयरहम ने दो जबकि राजेश्वरी गायकवाड़ को एक सफलता मिली।

सलामी बल्लेबाज बेथ मूनी की नाबाद 62 रन की पारी के दम पर गुजरात ने 7 विकेट 168 रन बनाये। मूनी ने 51 गेंदों पर छह चौके जड़ने के साथ पांचवें विकेट के लिए



लिजेल ली | शेफाली वर्मा

वेयरहम के साथ 61 और आखिरी ओवरों में काश्वी गौतम के साथ 39 रन की साझेदारी कर टीम को प्रतिस्पर्धी स्कोर तक पहुंचाया। वेयरहम ने 35 और काश्वी ने 18 रन बनाए। ली और वर्मा ने तेज शुरुआत की और कप्तान जेमिमा रोड्रिग्स और लौरा वोल्वार्डट ने इसे अंजाम तक पहुंपाया।

## अफगानिस्तान के खिलाफ जीत का दावेदार होगा भारत

- प्रतियोगिता के इतिहास में भारत सबसे सफल टीम, पांच बार खिताब जीते

**हरारे, एजेंसी**

अब तक खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करने से आत्मविश्वास से भरी भारतीय टीम बुधवार को आईसीसी अंडर-19 विश्व कप के सेमीफाइनल में अफगानिस्तान के खिलाफ जीत के दावेदार के रूप में उतरेगी। प्रतियोगिता के इतिहास में भारत सबसे सफल टीम है। उसने पांच बार (2000, 2008, 2012, 2018, 2022) खिताब जीते हैं। उसके बाद ऑस्ट्रेलिया का नंबर आता है जिसने चार बार ट्रॉफी जीती है। भारत छठी बार खिताब जीतने की कोशिश करेगा।

भारत ने टूर्नामेंट में सभी पांच मैच जीते हैं, जिसमें सुपर सिक्स चरण में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान पर 58 रन की जीत भी है। अफगानिस्तान का भी टूर्नामेंट में प्रदर्शन अच्छा रहा है। उसने पांच मैचों में से चार जीते हैं।



उसे एकमात्र हार श्रीलंका से मिली थी। लेकिन खेल के हर क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन करने से भारत का पलड़ा भारी है। विकेटकीपर बल्लेबाज अभिज्ञान कुंडू ने अब तक पांच मैचों में दो अर्धशतकों की मदद से 199 रन बनाए हैं। सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी (पांच मैचों में दो अर्धशतकों सहित 196 रन) भी फॉर्म में हैं, लेकिन टीम प्रबंधन चाहेगा कि वह अर्धशतकों को शतकों में तब्दील करें। ऑलराउंडर विहान मल्होत्रा (पांच मैचों में 172 रन) एक और बल्लेबाज हैं जिन पर सभी की नजर रहेगी। उन्होंने ग्रुप चरण में जिम्बाब्वे के खिलाफ शतक (109 नाबाद) लगाया था। कप्तान आयुष म्हात्रे ने गेंदबाज़ी में अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने पांच मैचों में छह विकेट लिए हैं, लेकिन बल्लेबाजी में सुधार की गुंजाइश है। आरोन जॉर्ज की फॉर्म भी भारत के लिए चिंता का विषय है क्योंकि वह तीन पारियों में 46 रन ही बना सका है। भारतीय गेंदबाजी की कमान हेनिल पटेल और आरएस अंबरीश के हाथ में है। इन दोनों तेज गेंदबाजों को स्पिनर खिलन पटेल का भी अच्छा सहयोग मिला है, जिन्होंने पांच मैचों में आठ विकेट लिए हैं। म्हात्रे और मल्होत्रा गेंदबाजी में भी अपनी भूमिका निभाएंगे। मल्होत्रा ने अभी तक टूर्नामेंट में अपनी ऑफ-ब्रेक गेंदबाजी से पांच विकेट लेने के अलावा भारत की तरफ से एकमात्र शतक भी लगाया है।

**भारत अंडर-19 :** आरोन जॉर्ज, अभिज्ञान कुंडू, हरवंश पंगालिया, वैभव सूर्यवंशी, वेदांत त्रिवेदी, आयुष म्हात्रे (कप्तान), विहान मल्होत्रा, आरएस अंबरीश, कनिष्क चौहान, खिलन पटेल, दीपेश देवेंद्रन, हेनिल पटेल, मोहम्मद एनान, उधव मोहन, किशन सिंह।

**अफगानिस्तान अंडर-19 :** महबूब खान (कप्तान), अजीजुल्लाह मियाखिल, फैसल शिनोजादा, खालिद अहमदजई, उस्मान सादात, उजैरुल्लाह नियाजई, अब्दुल अजीज, अकील खान, खातिर स्टानिकजई, नाजीफुल्लाह अमीरी, नूरिस्तानी उमरजई, रूहुल्लाह अरब, सलाम खान, वहीदुल्लाह जादरान, जैतुल्लाह शाहीन। **मैच दोपहर 1:00 बजे।**

## एशियाई ओलंपिक क्वालीफाइंग निशानेबाजी चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा भारत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत अगले साल दिल्ली में एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप (राइफल/पिस्टल) की मेजबानी करेगा, जिसमें 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए आठ कोटा स्थान दांव पर लगे होंगे। यह भारतीय निशानेबाजी के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि होगी क्योंकि वह पहले ही एक अन्य ओलंपिक क्वालीफायर की मेजबानी हासिल कर चुका है।

एशियाई प्रतियोगिता में ओलंपिक के लिए आठ स्थान अगले वर्ष 21 से 30 अप्रैल तक दिल्ली में होने वाले विश्व कप (राइफल/पिस्टल/शॉटगन) में उपलब्ध 12 कोटा स्थानों के अतिरिक्त होंगे। एशियाई निशानेबाजी परिसंघ (एएससी) ने भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ

- 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए आठ कोटा स्थान दांव पर लगे
- एशियाई निशानेबाजी परिसंघ ने एनआरएआई के अध्यक्ष को लिखे पत्र में की पुष्टि

(एनआरएआई) के अध्यक्ष कलिकेश सिंह देव को लिखे पत्र में इसकी पुष्टि की।

एनआरएआई ने बताया कि इसका आयोजन दिल्ली में होगा और इसकी तिथियों को जल्द अंतिम रूप दिया जाएगा। एएससी ने पत्र में कहा कि हम भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ को एशियाई राइफल/पिस्टल चैंपियनशिप 2027 की मेजबानी हासिल करने पर बधाई देते हैं, जहां लॉस एंजिल्स में 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए आठ कोटा स्थान वितरित किए जाएंगे।

टेनिस रैंकिंग

### अल्काराज ने दूसरे नंबर के खिलाड़ी यानिक सिनर से आगे रहते हुए एटीपी टूर पर अपनी नंबर एक रैंकिंग रखी बरकरार

# सबालेंका शीर्ष पर बरकरार, जोकोविच तीसरे स्थान पर पहुंचे



एरीना सबालेंका

**मेलबर्न, एजेंसी**

कार्लोस अल्काराज से ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में हारने वाले 24 बार के ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन नोवाक जोकोविच नवीनतम विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। अल्काराज ने दूसरे नंबर के खिलाड़ी यानिक सिनर से आगे रहते हुए एटीपी टूर पर अपनी नंबर एक रैंकिंग बरकरार रखी है। ऑस्ट्रेलियाई ओपन के सेमीफाइनल में सिनर को हराने वाले जोकोविच एक पायदान ऊपर तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। 38 वर्षीय जोकोविच अगस्त 2024 के बाद पहली बार शीर्ष तीन में शामिल हुए हैं।

डब्ल्यूटीए टूर पर एरीना सबालेंका ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में एलिना रिबाकिना से हारने के बावजूद अपनी शीर्ष रैंकिंग बरकरार रखी है। रिबाकिना रैंकिंग में दो स्थान ऊपर तीसरे स्थान पर पहुंच गईं,



कार्लोस अल्काराज

- रिबाकिना की दो पायदान की छलांग, इगा स्वियातेक दूसरे स्थान पर काबिज

जबकि इगा स्वियातेक दूसरे स्थान पर काबिज हैं। डब्ल्यूटीए रैंकिंग में चौथे से छठे स्थान पर तीन अमेरिकी खिलाड़ी अमांडा अनिसिमोवा, कोको गॉफ और जेसिका पेगुला हैं। सेमीफाइनल में हारने वाली एलिना स्वितोलिना दो पायदान चढ़कर 10वें स्थान पर पहुंच गईं हैं।

### अल्काराज ने रॉटरडैम से नाम वापस लिया

**रॉटरडैम।** ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन कार्लोस अल्काराज ने रॉटरडैम में होने वाले एबीएन एमरो ओपन से नाम वापस ले लिया है, टूर्नामेंट ने यह घोषणा की है। पिछले सीजन में एटीपी 500 इनडोर हार्ड-कोर्ट टाइटल जीतने वाले स्पेन के अल्काराज, एटीपी वेबसाइट के अनुसार, 9 से 16 फरवरी तक होने वाले इस इवेंट में अपना खिताब बचाने के लिए वापस नहीं आएंगे। अल्काराज की गैरमौजूदगी के बावजूद, रॉटरडैम के मैदान में दुनिया के नंबर 2 अलेक्जेंडर ज्वेरेव, फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे और एलेक्स डी मिनौर सहित कई टॉप खिलाड़ी खेलेंगे। अल्काराज ने करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने वाला सबसे कम उम्र का खिलाड़ी बनकर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने के एक दिन बाद अपना नाम वापस लिया है। अल्काराज ने रविवार को ऑस्ट्रेलियाई ओपन में जोकोविच को हराकर मेलबर्न में पहला टाइटल जीता था।

### भांबरी एटीपी युगल टॉप 20 में शामिल



युकी भांबरी

**चंडीगढ़।** राउंडग्लास टेनिस एकेडमी के एथलीट युकी भांबरी एटीपी रैंकिंग में नंबर 20 पर पहुंच गए हैं, जिससे वह रोहन बोपन्ना के बाद टॉप 20 में जगह बनाने वाले पहले भारतीय पुरुष डबल्स खिलाड़ी बन गए हैं और भारत के टॉप रैंक वाले डबल्स खिलाड़ी के तौर पर अपनी जगह पक्की कर ली है। युकी ने कई एटीपी टूर फाइनल में हिस्सा लिया है और ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन किया है। स्वीडन के आंद्रे गोरान्सन के साथ जोड़ी बनाकर, युकी ने साल के पहले ग्रैंड स्लैम, मेलबर्न में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में शानदार प्रदर्शन किया, तीसरे राउंड में पहुंचकर रैंकिंग पॉइंट्स हासिल किए जो उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाने के लिए ज़रूरी थे।